सूर्योदय : 6:02
सूर्यास्त : 6:20
अधिकतम तापमान : 34.5
न्यूनतम : 20.5

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-276 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, रविवार, 29 मार्च 2026
09 शव्वाल 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा




# नोएडा को बना दिया था लूट का एटीएम

**■ जेवर एयरपोर्ट के उद्घाटन पर पीएम मोदी का हमला**



**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के जेवर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनकर तैयार हो गया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इसका उद्घाटन किया। जिले में 25 साल पहले देखा गया नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का सपना इसी के साथ साकार हो गया। पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर पहले से तैयारियों को पूरा कराया गया था। दरअसल, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के निर्माण के लिए वर्ष 2001 में तत्कालीन मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने प्रयास शुरू किया था। उन्होंने इंटरनेशनल एयरपोर्ट एंड एविएशन हब का प्रस्ताव पारित किया। इसके बाद एयरपोर्ट निर्माण को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ ने कोशिश शुरू की। उनके प्रयासों के बाद एयरपोर्ट निर्माण का कार्य शुरू किया गया। पीएम मोदी ने उद्घाटन के बाद जेवर में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान वे प्रदेश में विकास कार्यों की चर्चा करते दिखे।

पीएम नरेंद्र मोदी ने जेवर एयरपोर्ट का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए सवाल किया कि क्या उद्घाटन हो गया। उन्होंने कहा कि अभी आधा उद्घाटन हुआ है। आप सभी हाथ में मोबाइल की लाइट जलाकर एयरपोर्ट का उद्घाटन करें। पीएम मोदी के आह्वान पर तमाम लोगों ने मोबाइल की लाइट जलाई। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि अब उद्घाटन हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में आए युवाओं की तरफ इशारा करते हुए कहा कि इस भीड़ को यहां अपना भविष्य नजर आ रहा है। इस एयरपोर्ट के उद्घाटन के साथ यूपी पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला प्रदेश बन गया है। इस एयरपोर्ट के शिलान्यास और उद्घाटन का कार्य आपने मुझे दिया। मैंने आपके हाथों से इसका उद्घाटन किया। यह एयरपोर्ट आपकी अमानत है। इससे विकसित यूपी का नया अध्याय शुरू हुआ है।

समाजवादी पार्टी पर बड़ा हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी सरकार ने नोएडा को लूट और वसूली का एटीएम बना लिया था। केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार ने पिछले एक माह में पश्चिमी उत्तर प्रदेश को चार बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी है। यह इस क्षेत्र के युवाओं को रोजगार के अवसर देने वाली होगी। समाजवादी पार्टी सरकार पर हमला करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि पूर्व की सरकार सत्ता जाने के डर से नोएडा को उसके हाल पर छोड़ दिया था। उन्होंने कहा कि हमें भी डराने का प्रयास किया गया कि मोदी जी, अभी प्रधानमंत्री बने हो, नोएडा के कार्यक्रम में मत जाओ। आज वही नोएडा दुनिया का स्वागत करने के लिए तैयार है। गन्ना किसानों की स्थिति का जिक्र करते हुए पीएम ने कहा कि पहले बकाया का भुगतान के लिए उन्हें विकट परिस्थिति का सामना करना पड़ता था। डबल इंजन की सरकार ने भुगतान को सहज बनाया।

### महज 35 दिनों में वेस्ट यूपी को मिल गए 4 बड़े प्रोजेक्ट

पश्चिमी उत्तर प्रदेश को इनदिनों लगातार तोहफे मिल रहे हैं। पिछले 35 दिनों के भीतर चार बड़ी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 मार्च को जेवर स्थित देश के सबसे बड़े नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शुभारंभ किया। 5 हजार एकड़ से ज्यादा एरिया में फैले इस एयरपोर्ट पर विमानों का संचालन जून से शुरू हो जाएगा। इससे पहले नोएडा में ही सेमी कंडक्टर फैक्ट्री का शिलान्यास हुआ था। इसी तरह दिल्ली से मेरठ के बीच चलने वाली नमो भारत ट्रेन और मेरठ मेट्रो की शुरुआत भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही की है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि केंद्र और यूपी की भाजपा सरकार ने पिछले 35 दिनों के भीतर पश्चिमी उ?तर प्रदेश को चार बड़ी परियोजनाओं की सौगात दी है।

### जेवर एयरपोर्ट से यूपी को मिलेगी नई पहचान और रफ्तार : सीएम योगी

**जेवर।** उत्तर प्रदेश के जेवर में आज देश के एविएशन सेक्टर को नई ऊंचाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पहले चरण का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह एयरपोर्ट 'नए भारत' की बदलती तस्वीर का सशक्त उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट से यूपी को नई पहचान और रफ्तार मिलेगी। उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट उत्तर प्रदेश को वैश्विक कनेक्टिविटी के साथ विकास की नई दिशा देगा।

मुख्यमंत्री ने पिछले एक दशक में केंद्र सरकार की नीतियों का जिक्र करते हुए कहा कि योजनाओं को केवल कागजों तक सीमित नहीं रखा गया, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर परिणाम दिए गए। उन्होंने पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतों और आपूर्ति को लेकर केंद्र के फैसलों को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में कीमतों को नियंत्रित रखना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले जिन हालातों में उत्तर प्रदेश विकास की दौड़ में पिछड़ गया था, आज वही प्रदेश तेजी से आगे बढ़ते हुए नई पहचान बना रहा है।

# असम में अमित शाह ने झोकी ताकत

**■ गुवाहाटी में भाजपा प्रत्याशी के लिए किया रोड शो**



**गुवाहाटी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के अपने दो-दिवसीय दौरे की शुरुआत यहां रोड शो से की। उन्होंने राज्य में नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के समर्थन में यह रोड शो किया। शाह ने जलुकबाड़ी सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा उम्मीदवार मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, विजय कुमार गुप्ता (गुवाहाटी सेंट्रल), डिप्लू रंजन शर्मा (न्यू गुवाहाटी), प्रद्युत बोरदोलोई (दिसपुर) और असम गण परिषद (अगप) उम्मीदवार तपन दास (दिमोरिया) के समर्थन में रोड शो किया।

शर्मा को छोड़कर, अन्य उम्मीदवार और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया शाह के साथ रोड शो में शामिल हुए। यह रोड शो आर्य विद्यापीठ कॉलेज के मैदान से शुरू होकर गुवाहाटी के मध्य विधानसभा क्षेत्र के नेपाली मंदिर प्वॉइंट पर समाप्त हुआ। ए के आजाद रोड पर रोडशो के दौरान करीब दो किलोमीटर की दूरी तय की गई।

भाजपा के पोस्टरों से सजी खुली एसयूवी पर खड़े शाह का रास्ते भर मौजूद उत्साही भीड़ और पार्टी समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया। 'एक्स' पर रोड शो का वीडियो साझा किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री शनिवार शाम को राज्य की राजधानी पहुंचे। अपने दो-दिवसीय दौरे के दौरान, वह कई चुनावी रैलियों को संबोधित करने के साथ-साथ भाजपा के शीर्ष पदाधिकारियों से भी मुलाकात करेंगे।

### बंगाल चुनाव : अमित शाह के 'आरोपपत्र' के जवाब में टीएमसी ने जारी किया दस्तावेज



**■ भाजपा के राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा पर उठाए सवाल**

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शनिवार को ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ 'आरोपपत्र' जारी करने के कुछ घंटे बाद तृणमूल कांग्रेस ने इसी तरह का दस्तावेज जारी किया और भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाए। तृणमूल कांग्रेस ने इसमें भाजपा पर चुनावी राज्य पश्चिम बंगाल में ध्रुवीकरण करने और महिलाओं की सुरक्षा सहित कई मुद्दों पर अपने कदमों के लिए जवाबदेही से बचने का आरोप लगाया गया। शाह की प्रेसवार्ता के कुछ घंटों बाद, तृणमूल कांग्रेस नेताओं ने मणिपुर में लंबे समय से जारी हिंसा, भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा और अवैध अप्रवासन से निपटने के केंद्र के तरीके को लेकर भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार से सवाल किए। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ब्रत्य बसु, महुआ मोइत्रा और कीर्ति आजाद ने एक संयुक्त प्रेसवार्ता की, जहां तीनों ने महिलाओं की सुरक्षा पर तृणमूल सरकार की आलोचना करने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री को निशाना बनाया। तृणमूल कांग्रेस सांसद मोइत्रा ने कहा, अमित शाह महिलाओं की सुरक्षा की बात कर रहे हैं। भाजपा शासित राज्यों में महिलाओं की सुरक्षा की क्या स्थिति है?

# भाजपा का भ्रष्ट प्रबंध, सात में से छह नए एयरपोर्ट हुए बंद

**■ अखिलेश यादव का बीजेपी पर तंज**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में हाल के वर्षों में जिन सात हवाई अड्डों का उद्घाटन किया गया, उनमें से छह आज तक चालू नहीं हुए हैं।

अखिलेश यादव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'देखो भाजपा का भ्रष्ट प्रबंध सात में से छह नये हवाई अड्डे बंद! उत्तर प्रदेश के बाकी हवाई अड्डों का क्या हाल है 'घास हटवाकर' ये भी तो देख लिया जाए।' उन्होंने चित्रकूट, कुशीनगर व आजमगढ़ के हवाई अड्डों का भी उल्लेख किया और आरोप लगाया गया कि हाल ही में खोले गए कई हवाई अड्डों पर निर्धारित उड़ान परिचालन बंद कर दिया गया है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन के दौरान की गई टिप्पणी का जवाब दिया। मोदी ने समाजवादी पार्टी की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि सपा कार्यकाल के दौरान नोएडा को 'लूट के लिए एटीएम' में बदल दिया गया था।

### अपने लोगों को ठेके देकर होती है कमाई

पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा परियोजनाएं मुख्य रूप से चुनिंदा ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए शुरू की जा रही हैं। अखिलेश यादव ने कहा, भाजपा में अरबों का निर्माण सिर्फ अपनों को ठेके बांटकर, कमाई को बांटने के लिए होता है। इन्हें न तो कोई हवाई अड्डा चलाना है, न उड़ान योजना में कोई हवाई जहाज उड़ाना है, इन्हें तो बस कमाना है।

# ईरानी अखबार ने छापा, नर्क में स्वागत है

**■ फ्रंट पेज पर अमेरिका के लिए छापी चेतावनी**


TEHRAN TIMES

Welcome to Hell

US troops who step foot on Iranian soil will leave only in a coffin

**नई दिल्ली।** ईरान के 'तेहरान टाइम्स' अखबार के पहले पन्ने पर शनिवार को वॉशिंगटन के लिए एक खुली चेतावनी छपी मिली। इसका टाइटल 'नर्क में आपका स्वागत है' दिया गया। इसमें कहा गया है कि कोई भी अमेरिकी सैनिक जो ईरानी जमीन पर कदम रखेगा, वह 'सिर्फ ताबूत में ही वापस जाएगा'। यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब अमेरिकी मीडिया ने बताया कि अमेरिका मध्य-पूर्व में 10,000 तक अतिरिक्त सैनिक तैनात करने पर विचार कर रहा है।

**ईरान के अंदर जमीनी कार्रवाई को लेकर अटकलें तेज :** इस कदम से यह अटकलें तेज हो गई हैं कि वॉशिंगटन ईरान के अंदर जमीनी कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। इस संभावित तैनाती से इस क्षेत्र में अमेरिका की सैन्य मौजूदगी में भारी बढ़ोतरी होगी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार यह जोर देकर कह रहे है कि तेहरान वॉशिंगटन के साथ शांति वार्ता में लगा हुआ है, जिसका मकसद संघर्ष को खत्म करना है।

**खार्ग द्वीप के आस-पास सेना तैनात करने की सुगबुगाहट :** वैसे तो ट्रंप लगातार यह कहते रहे हैं कि उनका ईरान में सेना भेजने का कोई इरादा नहीं है। इसलिए यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि ये अतिरिक्त अमेरिकी सैनिक कहां तैनात किए जाएंगे। वॉल स्ट्रीट जर्नल की मानें तो सैनिकों को ईरान और खार्ग द्वीप के आस-पास तैनात किया जाएगा। बता दे कि खार्ग द्वीप ईरानी तट से कुछ ही दूरी पर स्थित एक महत्वपूर्ण तेल-निर्यात टर्मिनल है।

### जवाबी कार्रवाई में तेहरान हूती सहयोगियों को करेगा सक्रिय

वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार, इन अतिरिक्त सैनिकों का मकसद ट्रंप को मध्य-पूर्व में सैन्य विकल्पों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराना है। युद्ध के क्षेत्र में ये अतिरिक्त सैनिक उन हजारों पैराट्रूपर्स और मरीन सैनिकों के साथ शामिल हो जाएंगे। जिन्हें पहले ही इस क्षेत्र में भेजा जा चुका है। एक ईरानी अधिकारी ने बुधवार को कहा था कि तेहरान किसी भी अमेरिकी आक्रमण का जवाब यमन में अपने हूती सहयोगियों को सक्रिय करके देगा। हूतियों को लाल सागर में जहाजों पर हमले फिर से शुरू करने का निर्देश दिया जाएगा, जिससे युद्ध का एक नया मोर्चा खुल जाएगा।

### माफिया मुख्तार पर हमले के आरोपी बृजेश सिंह समेत पांच आरोपी बरी

**लखनऊ।** मुख्तार अंसारी पर 22 वर्ष पहले जानलेवा हमले के मामले में राजधानी लखनऊ की एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश हरबंस नारायण ने पूर्व एमएलसी बृजेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, आनंद राय, सुनील राय और अजय सिंह को दोषमुक्त कर दिया है। कोर्ट ने देर शाम आरोपियों को बरी करते हुए कहा कि अभियोजन आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित नहीं कर पाए। इसके पहले बृजेश सिंह, आनंद राय और सुनील राय कोर्ट में हाजिर हुए। जबकि, अन्य मामले में मिर्जापुर जेल में बंद त्रिभुवन सिंह और वाराणसी जेल में बंद अजय सिंह को पुलिस सुरक्षा के बीच कोर्ट में पेश किया गया।

मऊ के विधायक मुख्तार अंसारी ने कैंट थाने में 13 जनवरी 2004 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एफआईआर के जरिये उन्होंने बताया था कि वह कार से जा रहे थे। लखनऊ के कैंटोमेंट चौराहे पर पहले से मौजूद विधायक कृष्णानंद राय ने रायफल, त्रिभुवन सिंह एके 47, बृजेश सिंह एसएलआर और अजय सिंह पिस्टल लेकर अपनी कार से उतरे और उनकी गाड़ी पर फायरिंग करने लगे थे।

# यूपी विकास और विश्वास की नई पहचान बनकर उभरा : पंकज चौधरी

**■ नोएडा हवाई अड्डा पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच का जीवंत प्रमाण**



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने शनिवार को नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश आज विकास, विश्वास और वैश्विक संभावनाओं की नई पहचान बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी ने लगभग 11,200 करोड़ रुपये के निवेश से विकसित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रथम चरण का उद्घाटन किया।

भाजपा मुख्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक, चौधरी ने कहा कि नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन केवल एक आधारभूत परियोजना का लोकार्पण नहीं बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के भविष्य, प्रदेश की अर्थव्यवस्था और विकसित भारत के संकल्प को नई ऊंचाई देने वाला ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा, 'यह हवाई अड्डा प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच, मजबूत नेतृत्व और उप्र को देश के सबसे विकसित राज्यों में स्थापित करने की प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है।' भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष ने कहा कि नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा पश्चिमी उत्तर प्रदेश सहित पूरे प्रदेश के लिए उद्योग, व्यापार, पर्यटन, निर्यात, लॉजिस्टिक्स, निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगा।

### युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

चौधरी ने कहा कि यह परियोजना लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित करेगी, किसानों को बाजार से जोड़ेगी, व्यापारियों को नई सुविधा देगी और निवेशकों के लिए उत्तर प्रदेश को अधिक आकर्षक बनाएगी।

## प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर अटैक, 10 अमेरिकी सैनिक घायल

# सऊदी अरब में ईरान का मिसाइल हमला

**■ कई रिफ्यूलिंग विमान हुए क्षतिग्रस्त**

**वाशिंगटन।** ईरान की ओर से सऊदी अरब स्थित एक सैन्य अड्डे पर किए गए मिसाइल हमले में कम से कम 10 अमेरिकी सैनिक घायल हो गए तथा कई विमानों को भी नुकसान पहुंचा है। इस घटना से अवगत दो अमेरिकी अधिकारियों ने नाम न उजागर करने की शर्त पर यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि घायलों में से दो सैनिकों की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर हुए इस हमले में अमेरिकी वायुसेना के ईंधन भरने वाले कई विमान क्षतिग्रस्त हो गए। विमानों को हुए नुकसान को दर्शाती उपग्रह तस्वीरें भी ऑनलाइन साझा की गईं।

ईरानी मिसाइल और ड्रोन से किए गए ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक दिन पहले कहा था कि ईरान 'पूरी तरह तबाह' हो चुका है और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने दावा किया था कि 'लिखित इतिहास में कभी भी किसी देश की सैन्य शक्ति को इतनी तेजी से और इतने प्रभावी ढंग से निष्क्रिय नहीं किया गया।'

इससे पहले, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने शुक्रवार को कहा था कि एक महीने से जारी इस संघर्ष में 300 से अधिक सैनिक घायल हुए हैं। इनमें से अधिकतर स्वस्थ होकर फिर से ड्यूटी पर लौट चुके हैं, जबकि 30 अब भी सेवा के लिए योग्य नहीं हैं और 10 को गंभीर रूप से घायल माना जा रहा है। यह पहली बार नहीं है जब प्रिंस सुल्तान एयर बेस को ईरान ने निशाना बनाया हो। एक मार्च को हुए हमले में अमेरिकी सेना के 26 वर्षीय सार्जेंट बेंजामिन एन. पेनिंगटन घायल हो गए थे और कुछ दिनों बाद उनकी मौत हो गई। वह इस युद्ध में मारे गए 13 अमेरिकी सैनिकों में शामिल हैं।

### अबू धाबी में मिसाइल की चपेट में आने से पांच भारतीय घायल

**■ भारतीय दूतावास ने जताया शोक**



**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की वायु रक्षा प्रणाली द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को उसके लक्ष्य पर पहुंचने से पहले मार गिराए जाने के बाद 'खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी' के आसपास उसका मलबा गिरने से पांच भारतीय घायल हो गए। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह खबर दी। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में बताया कि प्राधिकारियों ने इस घटना में पांच भारतीय नागरिकों के घायल होने की पुष्टि की है।

कार्यालय ने कहा, ''संबंधित प्राधिकारी जनता से अपील करते हैं कि वे केवल आधिकारिक स्रोतों से ही जानकारी प्राप्त करें और अफवाहों या अपुष्ट सूचनाओं के प्रसार से बचें।'' इससे पहले उसने खबर दी थी कि अधिकारी 'खलीफा इकोनॉमिक जोंस अबू धाबी' के आसपास आग लगने की उन दो घटनाओं पर कार्रवाई कर रहे हैं जो वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा एक बैलिस्टिक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोके जाने के बाद मलबा गिरने से हुईं। इससे पहले बृहस्पतिवार को यूएई की हवाई रक्षा प्रणाली द्वारा रोकी गई मिसाइलों का मलबा अबू धाबी की एक सड़क पर गिरने के बाद उसकी चपेट में आने से एक भारतीय समेत कम से कम दो लोगों की मौत हो गई थी और तीन अन्य घायल हो गए थे। अबू धाबी मीडिया कार्यालय ने बताया था कि इस घटना में मारा गया दूसरा व्यक्ति पाकिस्तानी नागरिक था जबकि तीन अन्य घायलों में भी एक भारतीय शामिल है।

### तलाक के मामलों में विदेशी कोर्ट के फैसले मान्य नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला सुनाया है, जिसमें विदेशी तलाक के फैसलों पर कानूनी स्थिति साफ की गई है। खासकर उन मामलों में जो हिंदू विवाह अधिनियम के तहत आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के एक फैसले को रद्द कर दिया और कहा कि किसी विदेशी कोर्ट द्वारा ऐसे आधार पर दिया गया तलाक, जिसे भारतीय कानून मान्यता नहीं देता, भारत में वैध या बाध्यकारी नहीं माना जा सकता।

इसके साथ ही, कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इस जोड़े को अंतिम तलाक दे दिया। यह देखते हुए कि वे लगभग 18 सालों से अलग रह रहे थे। इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। यह विवाद भारत में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई एक शादी से जुड़ा था, जो बाद में अमेरिका और भारत, दोनों जगहों पर तलाक की समानांतर कार्यवाही का विषय बन गया। सुप्रीम कोर्ट ने वाई. नरसिम्हा राव बनाम वाई. वेंकट लक्ष्मी के ऐतिहासिक फैसले का हवाला दिया और साफ तौर पर बताया कि अमेरिका की कोर्ट फैसला भारत में क्यों स्वीकार नहीं की सकती है।

# ईरान युद्ध के बीच राजनाथ सिंह ने की हाई लेवल मीटिंग



**■ पश्चिम एशिया संकट पर अहम चर्चा**

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार शाम को पश्चिम एशिया संकट पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह की पहली बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, भारत के परमाणु ऊर्जा राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह मौजूद रहे।

इस बैठक में देश में ईंधन की कमी, एलपीजी क्राइसिस से लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है। हालांकि, कुछ देर में बैठक से जुड़ी अहम बातें सामने निकलकर आएंगी। बता दें कि 27 मार्च को ही राजनाथ सिंह की अगुवाई में इंटर-मिनिस्ट्रियल ग्रुप का गठन हुआ था।

बता दें कि इससे पहले बीते शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की थी। इस बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने दो टूक में साफ-साफ कह दिया कि देश में कहीं भी लॉकडाउन नहीं लगने वाला है। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ एक्शन लेने का आदेश दिया।

### पीएम मोदी ने सऊदी के क्राउन प्रिंस से की बात

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। प्रधानमंत्री मोदी ने सऊदी अरब के ऊर्जा बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की निंदा की। मोदी ने एक्स पर लिखा, सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस और प्रधानमंत्री, महामहिम प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बात की और पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर चर्चा की। मैंने बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों की भारत की निंदा को दोहराया।

# जेवर एयरपोर्ट से बदलती नजर आएगी सहारनपुर की तस्वीर, विकास को मिलेगी नई उड़ान

**एक लाख करोड़ रूपये की अर्थव्यवस्था को गति देगा जेवर एयरपोर्ट, सहारनपुर को भी मिलेगा लाभ**

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर के लोकार्पण के साथ ही पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विकास की नई कहानी लिखनी शुरू हो गई है। अब तक गुरुग्राम और नोएडा तक सीमित विकास का दायरा अब आगे बढ़ेगा और इसका सीधा असर सहारनपुर में भी साफ दिखाई देगा। आने वाले समय में यहां विकास होगा, निवेश बढ़ेगा और हर क्षेत्र में बदलाव दिखेगा।

जेवर एयरपोर्ट के शुरू होने से जनपद के विकास का नक्शा बदलता नजर आएगा। नोएडा से जेवर होते हुए पश्चिमी यूपी एवं सहारनपुर तक एक नया विकास गलियारा बनेगा, जिसमें सहारनपुर एक अहम कड़ी के रूप में उभरेगा। सहारनपुर की सबसे बड़ी ताकत उसकी कनेक्टिविटी है और यही अब उसका सबसे बड़ा लाभ बनेगा। सहारनपुर व्यापार और लॉजिस्टिक्स के नए केंद्र के रूप में उभरता दिखाई देगा। 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' जैसी योजनाओं को भी नई गति मिलेगी और स्थानीय कारीगरों तथा उद्यमियों को बड़ा बाजार मिलेगा। प्रधानमंत्री द्वारा जेवर में अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन से विदेशों में सामान को निर्यात करने में फायदा मिलेगा और भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में जनपद के उत्पादों की महत्वपूर्ण भूमिका नजर आएगी। विकसित भारत को प्राप्त करने में जनपद एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा।

उद्योगों के लिए भी सहारनपुर अब नया विकल्प बनकर सामने आएगा। नोएडा और आसपास के क्षेत्रों में जमीन महंगी होने के कारण उद्योग सस्ती और कनेक्टिव जगहों की ओर रुख करेंगे। जेवर एयरपोर्ट और उससे जुड़े उद्योगों के कारण हजारों रोजगार के अवसर पैदा होंगे। अब युवाओं को नौकरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वे अपने जिले में ही रोजगार पा सकेंगे। एविएशन, होटल, ट्रांसपोर्ट और सर्विस सेक्टर में नए मौके खुलेंगे।

जेवर एयरपोर्ट की विशेषताएं इसे और खास बनाती हैं। शुरुआती चरण में लगभग 1.2 करोड़ यात्रियों की क्षमता, भविष्य में 7 करोड़ तक विस्तार, 2.5 लाख टन से 15 लाख टन तक कार्गो क्षमता, मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी, डिजियात्रा जैसी डिजिटल सुविधाएं और लॉजिस्टिक्स हब इसे प्रदेश का आर्थिक इंजन बनाते हैं। यह एयरपोर्ट ग्रीन एनर्जी और नेट जीरो एमिशन के सिद्धांत पर आधारित है, जो इसे आधुनिक और पर्यावरण के अनुकूल बनाता है।

आज देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित और माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में तैयार यह परियोजना उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ाएगी। यह एयरपोर्ट 1 लाख करोड़ रूपये से अधिक का आर्थिक योगदान देगा और 'लोकल से ग्लोबल' की सोच को मजबूत करेगा।

जनपद सहारनपुर के लिए यह एयरपोर्ट एक बड़ा अवसर साबित होगा। यहां के उत्पाद राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों तक पहुंचेंगे। उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलेगी। निवेश बढ़ेगा, रोजगार बढ़ेंगे और जिले की पहचान बदलेगी। अब जेवर एयरपोर्ट विकास का इंजन बनेगा और सहारनपुर उसकी रफ्तार के साथ आगे बढ़ेगा। अब सहारनपुर में बदलाव होगा, तेजी से होगा और हर क्षेत्र में दिखेगा। जो आज संभावना है, वही कल सहारनपुर की नई पहचान बनेगा।

## संकटा देवी पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं




**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** शहर के संकटा देवी पेट्रोल पंप पर ऑनलाइन भुगतान स्वीकार नहीं की सूचना लगने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं।

## श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया देवी मां की मूर्तियों का विसर्जन

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** चैत्र नवरात्र के समापन के बाद शनिवार को शहर में देवी मां की मूर्तियों का विसर्जन श्रद्धा और उल्लास के साथ किया गया। संकटा देवी मंदिर में सजे माता के दरबार से मूर्तियों को पूरे विधि-विधान के साथ विदा किया गया। विसर्जन से पहले मंदिर कमेटी और श्रद्धालुओं ने शहर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा सराफा बाजार, सदर चौराहा, मेन रोड और इमली चौराहा होते हुए मेला रोड तक पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भजन-कीर्तन करते हुए झूमते नजर आए और गुलाल उड़ाकर उत्सव का माहौल बनाया। मेला रोड से वाहनों के माध्यम से मूर्तियों को शारदानगर नदी ले जाया गया, जहां श्रद्धालुओं ने आस्था के साथ उनका विसर्जन किया।

## गोला गोकर्णनाथ शहर में छोटी काशी कॉरिडोर परिसर से एक बड़ी लापरवाही आई सामने

**लखीमपुर-खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** गोला गोकर्णनाथ शहर में छोटी काशी कॉरिडोर परिसर से एक बड़ी लापरवाही सामने आई है। शनिवार सुबह वीआईपी द्वार के निर्माण कार्य के दौरान अखिलेश नाम का एक मजदूर ऊंचाई से गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया और घायल मजदूर को उपचार के लिए भेजा गया। निर्माण स्थल पर 100 से अधिक मजदूर कार्यरत हैं, लेकिन किसी के पास भी बुनियादी सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट या सेफ्टी किट नहीं दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि सैकड़ों मजदूर बिना किसी सुरक्षा इंतजाम के ऊंचाई पर काम कर रहे हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है सबसे बड़ी बात यह है कि इस कॉरिडोर का प्रदेश से लेकर जिला स्तर तक के अधिकारी समय-समय पर निरीक्षण करते हैं, लेकिन इसके बावजूद मजदूरों की सुरक्षा को लेकर कोई ठोस व्यवस्था नजर नहीं आती। चिंताजनक यह भी है कि अधिकारियों के दौरों के दौरान भी सुरक्षा मानकों की अनदेखी लगातार जारी रही।अधिकारियों के बयान में विरोधाभास-कार्यदायी संस्था यूपीपीसीएल के एपीएम पवन कुमार का कहना है कि उन्हें इस घटना की जानकारी नहीं है और वह वर्तमान में लखनऊ में हैं। वहीं, जेई विवेक सिंह और जेई विवेक कुमार के बयानों में भी विरोधाभास सामने आया है। विवेक सिंह के अनुसार मजदूर को हल्की चोटें आई थीं और प्राथमिक उपचार के बाद वह वापस काम पर लौट आया, जबकि जेई विवेक कुमार का कहना है कि घायल मजदूर को प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ भेजा गया है।

## 2000 से 2500 रुपये तक की चोरी छुपे बेचा जा रहा है ब्लैक में सिलिंडर

**लखीमपुर खीरी। (अवधनामा संवाददाता)** रमियाबेहड़ में शनिवार को भारत गैस एजेंसी पर एलपीजी सिलिंडर के लिए उपभोक्ताओं की सुबह सात बजे से ही लंबी लाइन लग गई। उपभोक्ताओं के मुताबिक क्षेत्र में गैस सिलिंडर की कालाबाजारी का खेल चल रहा है। 2000 से 2500 रुपये तक की कीमत में चोरी छुपे सिलिंडर को ब्लैक में बेचा जा रहा है। सिलिंडर न मिलने के कारण आम उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं उपभोक्ता घरों में प्रयोग के लिए एक-एक सिलिंडर के लिए इधर-उधर दौड़ भाग कर रहे हैं। आरोप है कि रमियाबेहड़, ढखेरवा, पढुआ, अभयपुर, तेलियार, कफारा समेत अन्य क्षेत्रों में होटलों पर धड़ल्ले से घरेलू गैस सिलिंडर का उपयोग किया जा रहा है। जिस पर जिम्मेदार आंख बंद कर मौन है।

## पुरानी पेंशन बहाली हेतु जनपद में होगी संगोष्ठी- कृष्ण कुमार राय

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ जीईएनसी भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार राय ने कहा कि आगामी अप्रैल माह में पुरानी पेंशन बहाली संगोष्ठी एवं जिला अधिवेशन किया जाएगा, जिसमें जनपद के शिक्षक कर्मचारियों के साथ-साथ प्रदेश एवं अखिल भारतीय पदाधिकारी भी सम्मिलित रहेंगे।

श्री राय आज यहां भूतेश्वर इंटर कॉलेज में जनपद के संगठन के पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। जिला मंत्री आनंद प्रकाश त्यागी ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली ही शिक्षक कर्मचारियों का बुढ़ापे का सहारा है जिसके लिए उत्तर प्रदेश राज्य कर्मचारी संगठन आगामी अप्रैल माह में एक संगोष्ठी व जिला अधिवेशन करने जा रहा है, जिसको सफल बनाने का हमारा कर्तव्य होगा। तरुण भोला ने कहा कि संगठन शिक्षक कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली हेतु सदा गंभीरता के साथ कार्य करता है। अखिल भारतीय मंत्री एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी धर्मेंद्र धवलहर ने आगामी कार्यक्रमों में सभी शिक्षकों कर्मचारियों को हिस्सा लेकर सफल बनाने का आह्वान किया। अध्यक्षता मंडल प्रभारी तरुण भोला एवं संचालन आनंद पुंडीर ने किया। बैठक में सौरभ गौतम, प्रदीप कांबोज, रिंकू कश्यप, बिशनलाल, इसम सिंह एवं संगीता रानी उपस्थित रही।

## कुर्की और सीलिंग से बचने के बस तीन दिन




**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** बस तीन दिन बाकि रह गए हैं प्रोपर्टी की कुर्की या सील होने की कार्रवाई से बचने और 20 प्रतिशत छूट का फायदा उठाने के। 31 मार्च तक जो लोग अपने भवनों का टैक्स जमा करा देंगे वे न केवल उक्त दंडात्मक कार्रवाई से बचेंगे बल्कि 20 प्रतिशत छूट का लाभ भी ले सकेंगे। कर अधीक्षक सुधीर शर्मा ने बताया कि नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर 31 मार्च तक नगर निगम का हाउस टैक्स विभाग जनता की सुविधा के लिए लगातार खुलेगा, यहां तक कि रविवार अवकाश वाले दिन भी खोला जायेगा। उन्होंने बताया कि जिन भवन स्वामियों को नोटिस या जीआईएस बिल या कुर्की नोटिस आदि पर आपत्ति है वे नगर निगम पहुंचकर स्वतः कर निर्धारण का फॉर्म भरकर अपनी आपत्ति दर्ज कराते हुए आपत्ति का निस्तारण कराएं तथा अपना बिल जमा कराएं। 31 मार्च तक जमा कराये जाने वाले बिलों पर 20 प्रतिशत की छूट का लाभ भी भवन स्वामियों को मिलेगा। कर अधीक्षक ने बताया कि 31 मार्च के बाद बकायेदारों को कुर्की, भवन को सील करने की दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है। 31 मार्च के बाद 20 प्रतिशत की छूट भी नहीं मिलेगी और बकाया बिल पर 12 प्रतिशत ब्याज भी देय होगा। उन्होंने बताया कि 20 प्रतिशत की छूट तथा उक्त दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए भवन स्वामियों के पास केवल तीन दिन शेष हैं।

## विनियमन समीक्षा समिति का जनपद में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित

**सहारनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह ने संबंधित सभी विभागों को निर्देश दिए कि विगत 03 वर्षों में सदन में लगाये गये प्रकरणों के संबंध में समिति विधान मण्डल के 2026 के द्वितीय सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। इसलिए सभी विभाग स्पष्ट विवरण एवं आख्या दें। उन्होने कहा कि विवरण एवं आख्या प्रमाणित होनी चाहिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी प्रशासन संतोष बहादुर सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति के जनपद में 08 एवं 09 अप्रैल को प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम तथा समीक्षा बैठक की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में आवास एवं शहरी नियोजन, आबकारी, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, गृह, राजस्व, पंचायती राज, बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उच्च शिक्षा, ऊर्जा, सहकारिता, नगर विकास, जल शक्ति, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, परिवहन, समाज कल्याण, लोक निर्माण विभाग, ग्राम्य विकास, वन विभाग, औद्योगिक विकास, सिंचाई, खाद्य एवं रसद, नमामि गंगे, पर्यावरण, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास, अल्प संख्यक कल्याण, खनन, पशुधन, बाल विकास एवं पुष्टहार, नेडा आदि विभागों के बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। बैठक में पीडीडीआरडीए प्रणय कृष्ण, जिला पंचायत राज अधिकारी प्रदीप कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविन्द कुमार पाठक, जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश प्रताप सिंह, संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों को साईबर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट से बचने के उपाय बताये

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों को साईबर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट से बचने के उपाय सुझाये गये तथा बैंक सम्बन्धी योजनाओं एवं वित्तीय मैनेजमेंट पर जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

रेलवे पेंशनर्स समाज के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारतीय स्टेट बैंक के नवनीत कुमार तथा आकाशवाणी से बलराम सिंह अहलूवालिया ने वरिष्ठ नागरिकों को साईबर फ्राड, डिजिटल अरेस्ट से बचने के उपाय बताये। उन्होंने कहा कि इस योजना में सीनियर सिटीजन वैलफेयर सोसायटी का चयन किया गया है। इसके उपरान्त आगामी कार्यक्रम जनसभा/चौपाल



''सामुदायिक देखभाल को बढावा देना'' विषय पर आयोजित किया जायेगा तथा एक कार्यक्रम स्कूली छात्रों के लिये ''परिवारों में दादा-दारी/नाना-नानी का महत्व'' विषय पर ज्वाला नगर में एक स्कूल में आयोजित किया जाना प्रस्तावित है।

संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष केएल अरोड़ा ने बताया कि सीनियर सिटीजन्स डिजिटल अरेस्ट तथा साइबर फ्राड के लिये बहुत सॉफ्ट टारगेट होते हैं। ऐसे में हमारा दायित्व है कि वरिष्ठ नागरिकों तक सही जानकारी पहुंचे और वह सतर्क रहे।

संस्था अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, महासचिव अनिल तलूजा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष आरके जैन, अध्यक्ष अजय अत्री, महासचिव अरूण सूरी, कोषाध्यक्ष अरूण प्रकाश शर्मा, आरपी शर्मा ने भी वरिष्ठ नागरिकों को साइबर फ्रॉड विषय पर अपने अपने विचार व्यक्त किये।

इस दौरान जय नारायण शर्मा, एनएस चौहान, मूलचंद रागंडा, अमरनाथ त्यागी, देवेन्द्र कुमार, विजय कुमार तलवार, अश्वनी अग्रवाल, दिनेश दत्त, जगदीश प्रकाश, निसार अहमद, अजीत सिंह राणा, ओम प्रकाश, फूल सिंह, सत्यपाल सिंह, अशोक अरोड़ा, महीपाल सिंह, सोमदत्त, सुमेर चंद, सोमवती, रकम सिंह, विजय पाल सिंह, बृजेन्द्र सिंह, राजेन्द्र कपूर, वीके शर्मा, वीके त्यागी, शिवराज सिंह, अमरनाथ, दीप कुमार, राम प्रकाश शर्मा, संजीव छाबडा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आरसी शर्मा ने किया।

## विदाई समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक के उत्कृष्ट कार्यो को सराहा

**सहारनपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव के पुलिस अधीक्षक यातायात गोरखपुर पद पर स्थानांतरण होने के उपलक्ष्य में भावपूर्ण विदाई समारोह में उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यो को स्मरण कर सराहना की गई।

विदाई समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन व अन्य अधिकारियों अमित कुमार श्रीवास्तव को पुष्प भेंट कर सम्मानपूर्वक विदाई दी तथा उनके कार्यकाल के दौरान किए गए उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। अधिकारियों ने उनके कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित एवं उत्कृष्ट नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह के अंत में अमित कुमार श्रीवास्तव ने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने कार्यकाल के अनुभव को साझा किया।

# नेशनल मुस्लिम एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

### समोह में मेधावी छात्र-छात्राओं और खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नेशनल मुस्लिम एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम वितरण एवं भव्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के दौरान मेधावी बच्चों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

निशात रोड, इब्राहिमाबाद स्थित नेशनल मुस्लिम एकेडमी के प्रांगण में आयोजित समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट अमजद अली खान ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि संस्थापक शमशाद अली खान साहब ने जिस विजन और सेवा भाव के साथ इस एकेडमी की नींव रखी थी, आज वह फलीभूत हो रही है। शिक्षा के साथ-साथ अनुशासन और खेलकूद बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अनिवार्य हैं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में कड़ी मेहनत ही सफलता का एकमात्र मूल मंत्र है।

विशिष्ट अतिथि शब्बर खान ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हार-जीत जीवन का हिस्सा है, जो छात्र आज पीछे रहे हैं वे कल और मेहनत कर आगे बढ़ सकते हैं। प्रधानाचार्य असजद खान ने विद्यालय की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए गर्व के साथ बताया कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि स्काउट, खेल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी जिले स्तर पर शानदार प्रदर्शन किया है। विभिन्न सामाजिक जागरूकता रैलियों और कार्यक्रमों में भाग लेकर एकेडमी के बच्चों ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।

प्रधानाचार्य ने बताया कि नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक के प्रत्येक कक्षा में प्रथम पांच स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एवं फ़ाबिहा खान व अजवद खान को विशेष पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है।

कक्षा नर्सरी में सदफ को प्रथम, आयत को द्वितीय रहमत को तृतीय स्थान, एलकेजी में युसूफ को प्रथम अनम को द्वितीय नूर हबीब को तृतीय, यूकेजी में रिदा को प्रथम अनबिया को द्वितीय सफिया को तृतीय, कक्षा प्रथम में अजका रहमानी को प्रथम साहिब को द्वितीय माहिरा अंसारी को तृतीय, कक्षा द्वितीय में वान्या को प्रथम, रामसा मलिक को द्वितीय व महक को तृतीय स्थान, कक्षा तीन में मध्या गौर को प्रथम सुमैया को द्वितीय बरीरा को तृतीय, कक्षा चार में आफिया को प्रथम, आफिया असलम को द्वितीय व नेहा को तृतीय, कक्षा पांच में माफिया को प्रथम अलशीबा को द्वितीय आयशा को तृतीय, कक्षा 6 में बिस्मी को प्रथम मरियम को द्वितीय और अनिया को तृतीय, कक्षा 7 में




सना को प्रथम सुमैया को द्वितीय मोहम्मद उमर को तृतीय, कक्षा 8 में लीजा को प्रथम मोहम्मद इस्माइल को द्वितीय व सुहैल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के संस्थापक शमशाद अली खान (एडवोकेट) की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनके कुशल मार्गदर्शन और दूरदर्शिता के कारण विद्यालय निरंतर उन्नति के पथ पर अग्रसर है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में मोहम्मद इमरान, हसन सिद्दीकी, फरमान अहमद, गुल अफशां और नाज़रीन नसरीन मेराज नौरीन हमरा आरजू बुशरा मंतशा अमरीन सुल्तान फरहीन आरफा रजिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# ढमोला की सफाई के बाद करायी जायेगी पांवधोई की सफाई

## जिला उद्योग बंधु व जिला व्यापार बंधु की बैठकों में समस्याओं के निस्तारण पर हुआ मंथन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने अधिकारियों को निर्देश दिए है कि नाली-नालों की सफाई के बाद निकलने वाली सिल्ट सड़क पर एक दिन से ज्यादा ना रहे। उन्होंने नगर स्वास्थय अधिकारी को कहा कि सभी वार्डों में नाले-नालियों की ठीक से सफाई हो गयी है या नहीं ये भी सुनिश्चित कर लें। उन्होंने शहर के कूड़ाघरो पर पेंटिंग कराने व दरवाजे आदि ठीक कराने के भी निर्देश दिए।

नगरायुक्त निगम के शांकुभरी सभागार में जिला व्यापार बंधु की बैठक के दौरान समस्याओं के निस्तारण पर विस्तार से चर्चा कर रहे थे। बाद में उन्होंने जिला उद्योग बधु की बैठक को भी संबोधित किया। व्यापारी नुसरत साबरी द्वारा पांवधोई की सफाई का भी मुद्दा उठाया गया। अधिकारियों ने बताया कि अभी ढमोला पर पोकलेन द्वारा सफाई का कार्य कराया जा रहा है, उसके बाद पांवधोई की सफाई करायी जायेगी। मुकुंद मनोहर गोयल ने शहीद गंज से अंसारी रोड पर पांवधोई नदी तक आने वाले नाले की जीर्ण-शीर्ण स्थिति का मामला उठाया। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को नाले को ठीक कराने के लिए आगणन तैयार कराने के निर्देश दिए। व्यापारी रोहित घई ने हकीकत नगर में सीएम ग्रिड की कार्यदायी संस्था द्वारा एक निजी प्लाट में एक वर्ष पूर्व व्यर्थ छोड़े गए बड़े पाइप हटवाने की मांग की। जिस पर मुख्य अभियंता निर्माण को तुरंत हटवाने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा लोहानी सराय का शौचालय ठीक कराने, पालिका बाजार सब्जी मण्डी पुल के पास यूरिनल बनवाने, अंसारी रोड पर शिवालिक बैंक के पास सड़क के गड्ढे भरवाने, शौचालयों की साफ सफाई कराने, पुल खुमरान का कूड़ाघर हटवाने, हकीकत नगर सीएम ग्रिड से अतिक्रमण हटवाने आदि मुद्दे भी व्यापारियों द्वारा उठाये गए। व्यापारी हरपाल सिंह, जसवंत बतरा, नरेश धीमान व राजेश गुलाटी आदि ने अनेक समस्याओं की ओर ध्यान दिलाया। जिला उद्योग बंधु की बैठक में आईआईए, लघु उद्योग भारती, होजरी एसोसियेशन, सीआईएस से सम्बंधित सुनील सैनी, गौरव चौपड़ा, विकास मलिक, रविंद्र मिगलानी, आशीष मित्तल, आदि उद्यमियों द्वारा जनता रोड पर अतिक्रमण हटाने का मामला उठाया गया। अतिक्रमण सहप्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि जनता रोड पर आज अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया है, कुछ दुकानदारों ने अपना सामान स्वयं ही हटाना शुरु कर दिया है। यदि इसके बाद भी कोई अतिक्रमण रहता है तो उसे भी हटा दिया जायेगा। अंबाला रोड पर डबनी वाला कब्रिस्तान के निकट निगम की खाली पडी जमीन को सुरक्षित करने की मांग की गयी। जिस पर नगरायुक्त ने मुख्य अभियंता निर्माण को उक्त स्थान की तारबाड़ करने के निर्देश दिए।

कामधेनु उद्योग नगर में अधिकांश लाइटें खराब होने की ओर ध्यान दिलाये जाने पर नगरायुक्त ने अधिकारियों को कामधेनु उद्योग नगर की सभी लाइटें चौक करने और जो खराब है उन्हें ठीक कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उद्यमियों ने अनेक क्षेत्रों में जलभराव की समस्या की ओर ध्यान दिलाया । जिस पर अधिकारियों ने बताया कि उक्त क्षेत्रों में जल निकासी हेतु नाला निर्माण के लिए आगणन तैयार कर लिए गए है जिन्हें 15वें वित्त की बैठक में रखा जायेगा। स्वीकृति उपरान्त कार्य शुरु कराया जायेगा। उक्त दोनों बैठकों में अपर नगरायुक्त मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण सुरेश चंद, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार व नगर स्वास्थय अधिकारी डॉ. प्रवीण शाह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल रहे।

## श्री बालाजी हनुमान मंदिर का 36वां वार्षिक उत्सव शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** सिद्ध पीठ प्राचीन श्री बालाजी हनुमान मंदिर में 36वें वार्षिक उत्सव एवं श्री बालाजी जन्मोत्सव महायज्ञ 2026 के तहत छह दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य राष्ट्र की एकता, अखंडता और कल्याण का संदेश देना है। मोहल्ला चौन्ताला स्थित मंदिर में अयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उत्सव संचालक विनय जिंदल एवं समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन गोयल ने बताया कि 29 मार्च से कार्यक्रमों की शुरुआत देव पूजन से होगी, जिसमें पंडित अजय किरण आचार्य रहेंगे। शाम को मां भगवती की चौकी में राजू भल्ला एंड पार्टी द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। 31 मार्च को 'छम-छम नाचे वीर हनुमान' भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें संजू पागल बालाजी महाराज की महिमा का गुणगान करेंगे। 1 अप्रैल को राष्ट्र कल्याण हेतु अखंड श्री हनुमान चालीसा के 100 पाठ का विशेष अनुष्ठान किया जाएगा। मुख्य आकर्षण 2 अप्रैल को श्री बालाजी महाराज का जन्मोत्सव रहेगा, जिसमें महायज्ञ की पूर्णाहुति, महाआरती, ध्वज पूजन एवं विशेष धार्मिक आयोजन होंगे। इसके अगले दिन 3 अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें झांकियां, बैंड-बाजे और नासिक धुनें आकर्षण का केंद्र रहेंगी। शोभायात्रा मंदिर से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से होती हुई पुनः मंदिर पहुंचेगी।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक हुई संपन्न



- किसी भी मरीज़ को बाहर की दवाई लिखी पाए जाने पर की जाएगी कार्रवाई : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें गर्भवती महिला पंजीकरण एवं जननी सुरक्षा योजना, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, एंबुलेंस सेवा, मातृत्व मृत्यु संबंधी समीक्षा एवं टीकाकरण संबंधी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के 102, 108 एवं एएलएस एंबुलेंस के मैनेजर को निर्देशित किया कि किसी भी परिस्थिति में किसी मरीज को लाने ले जाने में विलंब ना हो। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में निर्देश दिए गए कि स्टेट रैंक से जनपद की रैंक कम नहीं होनी चाहिए, स्वास्थ्य सेवाओं की सब तक पहुँच सुनिश्चित कराये एवं जननी सुरक्षा योजना का भुगतान शत प्रतिशत लाभार्थियों को सुनिश्चित हो तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं समस्त चिकित्सा अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि किसी भी मरीज को बाहर की दवाई ना लिखी जाए। किसी तरह की बाहर की दवाई लिखी पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों एवं चिकित्सा अधीक्षकों को निर्देशित किया कि किसी भी मरीज का यथा संभव इलाज अपनी इकाई पर करें, यदि उस विधा का डॉक्टर उपलब्ध न हो तो मरीज की स्थिति का आकलन करने के बाद ही मरीज को रेफर करें कम दवाओं की उपलब्धता पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि लोकल परचेज के माध्यम से सत प्रतिशत दवा की उपलब्धता अस्पताल में सुनिश्चित कराई जाए बैठक में मुख्य विकास अधिकारी बलराम कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ आशाराम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुरेश कुमार, डॉ वी. के. चौहान सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी,कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# वाराणसी; ब्लैकमेल और धमकी मामले में आरोपी दबोचा, हंगामे से पहले ही कार्रवाई



अवधनामा ब्यूरो

**वाराणसी।** कमिश्नरेट क्षेत्र में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चेतगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त के निर्देशन और काशी जोन के अधिकारियों की निगरानी में थाना चेतगंज पुलिस टीम ने मुकदमे में नामजद मनोज कुमार पाठक को हिरासत में लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, आरोपी के खिलाफ एक महिला ने ब्लैकमेल करने, गाली-गलौज करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इस संबंध में थाना चेतगंज में मुकदमा दर्ज किया गया था। पूछताछ के लिए थाने बुलाए जाने पर आरोपी ने पीड़िता को देखकर अपना आपा खो दिया और मारपीट पर उतारू हो गया।

स्थिति को गंभीर होते देख और शांति व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के चलते पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई में थाना चेतगंज पुलिस टीम की सक्रियता और सूझबूझ देखने को मिली, जिससे समय रहते स्थिति को नियंत्रित कर लिया गया और किसी बड़ी घटना को टाल दिया गया।

# फ्लाईओवर निर्माण का सांसद-विधायक ने किया निरीक्षण

- निर्माण कार्य समयबद्ध और गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश



हाटा में फ्लाईओवर का जायजा लेते सांसद विजय कुमार दुबे व विधायक मोहन वर्मा

अवधनामा संवाददाता

**हाटा, कुशीनगर।** नगर में निर्माणाधीन फ्लाईओवर का सांसद विजय कुमार दूबे और हाटा विधायक मोहन वर्मा ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के परियोजना निदेशक सहित स्थानीय व्यापारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान सांसद विजय कुमार दूबे ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को गुणवत्ता बनाए रखते हुए समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि फ्लाईओवर का निर्माण निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा होना चाहिए, ताकि लोगों को जाम की समस्या से राहत मिल सके।

सांसद ने हाटा के पुराने बस स्टेशन पर मानव अंडरपास के निर्माण को लेकर भी एनएचएआई के परियोजना निदेशक व अन्य अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अंडरपास बनने से नगर में आवागमन अधिक सुगम होगा और नागरिकों को यातायात संबंधी समस्याओं से राहत मिलेगी। इसके अलावा सुकरौली स्थित नेहरू इंटर कॉलेज के सामने फुटओवर ब्रिज निर्माण के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। सांसद ने कहा कि इससे विद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ नागरिकों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी।

सांसद और विधायक ने संयुक्त रूप से कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास तथा नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूरा कराया जाएगा। इस दौरान अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सांसद और विधायक को एक मांग पत्र सौंपा। इसमें रजिस्ट्री चौराहा से पुराने बस स्टेशन के उस पार मानव अंडरपास निर्माण कराने की मांग व्यापारीगण और नगरवासियों की ओर से रखी गई।

निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के परियोजना निदेशक ललित प्रताप पाल, केन यूनियन चेयरमैन विवेक सिंह, स्थल अभियंता चिन्मय दुबे, बबलू जायसवाल, मुंशी सिंह, सांसद मीडिया प्रभारी निखिल उपाध्याय, आशुतोष पांडेय, पवन शर्मा, विश्वजीत मिश्रा तथा भूमि अधिग्रहण अधिकारी चंद्रशेखर सहित अन्य व्यापारी व स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

# हर घर जल योजना : अप्रैल अंत तक 62 परियोजनाएं होंगी पूर्ण

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (हर घर जल योजना) की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति, गुणवत्ता एवं लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

अधिशासी अभियंता लोकेश शर्मा ने बताया कि जिले में अब तक 84 परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं और इनके माध्यम से घर-घर जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। इसके अतिरिक्त 62 परियोजनाएं ऐसी हैं, जिन्हें अप्रैल माह के अंत तक पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने अवगत कराया कि 731 ट्यूबवेल के सापेक्ष 729, 731 पम्प हाउस के सापेक्ष 722, 729 ओवरहेड टैंक (ओएचटी) के सापेक्ष 291 और 731 के सापेक्ष 521 क्लोरीनेशन कार्य पूर्ण हो चुके हैं। वहीं 617 के सापेक्ष 543 सोलर प्लांट भी स्थापित किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने 90 प्रतिशत से अधिक प्रगति वाली परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी योगेंद्र कुमार को निर्देशित किया कि पूर्ण परियोजनाओं की जांच जिला पंचायत राज अधिकारी के माध्यम से अनिवार्य रूप से कराई जाए, जिससे गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। सड़क पुनरोद्धार कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां-जहां गलियां धंस गई हैं, उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने कहा कि हाल ही में ग्राम प्रधानों के साथ हुई बैठक में पुनरोद्धार कार्यों के गुणवत्तापूर्ण ढंग से न किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं, जो स्वीकार्य नहीं हैं। जिलाधिकारी ने जागरूकता अभियान को और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि जनसहभागिता के बिना योजना का पूर्ण लाभ संभव नहीं है। मुख्य विकास अधिकारी ने शिकायतों की पावती एवं उनके त्वरित निस्तारण पर जोर देते हुए सर्वाधिक शिकायत वाले ग्रामों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह योजना सीधे तौर पर जनहित एवं जल संरक्षण से जुड़ी है, इसलिए शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# आदि शक्ति माँ भद्र काली का हुआ प्रत्यक्ष शक्ति पूजन एवं अखंड भंडारे का आयोजन

अवधनामा ब्यूरो



**वाराणसी।** आज हरिश्चंद्र घाट पर सामाजिक,आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संस्था अघोर पीठ हरिश्चंद्र घाट काशी द्वारा काशी की परंपरागत चैत्र नवरात्र के दशमी के पावन पर्व पर हरिश्चंद्र घाट पर आयोजित माँ भद्र काली की प्रत्यक्ष शक्ति पूजन, 1100 कन्याओं व महिलाओं का मातृ पूजन एवं अखंड भंडारे का आयोजन किया गया। उसके बाद प्रख्यात भजन कलाकारों ने अपनी भक्तिमय भजनों उपस्थित लोगों को आनंदित किया। वर्षारंभ के अवसर पर दस महाविद्याओं का दस दिवसीय अनुष्ठान विश्व में आई हुई विभीषिका की शांति के लिए एवं युद्ध की देवी आदि शक्ति उग्र माँ काली के मृणमयी प्रतिमा की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके बाद महिलाओं द्वारा माँ त्रिपुर भैरवी का सहस्त्रार्चन किया गया। इस अवसर पर अघोर पीठ के पीठाधीश्वर अवधूत उग्र चंडेश्वर 'कपाली बाबा' एवं 11 वैदिक विद्वानों द्वारा पूरे विधि विधान पूर्वक संपन्न किया गया। इसके बाद अघोर परम्परा अनुसार लगभग 1100 कन्याओं व महिलाओं का पूजन कर उन्हें श्रृंगार सामग्रियों से सम्मानित किया गया। जो काशी की धार्मिक परंपराओं में एक विशेष स्थान रखती है।कपाली बाबा ने कहा कि यह एक पवित्र आयोजन है। अघोर पीठ द्वारा एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि प्रत्येक वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर 6 बच्चों का निःशुल्क शिक्षा प्रदान कराई जाएगी।

# पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में कमी से उद्योगों को बड़ी राहत : राजेश कुमार सिंह

अवधनामा ब्यूरो




**वाराणसी।** भारत सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क (एक्साइज ड्यूटी) में की गई भारी कटौती से उद्योग जगत में खुशी की लहर है। पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी 13 से घटाकर 3 तथा डीजल पर 10 से घटाकर शून्य कर दी गई है।

इस निर्णय से ईंधन की कीमतों को स्थिर रखने और तेल कंपनियों पर पड़ रहे दबाव को कम करने में मदद मिलेगी। इसी संदर्भ में आज लघु उद्योग भारती की एक महत्वपूर्ण बैठक मलदहिया स्थित कार्यालय में आयोजित की गई, जिसमें वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर ईरान-अमेरिका तनाव के कारण बढ़ती कच्चे तेल की कीमतों पर चर्चा की गई। बैठक में कहा गया कि विश्व स्तर पर तेल की कीमतों में वृद्धि का प्रभाव भारत पर भी पड़ना स्वाभाविक है। प्रदेश सचिव राजेश कुमार सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में जब पूरी दुनिया तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर चिंतित है और इसका असर महंगाई पर साफ दिखाई दे रहा है, ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक्साइज ड्यूटी में की गई कटौती अत्यंत सराहनीय कदम है। इससे ईंधन की कीमतों को नियंत्रित रखने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया। काशी के कोषाध्यक्ष गुलज़ारी लाल गुप्ता ने कहा कि पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं होने से परिवहन लागत नहीं बढ़ेगी, जिससे महंगाई पर नियंत्रण रहेगा और आम जनता को राहत मिलेगी। काशी मंडल के महामंत्री भारत भूषण गुप्ता ने कहा कि ईंधन की कीमत स्थिर रहने से कृषि यंत्र उद्योग सहित सभी उद्योगों को सकारात्मक लाभ मिलेगा।

# डॉ. किरण बेदी ने दी राजल नीति को शुभकामनाएँ

अवधनामा संवाददाता




**गोरखपुर।** युवा लेखक राजल की 6 भाषाओं में प्रकाशित होने वाली पुस्तक 'राजल नीति स्ट्रेस मैनेजमेंट' के लिए पुदुचेरी की पूर्व उपराज्यपाल व भारत की प्रथम महिला आईश्पीश्एस अधिकारी डॉ. किरण बेदी ने पुस्तक की सफलता के लिए शुभकामना संदेश दिया है। 'हर दिन एक नया दिन होता है। यह एक नई तारीख है–ऐसी तारीख जो फिर कभी लौटकर नहीं आएगी। काम-काज और निजी जीवन में अपनी ज़िम्मेदारियों को निभाते हुए, हमें अपनी ऊर्जा को निरंतर नया और ताज़ा करते रहना चाहिए, ताकि हम अपने दिन को सकारात्मकता और समाधानों से भर सकें। आशा करती हूँ की 'राजल नीति स्ट्रेस मैनेजमेंट' भी पाठकों को सकरात्मकता और समाधान की ओर प्रेरित करेगी। हार्दिक शुभकामनाएं।। 'डॉ. किरण बेदी '

इस अवसर पर राजल ने डॉ. किरण बेदी के प्रति हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। डायमंड बुक्स के चेयरमैन नरेंद्र वर्मा के सपोर्ट के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की साथ ही साथ यह भी बताया कि बताया की वो जो कुछ भी हैं अपने स्वर्गीय दादाजी राधेश्याम गुप्त जी की वजह से हैं और उनकी यह सफलता उन्हें ही समर्पित है उनकी वजह से ही वो कक्षा 6 फेल और पढ़ाई छोड़ने से 9 डिग्री/सर्टिफिकेट की यात्रा तय कर पाए। राजल अब तक 6 पुस्तकें लिख चुकें हैं 7 राजल नीति पुस्तकों का विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक और हिमाचल प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला कर चुके हैं और उन्हें उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी और भारत के तत्कालीन उपराष्ट्रपति वेंकेया नायडू भी शुभकामनाएं दे चुकें हैं।

# हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से लाखों रुपये कीमत की गेंहू की फसल जलकर राख

**महोबा।** महोबकंठ के उमरई गांव में शनिवार को खेत से निकली हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से किसान की लाखों रुपये की गेंहू फसल जलकर राख हो गई। इससे किसान के परिवार के सामने आर्थिक संकट पैदा होने के आसार बढ़ गए हैं। दूसरों को अन्न खिलाने वाले अन्नदाता के सामने अब खुद रोजी रोटी के लाले पड़ गए हैं। दमकल विभाग की गाडी और ट्यूबवेल व पंपिंग सेट मशीन चलाकर आसपास के खेतों की फसल को बचा लिया गया है। ग्राम उमरई निवासी विशाल मिश्रा ने 12 बीघा खेत में गेंहू की फसल बोई थी। शनिवार को दोपहर में अचानक हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी गेंहू की पकी फसल पर गिरने से आग लग गई। आग लगते ही आसपास के किसान आग बुझाने में जुट गए, लेकिन फसल सूखी होने के कारण आग ने उग्र रुप धारण कर लिया। विशाल मिश्रा के खेत के चारो तरफ लगी फसल को बचाने के लिए किसानों ने ट्यूबवेल और पंपिंग सेट मशीन चलाकर आग बुझाना शुरू किया।

# उप्र बिहार सीमावर्ती सलेमगढ़ बना विकास का नया केंद्र

- बाला जी ई-मोटर्स व जेके टायर हाउस का भव्य शुभारंभ, हजारों की मौजूदगी में विधायक पप्पू पांडेय ने किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**तमकुहीराज, कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश-बिहार सीमा पर स्थित सलेमगढ़ एक बार फिर चर्चा के केंद्र में आ गया, जब नेशनल हाईवे किनारे बाला जी ई-मोटर्स एवं जेके टायर हाउस का भव्य उद्घाटन समारोह अत्यंत हर्षोल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुचायकोट विधानसभा से लगातार छह बार विधायक रहे और अपनी सक्रिय कार्यशैली के लिए पूर्वांचल में विख्यात अमरेन्द्र कुमार पांडेय उर्फ पप्पू पांडेय ने मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर दोनों प्रतिष्ठानों का विधिवत शुभारंभ किया।

बता दें कि समारोह का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार द्विवेदी के नवनिर्मित आधुनिक व्यवसायिक भवन में किया गया, जहां सीमावर्ती उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न इलाकों से हजारों की संख्या में लोग पहुंचे। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा और उत्साह से सराबोर हो गया।मुख्य अतिथि के आगमन पर आयोजकों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। वरिष्ठ पत्रकार अशोक कुमार द्विवेदी ने बाबा दोना शुक्ल महाराज का आकर्षक चित्र एवं अंगवस्त्र भेंट कर विधायक का अभिनंदन किया। वहीं बाला जी ई-मोटर्स के प्रोपराइटर बृजेन्द्र राय, प्रबंधक आशुतोष राय एवं सकते राय ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके साथ ही जेके टायर हाउस के प्रबंधक अतुल राय ने भी अंगवस्त्र देकर मुख्य अतिथि का सम्मान किया। इस अवसर पर क्षेत्र के प्रतिष्ठित पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से रजनीश कुमार राय, सुरेन्द्र नाथ द्विवेदी, अजय कुमार दुबे, जितेन्द्र श्रीवास्तव, ललन गुप्ता, राम मिश्रा, राज पाण्डेय, भीम कुशवाहा, गुड्डु यादव, वैभव कुमार, आर्या अनिकेत आर्या, अंकित शर्मा, अनुज पटेल सहित सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की और आयोजन की भव्यता को बढ़ाया। उद्घाटन के पश्चात अपने संबोधन में विधायक अमरेन्द्र कुमार पांडेय ने कहा कि सलेमगढ़ जैसे सीमावर्ती क्षेत्र में इस प्रकार के आधुनिक प्रतिष्ठानों का खुलना न केवल व्यापारिक गतिविधियों को नई दिशा देगा, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा।

## रंगारंग कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित किया गया

**फर्रुखाबाद।** आज दिनांक 28.03.2026 को प्रातः 10:00 बजे 'निपुण विद्यालय रंगारंग समारोह' का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में किया गया। कार्यक्रम में जनपद स्तर पर हुए निपुण आंकलन में निपुण घोषित विद्यालयों के शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिलाधिकारी के कर कमलों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (नगर क्षेत्र) एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निपुण कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में कुल 478 विद्यालय निपुण घोषित किए गए हैं। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/इंचार्ज प्रधानाध्यापकों को जिलाधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी महोदय ने सभी निपुण विद्यालयों के शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें अपने-अपने विकास खण्ड में प्रेरक विद्यालय के रूप में स्थापित होने तथा अन्य विद्यालयों को भी निपुण बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ श्री जतिन रंजन मिश्रा (जिला समन्वयक-प्रशिक्षण), समस्त एस.आर.जी. एवं ए.आर.पी. द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## डीएम एसपी की मौजूदगी में मॉक ड्रिल का आयोजन



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक आरती सिंह की मौजूदगी में आज गैसिंगपुर स्थित गैस बॉटलिंग प्लांट में आपातकालीन स्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान गैस प्लांट प्रशासन के साथ-साथ जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग एवं अग्निशमन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पहलुओं का अभ्यास किया गया। इस दौरान संभावित गैस रिसाव एवं अन्य आपात परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई, राहत एवं बचाव कार्यों का प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों द्वारा मॉक ड्रिल की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित विभागों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने तथा आपात स्थिति में तत्परता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभ्यास से आपदा के समय प्रभावी एवं त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है। मॉक ड्रिल के माध्यम से विभिन्न विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करने तथा आपदा प्रबंधन प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया गया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

- विद्यालयों के प्रबंधकों को दी गई चेतावनी
- अनफिट स्कूल वाहनों को करें सीज एवं दर्ज कराएं एफआईआर
- दुर्घटना होने पर निरस्त किए जाएंगे डीएल



अल्ताफ उल्लाह खान

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, फतेहगढ़ में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों के साथ-साथ जनपद के विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधकों को भी आमंत्रित किया गया था।

यातायात कार्यालय फर्रूखाबाद द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार माह फरवरी 2026 तक जनपद में 81 सड़क दुर्घटनाएं दर्ज की गई, जिनमें 51 व्यक्तियों की मृत्यु हुई। वहीं, फरवरी 2025 तक 65 दुर्घटनाओं में 40 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। दुर्घटनाओं में वृद्धि पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने पुलिस एवं परिवहन विभाग को सघन प्रवर्तन कार्रवाई के निर्देश दिए। बैठक में एआरटीओ द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में विद्यालयों के नाम 486 वाहन पंजीकृत हैं, जिनमें से 130 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो चुकी है। इनमें 33 वाहन 15 वर्ष से अधिक पुराने हैं, जबकि स्कूली वाहनों की अधिकतम आयु सीमा 15 वर्ष निर्धारित है। इसके अतिरिक्त 218 वाहनों के परमिट भी समाप्त हो चुके हैं।

शासन के निर्देशानुसार 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी अनफिट स्कूल वाहनों को पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा सीज किया जाए। साथ ही बीएसए एवं डीआईओएस को निर्देश दिए गए कि ऐसे विद्यालयों के विरुद्ध मान्यता समाप्त करने एवं एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। सभी विद्यालयों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिए गए।

एआरटीओ ने बताया कि जनपद में वाहन-4 पोर्टल के अनुसार 110 निजी एम्बुलेंस पंजीकृत हैं, जिनमें से 53 की फिटनेस समाप्त है। अब तक परिवहन विभाग द्वारा 3 एम्बुलेंस का चालान एवं 2 को सीज किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने सीएमओ, पुलिस एवं परिवहन विभाग को अस्पतालों में सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए तथा चिकित्सा विभाग को भी संबंधित अस्पतालों के विरुद्ध कार्रवाई करने को कहा।

सड़क दुर्घटनाओं में वृद्धि को देखते हुए जिलाधिकारी ने मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा-19 के अंतर्गत दुर्घटनाओं में संलिप्त वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, सीओ सिटी सुश्री ऐश्वर्या उपाध्याय, डीआईओएस श्री नरेन्द्र पाल सिंह, बीएसए श्री वी.पी. सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता श्री मुरलीधर एवं श्री अशोक कुमार, एआरटीओ (प्रवर्तन) श्री सुभाष राजपूत, एसीएमओ डॉ. सर्वेश कुमार यादव, एआरएम श्री राजेश कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मिशन शक्ति 5.0' (द्वितीय चरण) के तहत महिला सुरक्षा को लेकर भव्य स्कूटी रैली का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शनिवार को मिशन शक्ति 5.0 के द्वितीय चरण के तहत भव्य स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली को सदर विधायक राकेश गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह ने थाना कोतवाली नगर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

स्कूटी रैली सदर कोतवाली से निकलकर तहसील चौराहा, चूड़ी वाली गली, बस स्टैंड, आल्हा चौक, ऊदल चौक होते हुए सुभाष चौक पर जाकर सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान एवं अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। रैली में यूपी-112 की गाड़ियां के साथ समस्त थानों पर नियुक्त मिशन शक्ति केंद्र की महिला पुलिस कर्मियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। रैली के बाद सुभाष चौक पर आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को 1090, 181, 108, 102, 1076, 112, 1098, 1930 की जानकारी दी गई साथ ही शासन की संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों के संबंध में भी जागरूक किया गया। साइबर अपराधों के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं को साइबर सुरक्षा के उपाय एवं सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई।


## उत्तर रेलवे

### शुद्धि पत्र -1

विषयः निविदा प्रपत्र संख्याः 2026-ए.एम.वी. -सी एंड डब्लू ईनिविदा-13 का शुद्धि पत्र। सन्दर्भः निविदा सूचना संख्याः 2026 - ए.एम.वी. सी एंड डब्लू ईनिविदा - 13 दिनांकः 20.03.2026 खुलने की तिथिः 13.04.2026. कार्य का नामः डिजाइन डेवलपमेंट सप्लाई इंस्टालेशन कमीशनिंग एंड टेस्टिंग ऑफ टॉर्क एप्लीकेशन एंड डाटा एक्वीजीशन सिस्टम फॉर कैप्चरिंग टोरकिंग डाटा ऑफ वेरियस सिस्टम्स ऑफ एल.एच.बी. कोचेस दूरिंग शॉप शेड्यूल (एस-I एस-II एस-III)। उपरोक्त निविदा के सन्दर्भ में निविदा प्रपत्र में निम्नलिखित परिवर्तन किया गया है।

| Clause | Description |
| --- | --- |
| Inspection clause (Page 10 of 55) of Master Tender Document | Inspection clause has been revised please refer to tender document (version 1.0). |
| OEM Authorization (Page 18 of 55) of Master Tender Document | Clause has been incorporated please refer to tender document (version 1.0) |

अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी कृपया निविदा दस्तावेज संस्करण 1 का संदर्भ लें। शुद्धिपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर upload कर दिया गया है।

संख्याः 2026 ए.एम.वी.–सी एंड डब्लू ईनिविदा-13 दिनांकः 28.03.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1055/2026

अवधनामा



# अयोध्या में शुरू हुई कैंसर विशेषज्ञ ओपीडी, हर माह मिलेंगी विशेषज्ञ सेवाएं




*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, लखनऊ ने मेडिसिटी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, अयोध्या में डेडिकेटेड ऑन्कोलॉजी ओपीडी सेवाओं की शुरुआत की। इसका शुभारंभ सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के प्रिंसिपल कंसल्टेंट डॉ. शशांक चौधरी की उपस्थिति में किया गया।नई व्यवस्था के तहत डॉ. शशांक चौधरी प्रत्येक माह के तीसरे शनिवार को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक मेडिसिटी हॉस्पिटल में मरीजों को परामर्श व फॉलो-अप सेवाएं देंगे। इससे स्थानीय मरीजों को अब कैंसर उपचार के लिए बड़े शहरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। डॉ. चौधरी ने कहा कि कैंसर के सफल उपचार में समय पर पहचान बेहद महत्वपूर्ण है। आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों जैसे इम्यूनोथेरेपी और टार्गेटेड थेरेपी ने जटिल मामलों में भी नई उम्मीद जगाई है। शुरुआती लक्षणों की पहचान और समय पर उपचार से मरीजों की जीवन दर और गुणवत्ता दोनों बेहतर होती हैं।उन्होंने बताया कि ऑन्कोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से हो रही प्रगति के चलते उपचार अब अधिक सटीक, कम इनवेसिव और मरीज की जरूरत के अनुसार हो रहा है। इस ओपीडी के माध्यम से मरीजों को विशेषज्ञ सलाह और नवीनतम उपचार विकल्पों की जानकारी मिल सकेगी।इस पहल के साथ मैक्स हॉस्पिटल, लखनऊ ने उन्नत चिकित्सा सेवाओं को आमजन तक पहुंचाने के अपने संकल्प को दोहराया है। अब अयोध्या के मरीजों को अपने ही शहर में अत्याधुनिक सुविधाएं और अनुभवी विशेषज्ञ का लाभ मिल सकेगा।

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था पर दिए निर्देश



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने कलेक्ट्रेट स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, रिजेक्टेड यूनिट कक्ष, वीवीपैट कक्ष, सीसीटीवी कैमरों एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान बताया गया कि वेयरहाउस में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की ईवीएम और वीवीपैट मशीनें सुरक्षित रूप से लॉक में संरक्षित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और सभी व्यवस्थाएं मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जाएं।इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी उदयराज पांडे, संबंधित कर्मचारी तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# राजघाट महायज्ञ में भीषण आग, बाल-बाल बचे श्रद्धालु

## फायर ब्रिगेड की तत्परता से टला बड़ा हादसा, शॉर्ट सर्किट की आशंका

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** धार्मिक नगरी अयोध्या के राजघाट क्षेत्र में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दौरान अचानक भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। देखते ही देखते आग ने आयोजन स्थल के एक बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर मौजूद श्रद्धालुओं और आयोजकों में हड़कंप मच गया।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग इतनी तेजी से फैली कि लोगों को संभलने का मौका तक नहीं मिला। कई श्रद्धालु सुरक्षित स्थान की ओर भागते नजर आए, जबकि आयोजन समिति और स्थानीय लोग मिलकर आग बुझाने के प्रयास में जुट गए।घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों ने तेजी दिखाते हुए आग को फैलने से रोकने के लिए लगातार पानी की बौछारें कीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

बताया जा रहा है कि यह महायज्ञ स्वामी जीयर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा था, जिसकी अध्यक्षता प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह कर रहे थे। घटना के समय आयोजन स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि अब तक किसी जनहानि की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पूरे क्षेत्र को सुरक्षा घेराबंदी में ले लिया है। एहतियातन आसपास के इलाकों में भी निगरानी बढ़ा दी गई है। आग लगने के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है, हालांकि प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट या हवन सामग्री से उठी चिंगारी को संभावित वजह माना जा रहा है।

# कांग्रेस के संविधान संवाद व कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेसियों ने झोंकी ताकत

*अवधनामा संवाददाता*

**मवई -अयोध्या।** बाराबंकी जिले के कोटवा सड़क में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित संविधान संवाद व कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेताओं ने पूरी ताकत झोंक दी है।रविवार को कोटवा सड़क स्थित महाराजा लॉन में संविधान संवाद व विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है।सम्मेलन में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव अविनाश पांडेय,प्रदेश अध्यक्ष अजय राय उपस्थित रहेंगे। ए आई सी सी सदस्य दयानन्द शुक्ला ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए रुदौली विधान सभा के दर्जनों गांव का भ्रमण कर लोगों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की।कांग्रेस नेता दयानन्द शुक्ला ने रानीमऊ स्थित निर्मल कुटिया पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ तैयारी बैठक की।बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रविवार को कोटवा सड़क में होने वाले कांग्रेस के कार्यक्रम में रुदौली विधान सभा क्षेत्र से बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे।दयानन्द शुक्ला ने कहा कि आज पूरे देश की जनता भाजपा सरकार से तंग आ चुकी है।उन्होंने कहा कि जबसे यह सरकार आयी है देश की जनता को सिर्फ लाइन में ही खड़ा कर रही है।कभी इसके शासन काल में देश की जनता को बैंक में लाइन लगाना पड़ा।कभी खाद के लिए समिति में लाइन लगाना पड़ता है।अब जनता को तेल और गैस के लिए लाइन लगाना पड़ रहा है।दयानन्द शुक्ला ने कहा कि एक तरफ सरकार की तरफ से बयान जारी होता की देश में तेल और गैस की कोई कमी नहीं है।पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।लेकिन हकीकत तो यह है कि तेल और एल पी जी गैस को पाने के लिए जनता को काफी जद्दोजेहद करना पड़ रहा है।

# रामनवमी मेला रुदौली में शांतिपूर्ण संपन्न, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

**रुदौली -अयोध्या।** रामनवमी के पावन अवसर पर रुदौली कस्बे में आयोजित भव्य मेला और जुलूस शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न हो गया। पूरे आयोजन के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस सफल आयोजन में प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय मौर्य की अहम भूमिका रही। उनके नेतृत्व में पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। कस्बे के प्रमुख चौराहों, संवेदनशील क्षेत्रों और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम लगातार गश्त करती रही और हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए रखी। प्रशासन द्वारा किए गए पुख्ता इंतजामों के चलते श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने बिना किसी परेशानी के मेले और जुलूस का आनंद लिया।

# महामंत्री बनने पर दुष्प्रचार तेज, भाजपा महानगर टीम शिवेन्द्र सिंह

## कोर कमेटी की अनुशंसा से मिला दायित्व, योग्यता व समर्पण को बताया आधार

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में भाजपा की नवगठित महानगर इकाई में महामंत्री बनाए जाने के बाद शिवेन्द्र सिंह के खिलाफ चल रहे दुष्प्रचार को पार्टी पदाधिकारियों ने सोची-समझी साजिश करार दिया है। महानगर टीम ने एक स्वर में कहा कि पूरी इकाई शिवेन्द्र सिंह के साथ मजबूती से खड़ी है।पार्टी पदाधिकारियों के अनुसार महामंत्री पद के लिए शिवेन्द्र सिंह का नाम भाजपा की कोर कमेटी द्वारा गहन विचार-विमर्श के बाद प्रदेश नेतृत्व को भेजा गया था, जिस पर अनुमोदन प्राप्त हुआ। नेताओं ने स्पष्ट किया कि भाजपा में दायित्व सिफारिश से नहीं, बल्कि कार्यकर्ता की योग्यता, समर्पण और संगठन के प्रति योगदान के आधार पर दिए जाते हैं।सूत्रों के मुताबिक शिवेन्द्र सिंह की पहचान छात्र राजनीति से ही बनी है। उन्होंने लंबे समय से संगठन और समाज में सक्रिय भूमिका निभाई है।



छात्र जीवन में भी उन पर कई बार आरोप लगाए गए, लेकिन समय के साथ सत्य सामने आता रहा।

नेताओं ने बताया कि विद्यार्थी परिषद से जुड़े रहते हुए उन्होंने विभिन्न चुनावों में संगठन को मजबूत किया। उनकी पारिवारिक पृष्ठभूमि भी भाजपा से जुड़ी रही है। समाज सेवा के क्षेत्र में गरीबों की मदद कर उन्होंने अलग पहचान बनाई है। अयोध्या विधानसभा में सर्वाधिक प्राथमिक सदस्य बनाने का श्रेय भी उन्हें दिया जाता है।पंडित दीनदयाल उपाध्याय के 'अंत्योदय' सिद्धांत को आगे बढ़ाते हुए वह अपने स्वर्गीय पिता प्रभात सिंह की स्मृति में प्रतिवर्ष बड़े सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिससे हजारों लोग लाभान्वित होते हैं।पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि शिवेन्द्र सिंह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए निरंतर जनसंपर्क कर रहे हैं। ब्लॉक स्तर पर जनसुनवाई के माध्यम से वह लोगों की समस्याओं के समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।भाजपा महानगर इकाई ने स्पष्ट किया कि दुष्प्रचार का जवाब क्षेत्र की जागरूक जनता देगी, जो शिवेन्द्र सिंह की कार्यशैली, व्यवहार और जनसेवा से भली-भांति परिचित है।

# एसडीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन

**मवई -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** शनिवार को बाबा बाजार थाने में एस डी एम रुदौली संतोष कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया।समाधान दिवस में राजस्व से सम्बंधित मामले आए थे। एस डी एम ने सभी मामलों को गंभीरता पूर्वक सुनकर कर अपने मातहतों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।थानाध्यक्ष बाबा बाजार शैलेन्द्र कुमार आजाद ने बताया कि समाधान दिवस में राजस्व से सम्बंधित कुल पांच मामले आए।मामलों को निस्तारण करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। इस अवसर पर उप निरीक्षक सौरभ सिंह के अलावा राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल उपस्थित थे।

# भव्य भंडारा, सैकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**रुदौली -अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** रुदौली तहसील क्षेत्र के मीरमऊ चौराहा पर राम नवमी के पावन अवसर पर भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन धार्मिक वातावरण में विधिवत पूजा-पाठ और भव्य आरती के साथ संपन्न हुआ।दुकान संचालक सोनू यादव ने बताया कि सुबह 11 बजे से भंडारे की शुरुआत हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों और राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में पूरी, सब्जी और हलवा वितरित किया गया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति गीतों और जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक समाजसेवी व प्रबंधक सुभाष यादव (नज्जुक खां पुरवा निवासी) तथा मास्टर सूर्यभान यादव रहे। आयोजन को सफल बनाने में प्रदीप यादव, सोनू यादव, सत्रोंहन, सोनू, बाइक मिस्त्री सहित अन्य सहयोगियों ने सक्रिय भूमिका निभाई। भंडारे में क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों की भी अच्छी खासी भीड़ देखने को मिली। आयोजकों ने सभी उपस्थित श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में भाईचारा और सौहार्द को बढ़ावा देते हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष का मिल्कीपुर में स्वागत

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** विकासखंड मिल्कीपुर के मीठेगांव पाठक का पुरवा में शनिवार को भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं के त्याग और समर्पण का परिणाम है। उन्होंने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य में योगदान देने का आह्वान किया। इस दौरान नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष लाल चन्द्र चौरसिया का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मेडिकल कैंप में 128 बीड़ी श्रमिकों का हुआ उपचार

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** मिल्कीपुर के खिहारन स्थित मदरसा दारुल उलूम रजा ए मुस्तफा में श्रम विभाग की ओर से लगाए गए मेडिकल कैंप में 128 बीड़ी श्रमिकों का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाएं वितरित की गईं। कैंप का संचालन श्रम कल्याण संगठन लखनऊ द्वारा किया गया। चिकित्सक डॉ. अर्जुन ने मरीजों का परीक्षण कर उन्हें दवाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी। साथ ही श्रम योगी मानधन योजना की जानकारी भी दी। इस दौरान नर्सिंग ऑफिसर अशोक लता शुक्ला सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# पापियों का अंत निश्चित, चाहे कितना भी शक्तिशाली हो- स्वामी गोविंद देव गिरी

**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** अयोध्या में आयोजित प्रभु श्रीराम की नव दिवसीय कथा के दौरान स्वामी गोविंद देव गिरी जी महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा कि पापियों का अंत निश्चित है, चाहे वह कितना भी शक्तिशाली क्यों न हो। उन्होंने भगवान श्रीराम द्वारा रावण के अहंकार के अंत का उदाहरण देते हुए कहा कि धर्म की विजय सदैव होती है।कथा में उन्होंने हनुमान जी के लंका गमन, माता सीता की खोज, मधुवन प्रसंग तथा नल-नील द्वारा सेतु निर्माण से लेकर रावण वध और श्रीराम के अयोध्या लौटकर राज्याभिषेक तक की घटनाओं का संक्षिप्त वर्णन किया।कार्यक्रम के समापन पर यज्ञ में हजारों श्रद्धालुओं ने आहुति देकर देश, धर्म और राष्ट्र की उन्नति की कामना की। इस अवसर पर बृजभूषण शरण सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बाबा ऑटो सेल्स के संस्थापक देवनाथ सिंह की 9वीं पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** अयोध्या नगरी में समाजसेवा और व्यापार जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले बाबा ऑटो सेल्स के संस्थापक स्वर्गीय देवनाथ सिंह की 9वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अयोध्या स्थित वृद्ध आश्रम और कुष्ठ आश्रम में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जहां जरूरतमंदों की सेवा को प्राथमिकता दी गई।पुण्यतिथि के अवसर पर वृद्ध महिलाओं को वस्त्र, फल और पौष्टिक भोजन वितरित किया गया। साथ ही आश्रम में रह रहे लोगों के लिए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी की गईं, जिससे वहां मौजूद लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वर्गीय देवनाथ सिंह की समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाना और जरूरतमंदों की सहायता करना रहा। देवनाथ सिंह द्वारा स्थापित बाबा ऑटो सेल्स ने अयोध्या में ई-रिक्शा और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में एक मजबूत पहचान बनाई है। उनके सिद्धांतों और मेहनत की बदौलत यह संस्थान आज सफलता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

वर्तमान में उनके तीनों पुत्र–संदीप कुमार सिंह, सतीश कुमार सिंह और रंजीत कुमार सिंह इस व्यवसाय को सफलतापूर्वक आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने न केवल अपने पिता के व्यापार को नई बुलंदी तक पहुंचाया है, बल्कि समाजसेवा के कार्यों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं।

बाबा ऑटो सेल्स द्वारा समय-समय पर सामाजिक और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, जिससे संस्था की सामाजिक जिम्मेदारी भी स्पष्ट होती है। पुण्यतिथि के इस आयोजन ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि सच्ची श्रद्धांजलि सेवा और परोपकार के माध्यम से ही दी जा सकती है।

# भव्य आयोजन में झलकी प्रतिभा, स्वर्णिमांचल में टॉपर्स सम्मानित



**अयोध्या। (अवधनामा संवाददाता)** टी.आर. पब्लिक स्कूल ऐमी, आलापुर रसूलाबाद में वार्षिकोत्सव स्वर्णिमांचल का भव्य आयोजन चैत्र नवरात्रि एवं रामनवमी के पावन अवसर पर संपन्न हुआ। इस दौरान मेधा सम्मान समारोह के साथ नए सीबीएसई आधारित पाठ्यक्रम हेतु तैयार नए कैंपस का उद्घाटन भी किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, पूर्व सांसद लल्लू सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अतिथियों ने संयुक्त रूप से नए प्रांगण का उद्घाटन कर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। विद्यार्थियों ने देवी-देवताओं व महान व्यक्तित्वों का जीवंत मंचन कर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। श्रद्धा, प्रज्ञा, शुभांशी, शैलजा, हार्दिक, अतुल और आर्यन की प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं, वहीं नन्हे बच्चों के डांडिया नृत्य ने भी सभी का मन मोह लिया।अतिथियों ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन और समय प्रबंधन का महत्व बताया। विद्यालय संरक्षक तुलसीराम दुबे व प्रबंधक अजय दुबे, संजय दुबे, विजय दुबे की ओर से अतिथियों का स्वागत पुष्प, अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न भेंट कर किया गया।समापन पर प्रधानाचार्य डीएम त्रिपाठी ने सभी का आभार जताते हुए बताया कि विद्यालय आगामी सत्र में कुछ छात्रों को निःशुल्क प्रवेश देगा और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

# नेपाल में बर्ड फ्लू के मामलों से अलर्ट, डीएम की अध्यक्षता में टास्क फोर्स बैठक

## सीमावर्ती क्षेत्रों में सैंपलिंग बढ़ाने व निगरानी सख्त करने के निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** पड़ोसी देश नेपाल में बर्ड फ्लू के मामलों की पुष्टि के बाद महराजगंज प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिलास्तरीय टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें जनपद की वर्तमान स्थिति एवं तैयारियों की गहन समीक्षा की गई।

बैठक में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने जानकारी दी कि महराजगंज में अब तक बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है तथा आसपास के जिलों में भी स्थिति सामान्य बनी हुई है। हालांकि नेपाल के छापा और मोरंग जिलों में संक्रमण की पुष्टि हुई है, जबकि सीमावर्ती जिलों नवलपरासी और रूपनदेही में स्थिति नियंत्रण में है।

उन्होंने बताया कि कुक्कुट पालकों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा जा रहा है तथा सतर्कता के मद्देनज़र तहसील स्तर पर चार-चार त्वरित प्रतिक्रिया दल (आरआरटी) गठित किए गए हैं। इसके अतिरिक्त जनपद स्तर पर 8765957965 नंबर का कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक सक्रिय रहेगा।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में सैंपलिंग की संख्या बढ़ाई जाए, पर्याप्त मात्रा में पीपीई किट की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा विभिन्न विभागों के बीच त्वरित सूचना आदान-प्रदान की प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बर्ड फ्लू के लक्षणों के संबंध में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाए, ताकि किसी भी संभावित स्थिति पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके।

# नव मनोनीत सभासदों ने पद और गोपनीयता की शपथ ली



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** नगरपालिका परिषद परिसर में शनिवार को भव्य शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसमें नव मनोनीत सभासदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार सिंह ने राजीव द्विवेदी, अभय जायसवाल, मुराली निगम व जगदीश निषाद को शपथ दिलाई। समारोह में विधायक जय मंगल कन्नौजिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि नगर पालिका स्थानीय विकास की रीढ़ है और सभासदों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से पारदर्शिता, गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ कार्य करने का आह्वान किया। नगरपालिका अध्यक्ष पुष्पलता मंगल ने सभी सभासदों का स्वागत करते हुए नगर के संतुलित विकास का आश्वासन दिया। अधिशासी अधिकारी आलोक मिश्रा ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली से अवगत कराते हुए समन्वय बनाकर कार्य करने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय पांडेय सहित कई जनप्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व नागरिक मौजूद रहे। नव सभासदों ने नगर के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा की झलक

## सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से गूंजा विद्यालय परिसर

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** विकास खंड पनियरा के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय जडार में वार्षिकोत्सव एवं मेधा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नौनिहालों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, देशभक्ति और लोक संस्कृति की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिससे पूरा विद्यालय परिसर उत्साह और तालियों की गूंज से भर उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डायट प्राचार्य अभिजित सिंह एवं विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) शिवकुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात स्काउट-गाइड के बच्चों ने अनुशासित मार्च पास्ट कर अतिथियों का भव्य स्वागत किया।

बच्चों ने सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत के साथ-साथ देशभक्ति एवं किसान जीवन पर आधारित गीतों व नृत्यों की आकर्षक प्रस्तुतियां दीं, जिसने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया।

मुख्य अतिथि अभिजित सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति का मूल आधार है। यह व्यक्ति के सर्वांगीण विकास और उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। वहीं बीईओ शिवकुमार ने शिक्षा को अनुशासन, आत्मनिर्भरता और सशक्त समाज निर्माण का प्रमुख माध्यम बताया।

कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्र-छात्राओं को अंकपत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, अभिभावक एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण कर दिए दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर प्रशान्त कुमार प्रसाद द्वारा थाना शिवनगर डिड़ई का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय ने सुरक्षा व्यवस्था, अभिलेखों के रख-रखाव और जनसुनवाई की गुणवत्ता को परखते हुए संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए।

परिसर एवं व्यवस्थाएं: महोदय द्वारा थाने के मालखाना, शस्त्रागार, लॉकअप, मेस, बैरक, कार्यालय तथा शौचालय एवं स्नानागार का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। परिसर की स्वच्छता पर संतोष व्यक्त करते हुए प्रभारी निरीक्षक को इसे निरंतर बनाए रखने के निर्देश दिए गया।थाने के विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों जैसे– अपराध रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर, सम्पूर्ण समाधान दिवस/समाधान दिवस रजिस्टर, मिशन शक्ति रजिस्टर तथा मालखाना रजिस्टर की गहनता से जांच की गई। अपूर्ण अभिलेखों को तत्काल पूर्ण करने हेतु कड़े निर्देश दिए गए।जनसुनवाई एवं आईजीआरएस के संदर्भों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा गया ताकि फरियादियों को त्वरित न्याय मिल सके।अपराध नियंत्रण एवं सुरक्षा क्षेत्र में चोरी तथा महिलाओं के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम हेतु नियमित पैदल गश्त, संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग और बैंक चेकिंग को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य को निर्देशित किया कि अपराध एवं अपराधियों पर पूर्ण निष्ठा एवं निष्पक्षता के साथ कड़ी कार्रवाई करें और पुलिसिंग के बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें।निरीक्षण के दौरान उपनिरीक्षक श्री राजीव भट्ट, मृत्युंजय मिश्रा ,हरेंद्र यादव, शिवनारायण यादव ,सुरेंद्र यादव, चंद्रशेखर यादव, अयोध्या यादव महिला प्रतिमा दुबे, नीलम शुक्ला सहित थाने के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## उसका अजगरा धर्म सिंहवा मार्ग के चौड़ीकरण का हुआ भूमिपूजन

**सिद्धार्थनगर।** उसका ब्लॉक अंतर्गत उसका-अजगरा-धर्म सिंहवा मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण कार्य का भूमिपूजन कपिलवस्तु विधायक श्यामधनी राही के करकमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में क्षेत्र के समग्र विकास हेतु सड़क, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क के चौड़ीकरण एवं सुंदरीकरण से कछार क्षेत्र के लोगों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति प्राप्त होगी। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रवासियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मार्ग लंबे समय से क्षेत्र की प्रमुख मांगों में शामिल था, जिसे अब पूरा किया जा रहा है।

# बांसी कोतवाली में पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में 'समाधान दिवस' संपन्न

- जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**बांसी सिद्धार्थनगर।** आज शनिवार को स्थानीय कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन की अध्यक्षता में 'समाधान दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनसुनवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। समाधान दिवस के दौरान कुल 11 मामले पंजीकृत किए गए।

राजस्व विभाग 08 मामले,पुलिस विभाग 03 मामले का मौके पर निस्तारण 01 मामला पुलिस अधीक्षक ने शेष बचे हुए मामलों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता के साथ निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनसुनवाई के उपरांत, पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली स्थित अस्पताल के मार्ग के समीप बाउंड्री वॉल का भी निरीक्षण किया।इस समाधान दिवस में प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे।एसडीएम निखिल चक्रवर्ती, नायब तहसीलदार माधुर्य यादव। पुलिस अधिकारीः सीओ शुबेन्दु सिंह, प्रभारी निरीक्षक मृत्युंजय पाठक, क्राइम इंस्पेक्टर रामनारायण दुबे।राजस्व एवं पुलिस टीम राजस्व निरीक्षक कन्हैया सिंह, दयानंदलाल श्रीवास्तव, सीएस लाल श्रीवास्तव, कृषभूषण दुबे सहित लेखपाल विनोद गौतम, भानु प्रताप, प्रभात सैनी, आशीष शुक्ल, अजय यादव, सर्वेश चौधरी, अमिता तिवारी, आर्निका यादव, निधि चौधरी, पूजा यादव एवं समस्त उप-निरीक्षक व हेड कांस्टेबल उपस्थित रहे।

# आपसी सामंजस्य से ही बेहतर शिक्षण कार्य संभव




अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** ग्राम प्रधान व प्रधानाध्यापक में बेहतर सामंजस्य से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य संभव है। ग्राम पंचायत शिक्षा समितियों की भी इसके लिए जिम्मेदारी कम नहीं है। पठन-पाठन की व्यवस्था के साथ स्कूल की सुविधाओं व मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता को बनाए रखना सामंजस्य से ही संभव है।

उक्त बातें भनवापुर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा ने कहीं। वह शनिवार को ब्लाक सभागार भनवापुर में ग्राम प्रधान/स्थानीय निकाय व प्रधानाध्यापकों के बीच आयोजित शिक्षा उन्मुखीकरण संगोष्ठी के दौरान बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शिक्षा हर किसी के लिए बहुत जरूरी है। सरकार इसी लिए परिषदीय शिक्षा व्यवस्था के प्रति काफी संवेदनशील है। हम सभी की जिम्मेदारी है कि कोई भी बच्चा बिना स्कूल के न हो।

इसके लिए हम सभी को उनके अभिभावकों को जागरूक करते हुए उनके बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना है। विशिष्ट अतिथि के रूप में खण्ड विकास अधिकारी विनोद मणि त्रिपाठी ने विद्यालयों को कायाकल्प के अंतर्गत भौतिक संसाधनों से परिपूर्ण कर दिया गया है। ब्लाक स्तरीय 'ग्राम प्रधान / स्थानीय अधिकारी-निकाय एवं प्रधानाध्यापक की एक दिवसीय संगोष्ठी को खण्ड शिक्षा अधिकारी महेंद्र प्रसाद ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालयों में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा, सामुदायिक सहभागिता एवं शैक्षिक विकास को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत बृजेश गुप्ता, सीडीपीओ संजय गुप्ता, राम प्रकाश मिश्र, अरुण चतुर्वेदी, बृज किशोर तिवारी, श्वेता श्रीवास्तव,वंदना श्रीवास्तव, रमेश राम, आबिद रिजवी, गोपेश दुबे, शम्स हैदर, अनिल कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) एवं वार्षिकोत्सव का पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूपा राजा में आयोजन



**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को जनपद के विकास खंड बाँसी स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय सूपा राजा के प्रांगण में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में 'मिशन शक्ति' फेज-5 द्वितीय चरण के अंतर्गत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम एवं विद्यालय के वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को महिला हेल्पलाइन नंबरों और 'गुड टच-बैड टच' के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विद्यालय की छात्राओं द्वारा अत्यंत मनमोहक सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जी एन एवं पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा. अभिषेक महाजन ने मुख्य रूप से उपस्थित रहकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें भविष्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन धनंजय मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी बाँसी नीरज कुमार सिंह, बालिका सह-समन्वयक सुरेंद्र श्रीवास्तव, प्रधानाध्यापिका निर्मला शुक्ला, रितु देवी, मुदिता सिंह, आशुतोष तिवारी, जया साहनी, अंजनी झा सहित अन्य शिक्षक एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा आयोजित सेमिनार में निःशुल्क टूल-किट्स का वितरण किया गया

अवधनामा संवाददाता




**गोण्डा।** वेंकटाचार्य क्लब में शुक्रवार को उत्तर प्रदेश सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 27.03.2026 को मण्डल स्तरीय एक दिवसीय खादी सेमिनार का आयोजन किया गया खादी एवं ग्राम उद्योग बोर्ड को पर्यावरण के अनुकूल और स्वदेशी बताया गया। जिला ग्राम उद्योग अधिकारी ने खादी उत्पादन बढ़ाने व ग्रामीण रोजगार को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। और बताया कि जो कमजोर वर्ग के लोग है वो अपना रोजगार स्वतः कर सकते है शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से आये कारीगर को आत्मनिर्भर बनाने एवं सूक्ष्म व लघु उद्योग के माध्यम से रोजगार पैदा करने की जानकारी दी गई।

युवा पीढ़ी में आधुनिक फैशन फैब्रिक के रूप में प्रमोट किये जाने हेतु खादी संस्थाओं के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन, स्कूल/कॉलेज के छात्र, शिक्षक, फैशन डिजाइनर, तकनीकी एवं व्यवसायिक संस्थाओं के शिक्षक एवं छात्रों के साथ-साथ आये हुये गणमान्य व्यक्तियों को खादी के प्रति जागरूक किया गया एवं साथ ही विभाग द्वारा संचालित समस्त ग्रामोद्योगी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में आये दूरदराज से ग्राम प्रधान को खादी तथा ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योगी इकाईयों की स्थापना के लिये ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। और जिला ग्राम उद्योग अधिकारी महेंद्र नाथ मिश्रा द्वारा लाभार्थियों को टूल किट्स वितरण योजनान्तर्गत 10 निःशुल्क पॉपकार्न मेकिंग मशीन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में आये अतिथि जिला विकास अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला श्रावस्ती/बलरामपुर ग्रामउद्योग अधिकारी ने कहा कि खादी केवल कपड़ा नहीं, बल्कि आत्मनिर्भरता का प्रतीक है और यह पर्यावरण को बचाने में भी मदद करती है।

# जोगिया ब्लॉक सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को विकास खंड जोगिया के ब्लॉक सभागार में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता सुनिश्चित करने हेतु एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी रामानंद वर्मा ने की।बैठक के दौरान संचारी रोगों (जैसे डेंगू, मलेरिया, दिमागी बुखार) की रोकथाम के लिए ग्रामीण स्तर पर स्वच्छता, फॉगिंग और जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। खंड विकास अधिकारी ने उपस्थित सचिवों और ग्राम प्रधानों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल-जमाव की समस्या को दूर करें और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव सुनिश्चित करें।

बैठक में स्वास्थ्य विभाग और ब्लॉक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। एडीओ पंचायत प्रदीप सिंह, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जोगिया से बीएएम प्रवीन त्रिपाठी और एनएमए रविशंकर मिश्रा।ब्लॉक सचिव मो. मुस्तफा, परमात्मा यादव, अभिषेक त्रिपाठी, गायत्री चौधरी सहित अन्य सचिव।ग्राम प्रधानः इंदल लोधी, मनीराम, मनमोहन, नीरज सिंह, दुर्गाप्रसाद चौधरी, मनीष मिश्रा आदि।पंचायत सहायक बालगोविंद, पंकज, अजय प्रजापति, अभिषेक गुप्ता, सुमन कुमारी, काजल मिश्रा, नेहा यादव एवं समस्त स्टाफ।

## 14 वर्षीय बालक की निर्मम हत्या में दो अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा

**बांसी सिद्धार्थनगर।** शनिवार को अपर सत्र न्यायाधीश, बांसी (सिद्धार्थनगर) के माननीय न्यायालय ने अपहरण और हत्या के एक वीभत्स मामले में ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दो अभियुक्तों को मृत्युदंड की सजा सुनाई है। न्यायालय ने इस कृत्य को सामाजिक और पारिवारिक रिश्तों पर गहरा आघात मानते हुए दोषियों को कठोरतम दंड से दंडित किया है।

मामला पथरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम खोरिया रघुवीर सिंह का है। वादिनी जैतुन्निशा के 14 वर्षीय नाबालिग पुत्र, मुहम्मद उमर, को दिनांक 29.04.2023 को उसके सगे चाचा नजीर उर्फ नजीरूल ने अपने मित्र अब्दुल्लाह के साथ मिलकर मोटरसाइकिल से बहला-फुसलाकर अगवा किया था। अभियुक्त उसे बस्ती जिले के थाना कलवारी क्षेत्र में ले गए, जहाँ पहले रुमाल से गला कसकर उसे अचेत किया और फिर चाकू से बारी-बारी गला रेतकर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हत्या के बाद अभियुक्त शव को वहीं छोड़कर वापस घर लौट आए।

# आभा आईडी से पर्चा बनाने में मेडिकल कॉलेज को मिला प्रथम स्थान



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (ए बी डी एम) के क्रियान्वयन में जिले में प्रथम आने पर लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में चिकित्सा अधिक्षक डॉ अमित पटेल को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। गत बुधवार 25 मार्च को चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग की सचिव रितु माहेश्वरी के द्वारा उक्त प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। उक्त के क्रम में आज एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक के सभागार में प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव जी ने उक्त प्रशस्ति पत्र को नोडल अधिकारी एच आई एम एस डॉ विवेक श्रीवास्तव , नोडल अधिकारी ओ पी डी डॉ सुशील शर्मा एवं सह नोडल अधिकारी ओपीडी डा सुनील यादव के तथा रजिस्ट्रेशन काउंटर के सभी कर्मचारियों के साथ हर्ष पूर्वक साझा करते हुए सभी को हार्दिक बधाई दी और आभा रजिस्ट्रेशन को शत प्रतिशत करने की बात कहीं। राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में मरीजों के पर्चे अब केवल आभा आईडी से बनाने के दिशा निर्देश दिए गए हैं, जिसके माध्यम से मरीजों का पूरा स्वास्थ रिकॉर्ड ऑनलाइन सुरक्षित रहता है। इससे मरीज़ को देश विदेश कही भी इलाज़ कराना आसान हो जाता है।

स्मार्टफोन में एप के माध्यम से मरीज़ स्वयं अपना पंजीकरण कराकर सीधे चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर सकता हैं। उक्त व्यस्था को सुचार रूप से चलने के लिए मेडिकल कॉलेज के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर प्रमोद कुमार फोटोग्राफर की देख रेख में कम्प्यूटर ऑपरेटर के तौर पर महेंद्र प्रताप सिंह, दीपक पांडे, संतोष सिंह, रजनीश वर्मा, आयुष वर्मा, पंकज पटेल, बनवीर, मुकेश वर्मा एवं आभा सहायक के तौर पर हेमलता तथा सुमन वर्मा की तैनाती की गई है। ऐसे मरीज़ जो कि स्मार्टफोन नहीं चला सकते उनके लिए लिए पांच काउंटर पर बायोमेट्रिक की व्यस्था भी की गई है।

## उपचार में लापरवाही बरतने पर दो कर्मचारियों से मांगा गया स्पष्टीकरण

**बसखारी अम्बेडकरनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में उपचार में कथित लापरवाही का मामला सामने आने पर अधीक्षक ने सख्त रुख अपनाया है। इस संबंध में दो कर्मचारियों–शशिबाला और अनुपम (उपचारिका संविदा) से स्पष्टीकरण मांगा गया है,कार्यालय द्वारा जारी पत्र के अनुसार, जिलाधिकारी अम्बेडकर नगर के निर्देश पर गठित जांच टीम को एक शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायतकर्ता सूरत गोस्वामी (निवासी ग्राम दौलतपुर, पोस्ट तरोली मुबारकपुर, थाना हंसवर) ने आरोप लगाया कि 15 मार्च 2026 को अपने बच्चे के इलाज के लिए वह सीएचसी बसखारी गए थे, जहां समुचित उपचार न देकर उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया,प्रकरण को गंभीर मानते हुए अधीक्षक ने संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी कर तीन कार्यदिवस के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। पत्र में स्पष्ट किया गया है कि समयसीमा के भीतर संतोषजनक जवाब न मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित कर्मचारियों की होगी,इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है और मामले की जांच पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

## मिशन शक्ति फेज 5 के तहत तिलेसरा देवी महाविद्यालय के छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




**अम्बेडकरनगर।** मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज- 5 द्वितीय चरण के अंतर्गत शिक्षा विभाग के कार्य योजना के अनुसार मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज भसड़ा,टांडा, अंबेडकर नगर में आज दिनांक 28.03.2026 दिन शनिवार को महाविद्यालय के छात्र/ छात्राओं द्वारा मिशन शक्ति के तहत जागरूकता रैली निकाली गई जिसमें महिलाओं की सुरक्षा ,महिलाओं की शिक्षा तथा महिलाओं के स्वावलंबन पर ग्राम वासियों को जागरूक किया गया । महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव जी ने सावित्रीबाई फुले के जीवन चरित्र पर अपने विचार को व्यक्त किया। जिसमें बी0एड्0विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्विनी कुमार, मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार, श्रीअभिषेक पांडेय , डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव, श्रीमती संगीता देवी, सुश्री अंशिका रानी, सुश्री लक्ष्मी भारती, श्री इंद्रेश कुमार, श्री सुनील कुमार वर्मा के साथ विभिन्न संकायों के छात्र/ छात्रा उपस्थित रहे।

## समाधान दिवस के अवसर पर थाना कोतवाली नगर में की गयी जनसुनवाई



**गोण्डा।** थाना समाधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक गोण्डा विनीत जायसवाल द्वारा थाना कोतवाली नगर में जनसुनवाई की गयी। महोदय द्वारा जनता की जनसमस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के त्वरित एवं गुणवक्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित राजस्व और पुलिस विभाग के अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत-प्रतिशत निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया। थाना कटरा बाजार में जनसुनवाई के दौरान 6 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर भेजा गया है। इसी प्रकार समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षों द्वारा अपने अपने थानों पर समाधान दिवस पर आने वाले फरियादियों की शिकायतों को सुनकर उनके गुणवत्तापूर्ण व त्वरित निस्तारण कराया गया।

# समाधान दिवस के अवसर पर जनसमस्याओं की सुनवाई कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें : डीएम

देवी अवस्थी संवाददाता



**गोण्डा।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से थाना कोतवाली देहात में थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन द्वारा उपस्थित फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। थाना परिसर में आयोजित समाधान दिवस में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए नागरिकों ने भूमि विवाद, अवैध कब्जा, रास्ता अवरोध, राजस्व अभिलेखों में त्रुटि, पारिवारिक विवाद तथा अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से प्रकरण की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनके निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करे तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करे। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ता एवं विपक्षी पक्ष–दोनों को बुलाकर पारदर्शी तरीके से प्रकरण का समाधान कराया जाए, जिससे भविष्य में विवाद की पुनरावृत्ति न हो। समाधान दिवस के दौरान कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों के लिए संबंधित विभागों को निश्चित समय सीमा निर्धारित कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन को न्याय पाने के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। समाधान दिवस जैसी पहल जनता और प्रशासन के बीच विश्वास को मजबूत करती है।

## रिमझिम बारिश ने थामी खेती किसानी की रफ्तार

**अमेठी।** जनपद में पिछले दो दिन से मौसम का मिजाज बिगड़ा है।शुक्रवार रात भी तेज हवाओं के साथ रिमझिम वारिस हुई कहीं कहीं ओलावृष्टि भी हुई जिससे खेती किसानी की रफ्तार थम गई है। वहीं गुरुवार सुबह आंधी के साथ हुई रिमझिम बारिश ने किसानों की मुश्किल बढ़ा दी है। बारिश के कारण किसानों की फसले भीग गई जिसमें उन्हें काफी क्षति हुई। किसान अभी सरसों चना मटर की फसल निपटा रहे हैं।उधर गेहूं की कटाई का काम भी शुरू हो गया है। काफी देर तक तेज आंधी चली जिसमें किसानों की कटी फसल उड़ने लगी कुछ देर बाद रिमझिम बारिश शुरू हो गई जो काफी देर तक जारी रही।इससे किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इस समय चारों ओर खेती किसानी का काम तेजी चल रहा है मौसम का मिजाज कई दिनों से बिगड़ा है फसलों की कटाई का काम कुछ दिनों के लिए प्रभावित हो गया है। शनिवार को दिन में फिर आसमान में काले बादल और हवाएं तेज चल रही थी जिससे किसान आगे भी बारिश की आशंका से भयभीत हैं।

## परिषदीय विद्यालय में वार्षिकोत्सव की रही धूम, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लिया भाग



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** स्थानीय विकासखंड के तमाम परिषदीय विद्यालयों में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें उत्कृष्ट योगदान देने वाले व बेहतर छात्र उपस्थिति वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। कुछ विद्यालयों में कक्षा बार टॉपर बच्चों को भी विशेष रूप से पुरस्कृत किया गया।

डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र के बंजरहवा में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक नसीम अहमद रहे। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था में निरंतर सुधार होता जा रहा है। तमाम योजनाएं विद्यालयों में चल रही हैं। जिसका लाभ बच्चों को मिल रहा है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक जियाफत हुसैन फारूकी ने विद्यालय की उपलब्धियां को गिनाया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने गीत, नाटक, डांस आदि प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। विद्यालय में अध्यनरत बच्चों में से उत्कृष्ट योगदान देने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। अपने संबोधन में एआरपी शेषराम यादव कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक व सामाजिक कार्यों में भी भाग लेना चाहिए। सभी बच्चे मेहनत के साथ अपनी पढ़ाई करें।

## भारत में ‘तेल आपातकाल’ नहीं

प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य के मुख्यमंत्रियों के साथ, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद और विमर्श किया। यह हमारे लोकतंत्र का संघीय चरित्र है। प्रधानमंत्री ने ईरान युद्ध से उपजे पश्चिम एशिया ही नहीं, बल्कि वैश्विक हालात पर चर्चा की होगी। ऐसे ही संघीय संवाद कोरोना महामारी के दौरान भी किए गए थे। तब एक खास किस्म का विषैला, जानलेवा संक्रमण दुनिया भर में फैला था। भारत में लॉकडाउन के साथ-साथ कई सख्त कदम भी उठाए गए थे। हमारी अर्थव्यवस्था नकारात्मक हो गई थी। बेहद भयावह माहौल और हालात थे। बहरहाल आज वैसे हालात नहीं हैं। तेल-गैस, उर्वरक आदि की आपूर्ति अवरुद्ध हुई है, लिहाजा किल्लत महसूस हो रही है। कुछ संकट का दौर तो है। अफवाहों और दुष्प्रचार की ‘काली भेड़ों’ ने लॉकडाउन की फर्जी खबरें चलाना भी शुरू कर दिया है। मीडिया के एक वर्ग में यह विश्लेषण भी छापा गया कि देश में तेल-गैस का स्टॉक मात्र 7-9 दिन का है। शायद उसी से आम आदमी घबराया है और पेट्रोल पंपों पर जन-सैलाब की स्थितियां हैं। मारा-पीटी भी हुई है। पुलिस पर भी प्रहार किया गया है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने हकीकत का खुलासा किया है कि देश में पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस (एलपीजी) का 60 दिन का स्टॉक सुरक्षित है। अगले 60 दिन के कच्चे तेल की बुकिंग सरकार ने कर ली है। करीब 8 लाख टन एलपीजी कार्गो सुरक्षित कर लिए गए हैं। वे रूस, अमरीका, ऑस्ट्रेलिया आदि कई देशों से आ रहे हैं। सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, इराक, रूस आदि देशों से कच्चा तेल आ रहा है। यह आपूर्ति 60 दिन के लिए सुनिश्चित कर ली गई है। देश के एक लाख पेट्रोल पंपों में से एक पर भी पेट्रोल-डीजल खत्म नहीं हुए हैं। लगातार सप्लाई जारी है। देश में करीब 3.3 करोड़ मीट्रिक टन एलपीजी की सालाना खपत होती है और हमारी रिफाइनरियां हररोज औसतन 50,000 टन एलपीजी का उत्पादन कर रही हैं।

उत्पादन 40 फीसदी बढ़ाया गया है। यदि जमाखोर, कालाबाजारी, मुनाफाखोर, चोर-लुटेरे, देश-विरोधी लोग सरकार के इस खुलासे से आश्वस्त नहीं हैं, तो देश में दूसरा कौनसा वैकल्पिक माध्यम है, जो तेल-गैस की अपडेट वस्तुस्थिति देश को बता सके? आप सरकार-विरोधी, प्रधानमंत्री-विरोधी, नीति-विरोधी हो सकते हैं, लेकिन राजनीतिक दुराग्रह भारत-विरोध की हद तक नहीं पहुंचना चाहिए। संकट, आपदा और तात्कालिक धक्का आदि समानार्थी शब्द लगते हैं, लेकिन ये अलग-अलग स्थितियों को बयां करते हैं। अमरीका और इजरायल ने ईरान पर युद्ध की शुरुआत की और ईरान ने पलटवार में खाड़ी देशों के तेल-गैस ठिकानों को तबाह किया। 17 अमरीकी बेस भी मिट्टी-मलबा कर दिए। नतीजतन आज एशिया, यूरोप, अफ्रीका, ग्लोबल साउथ के 113 देश प्रभावित हो रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, म्यांमार, फिलीपींस, स्लोवाकिया, कनाडा, थाईलैंड, नाइजीरिया, लाओस, जर्मनी, फ्रांस सरीखे देशों में आपातकाल, कार-फ्री डे, पेट्रोल पंप तालाबंदी, राशनिंग और ऑड-ईवन आदि के हालात बने हैं। जापान जैसे विकसित देश को अपना रिजर्व तेल जारी करना पड़ा है। दुनिया में 140 अरब टन एलपीजी की कमी बताई जा रही है। कच्चे तेल का संकट अलग है। अमरीका में भी पेट्रोल-डीजल के दाम 22 फीसदी उछल गए हैं। कमोबेश भारत में अभी आपातकाल की स्थिति नहीं है। आम आदमी के लिए सरकार ने पेट्रोल-डीजल के दाम भी महंगे नहीं किए हैं। मोदी ने इन्हीं बिंदुओं के आसपास मुख्यमंत्रियों से बात की होगी।

## ‘शक्तिशाली सेना बनाम खाली जेबः कूटनीति के चक्रव्यूह में फंसा अमेरिकी स्वाभिमान’

दुनिया के नक्शे पर जब भी युद्ध की आहट होती है, तो सबसे पहले व्हाइट हाउस की हलचलें तेज हो जाती हैं। लेकिन ये युद्ध अमेरिका के कुछ अलग है, और महंगा भी पड़ रहा है, एक तरफ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर अमेरिकी मिसाइलें ईरान के आसमान को चीर रही हैं, तो दूसरी तरफ पेंसिलवेनिया और ओहायो के गैस स्टेशनों पर खड़ा एक आम अमेरिकी नागरिक अपनी खाली होती जेब देख रहा है। आज की कड़वी सच्चाई यही है कि वाशिंगटन की सैन्य ताकत जितनी बढ़ रही है, वहां के आम आदमी का भरोसा अपनी सरकार और अपनी अर्थव्यवस्था पर उतना ही कम होता जा रहा है। ट्रंप प्रशासन ने अमेरिका फर्स्ट का नारा तो दिया था, लेकिन आज का मंजर देखकर ऐसा लगता है जैसे युद्ध की जिद ने उस वादे को ही हाशिए पर धकेल दिया है।


दिलीप पाठक

राजनीतिक गलियारों में आज ट्रंप की स्थिति किसी मज़ाक से कम नहीं रह गई है। चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने चिल्ला-चिल्लाकर कहा था कि वे अमेरिका को अंतहीन युद्धों से बाहर निकालेंगे, लेकिन आज वे खुद एक नए और भीषण युद्ध के नायक बने बैठे हैं। इसे नियति का क्रूर मजाक ही कहेंगे कि जिस शांति का वादा उन्होंने किया था, उसे उन्होंने मिसाइलों के धुएं में उड़ा दिया है। वैश्विक मंच पर ट्रंप की छवि एक ऐसे नेता की बनती जा रही है जो कहता कुछ है और करता कुछ और है। नाटो देशों को फंडिंग रोकने की धमकी देना और फिर उन्हीं से युद्ध में सहयोग मांगना, उनकी कूटनीतिक अपरिपक्वता को जगजाहिर कर रहा है। आज दुनिया के कई देशों में ट्रंप के विरोधाभासी बयानों पर चर्चा हो रही है और कूटनीति के जानकार इसे हड़बड़ी में लिया गया आत्मघाती कदम बता रहे हैं, हैरानी की बात यह है कि ट्रंप जिस सुपरपावर होने का दंभ भर रहे हैं, उसकी बुनियाद घर के भीतर ही दरक रही है। जब राष्ट्रपति टीवी पर अपनी मिसाइलों की मारक क्षमता गिनाते हैं, तब मिडिल क्लास अमेरिकी अपने बच्चों की स्कूल फीस और घर के किरायों के जुगाड़ में माथापच्ची कर रहा होता है। यह कैसा राष्ट्रवाद है जो अपने ही लोगों को महंगाई की आग में झोंककर विदेशी धरती पर अपनी धाक जमाने की कोशिश कर रहा है? लोग अब दबी जुबान में पूछने लगे हैं कि क्या एक बिजनेसमैन राष्ट्रपति को इतना भी मुनाफा-नुकसान समझ नहीं आता कि जंग की कीमत हमेशा आम लोगों की थाली से वसूली जाती है? ट्रंप का अहंकार आज उन्हें उस मोड़ पर ले आया है जहां उनके अपने समर्थक भी अब उनके फैसलों पर सवालिया निशान लगा रहे हैं। कूटनीति की मेज पर बैठे बड़े खिलाड़ी उनके इस व्यवहार को गंभीरता से लेने के बजाय एक अस्थिर नेतृत्व के रूप में देख रहे हैं। यही वह बिंदु है जहां एक महान देश का मुखिया दुनिया के सामने उपहास का पात्र बन जाता है।

आंकड़ों की बात करें तो स्थिति और भी भयावह है। युद्ध की आहट मात्र से अमेरिका में महंगाई दर ने खतरे के निशान को पार कर लिया है। शेयर बाजार में हर रोज अरबों डॉलर स्वाहा हो रहे हैं। एक आम अमेरिकी परिवार, जो पहले से ही कर्ज के बोझ तले दबा था, अब बढ़ती तेल की कीमतों और महंगे राशन से बेहाल है। वहां के आधे से ज्यादा नागरिक अब यह मानने लगे हैं कि सरकार को अपनी सेना की ताकत दिखाने से ज्यादा अपनी जनता की फिक्र करनी चाहिए। एक ऐसा देश जिसके पास दुनिया को तबाह करने वाली सबसे आधुनिक मिसाइलें तो हैं, लेकिन अपने नागरिकों को सस्ता ईंधन और मानसिक शांति देने का कोई ठोस रास्ता नहीं है। मानवीय नजरिए से देखें तो यह सिर्फ डॉलर और सेंट का मामला नहीं है। यह उस अमेरिकी सपने के टूटने की कहानी है, जिसे दिखाकर वोट मांगे गए थे। युद्ध के मोर्चे पर डटे सैनिकों के परिवार आज डरे हुए हैं, वहीं मध्यम वर्ग के लिए मंदी शब्द अब सिर्फ खबर नहीं, बल्कि उनके घर की दहलीज पर खड़ी हकीकत बन चुका है। ट्रंप की नीतियां आज एक ऐसे चक्रव्यूह में फंस गई हैं, जहां से बाहर निकलने का हर रास्ता या तो और बड़े युद्ध की ओर जाता है या फिर आर्थिक तबाही की ओर। कूटनीति की बिसात पर मोहरे तो हिल रहे हैं, लेकिन जीत का अहसास कहीं गायब है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए ‘अवधनामा’ जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं। : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।**

# बीमा सुरक्षा का माध्यम बने, न कि मुनाफे का जाल

बीमा का मूल उद्देश्य जीवन की अनिश्चितताओं से सुरक्षा प्रदान करना है। यह व्यवस्था व्यक्ति को बीमारी, दुर्घटना या अन्य संकटों के समय आर्थिक सहारा देती है। परंतु आज के दौर में यह व्यवस्था अपने मूल उद्देश्य से भटकती हुई दिखाई दे रही है। विशेषकर स्वास्थ्य बीमा के क्षेत्र में जो जटिलताएं, अपारदर्शिता और मनमानी देखने को मिल रही है, उसने आमजन के विश्वास को गहरी चोट पहुंचाई है। बीमा, जो सुरक्षा का माध्यम होना चाहिए था, वह कई बार शोषण का उपकरण बनता जा रहा है। वर्तमान समय में चिकित्सा सेवाओं की लागत अत्यधिक बढ़ चुकी है। निजी अस्पतालों में इलाज का खर्च लाखों में पहुंच जाता है। सरकार के द्वारा रियायती मूल्यों पर उपलब्ध कराई भूमि पर बने अस्पताल आज गरीबों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे में स्वास्थ्य बीमा एक आवश्यक सुरक्षा कवच के रूप में उभरता है। बीमा कंपनियां भी इसी भय और भविष्य की अनिश्चितता का उपयोग कर लोगों को पॉलिसी खरीदने के लिए प्रेरित करती हैं। लेकिन वास्तविक समस्या तब सामने आती है जब बीमा धारक को उसकी जरूरत होती है। दावों के निपटान के समय कंपनियां अनेक तकनीकी कारणों, शर्तों और अपवादों का हवाला देकर भुगतान से बचने का प्रयास करती हैं।


ललित गर्ग

विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार, हजारों करोड़ रुपये के बीमा दावे हर वर्ष खारिज कर दिए जाते हैं। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है, बल्कि बीमा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अक्सर देखा गया है कि पॉलिसी लेते समय ग्राहकों को शर्तों की पूरी जानकारी नहीं दी जाती। जटिल भाषा में लिखे गए नियम और शर्तें आम व्यक्ति की समझ से बाहर होती हैं। परिणामस्वरूप, जब दावा प्रस्तुत किया जाता है, तो उन्हीं शर्तों को आधार बनाकर भुगतान रोक दिया जाता है। इस समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू निजी अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच संभावित गठजोड़ भी है। कई मामलों में अस्पताल अत्यधिक बिलिंग करते हैं और बीमा कंपनियां कम भुगतान करती हैं, जिससे मरीज को भारी आर्थिक बोझ उठाना पड़ता है। यह स्थिति विशेष रूप से मध्यम और निम्न वर्ग के लोगों के लिए अत्यंत पीड़ादायक होती है। कई बार तो ऐसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जहां अस्पताल बकाया राशि के कारण मरीज के शव को तक रोक लेते हैं, जो मानवीय संवेदनाओं के विरुद्ध है।

यदि हम विकसित देशों की तुलना करें, तो वहां बीमा प्रणाली अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी है। दावों का निपटान समयबद्ध और न्यायसंगत तरीके से किया जाता है। भारत में



भी भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) जैसे नियामक संस्थान मौजूद हैं, जिनका उद्देश्य बीमा क्षेत्र को नियंत्रित और संतुलित करना है। लेकिन व्यावहारिक स्तर पर इनकी प्रभावशीलता पर प्रश्न उठते रहे हैं। नियामक तंत्र की निष्क्रियता या सीमित हस्तक्षेप के कारण बीमा कंपनियों की मनमानी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस स्थिति में सुधार के लिए सबसे पहले बीमा प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाना आवश्यक है। पॉलिसी दस्तावेजों को आम भाषा में प्रस्तुत किया जाना चाहिए ताकि एक सामान्य व्यक्ति भी उसकी शर्तों को समझ सके। इसके साथ ही, बीमा एजेंटों की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए कि वे ग्राहकों को पूरी और सही जानकारी दें। गलत जानकारी देकर पॉलिसी बेचने पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

दूसरा महत्वपूर्ण कदम है-दावा निपटान प्रक्रिया का सरलीकरण। बीमा दावों के लिए एक मानकीकृत और समयबद्ध प्रक्रिया लागू की जानी चाहिए। यदि कोई दावा खारिज किया जाता है, तो उसके स्पष्ट और उचित कारण बताए जाएं। इसके लिए एक स्वतंत्र अपीलीय तंत्र भी होना चाहिए, जहां उपभोक्ता अपनी शिकायत दर्ज कर सके और उसे त्वरित न्याय मिल सके। तीसरा, अस्पतालों और बीमा कंपनियों के बीच पारदर्शिता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। उपचार की लागत को नियंत्रित करने के लिए एक मानक दर प्रणाली लागू की जा सकती है। इससे अनावश्यक बिलिंग और वित्तीय शोषण पर रोक लगेगी। साथ ही, कैशलेस उपचार की सुविधा को अधिक प्रभावी और व्यापक बनाया जाना चाहिए ताकि मरीज को तत्काल आर्थिक राहत मिल सके। चौथा, सरकार को इस क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। एक राष्ट्रीय स्तर की निगरानी प्रणाली स्थापित की जानी चाहिए, जो बीमा कंपनियों और अस्पतालों की गतिविधियों पर नजर रखे। समय-समय पर ऑडिट और जांच के माध्यम से अनियमितताओं को उजागर किया जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। पांचवां, बीमा साक्षरता को बढ़ावा देना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को बीमा की शर्तों, अधिकारों और प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी जानी चाहिए। विशेष रूप से गरीब और अशिक्षित वर्ग के लिए सरल मार्गदर्शिका और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। निश्चित तौर पर बीमा व्यवसाय को केवल लाभ कमाने का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में देखा जाना चाहिए। जब तक इस क्षेत्र में नैतिकता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित नहीं होगी, तब तक आमजन का विश्वास बहाल नहीं हो सकता। आज आवश्यकता इस बात की है कि बीमा प्रणाली को पुनर्गठित कर उसे जनहितकारी बनाया जाए। सरल प्रक्रियाएं, स्पष्ट नियम, सशक्त नियामक तंत्र और जागरूक उपभोक्ता-ये चार स्तंभ ही बीमा क्षेत्र को उसकी वास्तविक दिशा में ले जा सकते हैं। यदि समय रहते इन सुधारों को लागू नहीं किया गया, तो बीमा का यह महत्वपूर्ण साधन आम आदमी के लिए सुरक्षा के बजाय संकट का कारण बना रहेगा।

चिकित्सा और बीमा-दोनों ही ऐसे क्षेत्र हैं जो मूलतः मानव जीवन की सुरक्षा, राहत और सेवा से जुड़े हुए माने जाते हैं, लेकिन विडंबना यह है कि आज ये दोनों क्षेत्र आमजन के लिए सबसे अधिक जटिल, महंगे और अविश्वसनीय होते जा रहे हैं। एक ओर रियायती जमीन पर बने निजी अस्पताल गरीबों को मुफ्त इलाज देने के अपने दायित्व से बचते नजर आते हैं, वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य बीमा के नाम पर बीमा कंपनियां ऐसी शर्तें और प्रक्रियाएं थोप देती हैं कि जरूरत के समय मरीज को बीमा का लाभ मिलना कठिन हो जाता है। यह स्थिति केवल प्रशासनिक लापरवाही नहीं, बल्कि संवेदनहीन व्यवस्था का प्रतीक बनती जा रही है।

# अफ़वाहों का बाज़ार : सरकार, विपक्ष व समाज की ज़िम्मेदारी

**ऐसी भ्रामक स्थिति में आम नागरिक के लिए सत्य और असत्य के बीच की धुंधली रेखा को पहचानना कठिन हो जाता है, जिससे समाज में अविश्वास का माहौल पनपता है। अतः सरकार का दायित्व हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और विदेश नीति पर निरंतर पारदर्शिता और जनता से संवाद बना कर रखे। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय तथा सभी राजनीतिक दलों के साथ संवाद इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, जैसा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह के प्रयास किए गए हैं।**

वर्तमान में संपूर्ण विश्व भू-राजनीतिक अस्थिरता, युद्ध की विभीषिकाओं और आर्थिक अनिश्चितताओं के चक्रव्यूह में फंसा हुआ है। इस वैश्विक उथल-पुथल के मूल में रूस-यूक्रेन महासमर, ईरान-अमेरिका, इजरायल के मध्य गहराता संघर्ष, अमेरिका की संरक्षणवादी टैरिफ नीतियां तथा तीव्र होती वैश्विक गुटबाजी जैसे कारक प्रमुख रूप से उत्तरदायी नजर आते हैं। इन द्वंद्वों के परिणामस्वरूप ऊर्जा सुरक्षा, अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक तंत्र, कूटनीतिक संतुलन और वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थिरता जैसे विषय आज राष्ट्रों के लिए अत्यंत चिंताजनक बन गए हैं। जहाँ कुछ राष्ट्र प्रत्यक्ष रूप से युद्ध की विभीषिका झेल रहे हैं, वहीं भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं इसके परोक्ष आर्थिक दुष्प्रभावों का सामना करने को विवश हैं। विशेष रूप से तेल और गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना और कीमतों की अस्थिरता को नियंत्रित रखना विकसित से लेकर अविकसित देशों तक के लिए एक चुनौती बन गया है। ऐसे संकटकाल में, भारत जैसे विशाल एवं संवेदनशील लोकतंत्र के समक्ष न केवल ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने और मुद्रास्फीति पर लगाम लगाने की चुनौती है, बल्कि आंतरिक स्तर पर प्रसारित होने वाली भ्रामक सूचनाओं और अफ़वाहों के विरुद्ध जनमानस को सचेत व जागरूक करना भी एक अनिवार्य दायित्व बन गया है।


प्रो. मनमोहन प्रकाश

आज सोशल मीडिया और अनौपचारिक स्रोतों के माध्यम से भ्रामक खबरें तीव्र गति से फैल रही हैं। कहीं फिर से लॉकडाउन लगने का डर दिखाया जा रहा है, तो कहीं ईंधन की भारी कमी की आशंका जताई जा रही है, तो कुछ तेल और गैस की कीमतों के साथ रोजमर्रा के आवश्यक सामान जैसे किराना आदि के दामों में भारी वृद्धि होने का डर फैलाया जा रहा है। कुछ तत्व तो विश्व युद्ध या परमाणु हमले का भय दिखाकर जनता को आवश्यक वस्तुओं के भंडारण की अनुचित सलाह दे रहे हैं। ऐसी अपुष्ट सूचनाएं न केवल सामाजिक तनाव बढ़ाती हैं, बल्कि आर्थिक असंतुलन और 'पैनिक बाइंग' (घबराहट में खरीदारी) को भी जन्म देती हैं।इसका सबसे घातक परिणाम यह होता है कि बाज़ार में कृत्रिम कमी पैदा हो जाती है, जिसका लाभ जमाखोर और कालाबाजारी करने वाले तत्व उठाते हैं।हाल ही में गैस की कालाबाजारी के कुछ मामले पकड़े भी गए हैं। यह स्थिति स्पष्ट करती है कि अफ़वाहें केवल सूचना का संकट नहीं, बल्कि राष्ट्र की आर्थिक सुरक्षा के लिए भी खतरा है।



डिजिटल क्रांति ने सूचना के प्रसार को पंख दे दिए हैं, लेकिन इसी के साथ अफ़वाहों की गति भी बढ़ी है। कुछ राष्ट्रविरोधी तत्व पुराने वीडियो को वर्तमान संघर्षों से जोड़कर या विदेशी घटनाओं को भारत का बताकर साझा करते हैं। कुछ लोग तो पड़ोसी और अन्य विश्व के देशों में तेल और गैस की किल्लत और दामों में वृद्धि को दिखा कर भ्रम फैला रहे हैं कि भारत में भी ऐसे ही हालात निर्मित होने वाले हैं। ऐसी भ्रामक स्थिति में आम नागरिक के लिए सत्य और असत्य के बीच की धुंधली रेखा को पहचानना कठिन हो जाता है, जिससे समाज में अविश्वास का माहौल पनपता है। अतः सरकार का दायित्व हो जाता है कि वह ऊर्जा आपूर्ति, आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता और विदेश नीति पर निरंतर पारदर्शिता और जनता से संवाद बना कर रखे। केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर समन्वय तथा सभी राजनीतिक दलों के साथ संवाद इस दिशा में एक सकारात्मक कदम हो सकता है, जैसा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा इस तरह के प्रयास किए गए हैं। इसी दिशा में सभी राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई, राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया गया तथा वस्तु स्थिति पर राज्य सरकारों की आगामी रणनीति कैसी होनी चाहिए पर विचार किया गया । सब का विश्वास अर्जित करने की दिशा में इसे अच्छा प्रयास कहा जा सकता है।

विपरीत स्थितियों में विपक्षी दलों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। लोकतंत्र में सरकार की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, किंतु राष्ट्रीय सुरक्षा या वैश्विक संकट के समय विपक्ष को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्हें ऐसे वक्तव्यों से बचना चाहिए जो जनता में भ्रम और असुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। रचनात्मक सुझाव देना और संकट के समय सरकार के साथ खड़े होकर जनता का मनोबल बढ़ाना ही एक परिपक्व विपक्ष की पहचान है। नीतियों का विरोध वैचारिक हो सकता है, लेकिन वह राष्ट्र के मनोबल को कमजोर करने वाला कदापि नहीं होना चाहिए।हर विपक्ष दलों के नेताओं को अपने गिरेबान में झांक कर एक बार देखने की आवश्यकता है कि उनके द्वारा संकट की इस घड़ी में दिया गया वक्तव्य क्या देश हित में उचित है?

मैं तो इस समय यही कहना चाहूंगा कि वैश्विक संकट की घड़ी में सरकार, विपक्ष और जनता की आवाज़ एक होनी चाहिए। जब देश के भीतर एकता होती है, तो बाहरी चुनौतियों का सामना करना सरल हो जाता है। समाज को भी यह समझना होगा कि बिना पुष्टि के किसी भी जानकारी पर विश्वास करना और साझा करना अफ़वाह को बढ़ावा देना है। आधिकारिक स्रोतों पर भरोसा करना और ‘फैक्ट-चेक’ की संस्कृति विकसित करना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मीडिया को भी सनसनीखेज खबरों के बजाय तथ्यपरक पत्रकारिता पर ध्यान देना चाहिए।अफ़वाहों का संक्रमण तभी रुकेगा जब सरकार पारदर्शी हो, विपक्ष उत्तरदायी हो और समाज जागरूक हो। हमें डर और भ्रम से नहीं, बल्कि तथ्य और संयम के साथ आगे बढ़ना होगा।

# तीन देशों की सनक से पैदा वैश्विक आर्थिक, सामरिक संकट

**द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा किए गए परमाणु हमलों से हुई थी। हिरोशिमा पर परमाणु बम विस्फोट की घटना 6 अगस्त 1945 को हुई थी, जब अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इसके तीन दिन बाद, नागासाकी पर परमाणु बम विस्फोट 9 अगस्त 1945 को हुआ, जब अमेरिका ने ही नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया। यह घटनाएँ द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण में अमेरिका और जापान के बीच हुए युद्ध का हिस्सा थीं।**

जैसी की आशंका दिखाई दे रही है ईरान की भयभीत आम जनता एवं वर्तमान में बचे हुए ईरानी टॉप लीडर्स कि यह पुरजोर मांग है कि ईरान के पास जितना परमाणु ईंधन अमेरिका के आक्रमण से जमीन में धंसा हुआ बचा है, उससे कम से कम 10 बड़े परमाणु बम बनाए जा सकते हैं और इस परमाणु बम को बनाने के लिए ईरान प्रशासन पर पूरा दबाव डाला जा

रहा है। यह हालत इसलिए पैदा हुए हैं की इस त्रिकोणीय युद्ध में ईरान को बहुत बड़ी संख्या में जनहानि और बड़ी मात्रा में आर्थिक क्षति पहुंची है, ईरानके हजारों लोग मारें गए और 25000 से ज्यादा बड़ी-बड़ी बिल्डिंग,स्कूल और हॉस्पिटल ध्वस्त हुए हैं, ईरान में शिया सुन्नी झगड़ा भी अपने चरम पर है। सुन्नी लोग अब शासन का तख्ता पलटने के प्रयास में लगे हुए हैं। अमेरिका तथा इजरायल युद्ध से ईरान में हुए इस नुकसान को पूरा करने में ईरान को 15 से 20 साल लग सकते हैं। ईरान की सरकार और उनकी जनता के बीच जिस तरह से करो या मरो की स्थिति बनी है, जिसके परिणाम स्वरुप वहां की जनता और नेता यह चाहते हैं कि परमाणु बम बनाना तथा ईरान इजरायल और उसके सहयोगी देशों पर परमाणु हमला करना ही उनके अस्तित्व को बचाने के लिए अंतिम और सम्यक विकल्प हो सकता है। यदि ऐसा होता है तो निश्चित तौर पर अमेरिका इजरायल और ईरान यदि परमाणु संघर्ष में बदल सकता है। इसके परिणाम में यह परमाणु युद्ध मानव इतिहास के उन भयावह क्षणों से भी अधिक विनाशकारी होगा, जिनकी शुरुआत द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जापान के शहरों हिरोशिमा और नागासाकी पर अमेरिका द्वारा किए गए परमाणु हमलों से हुई थी। हिरोशिमा पर परमाणु बम विस्फोट की घटना 6 अगस्त 1945 को हुई थी, जब अमेरिका ने जापान के शहर हिरोशिमा पर परमाणु बम गिराया था। इसके तीन दिन बाद, नागासाकी पर परमाणु बम विस्फोट 9 अगस्त 1945 को हुआ, जब अमेरिका ने ही नागासाकी पर दूसरा परमाणु बम गिराया। यह घटनाएँ द्वितीय विश्व युद्ध के अंतिम चरण में अमेरिका और जापान के बीच हुए युद्ध का हिस्सा थीं। गौर तलब है कि उसे समय के परमाणु बम सीमित शक्ति के थे और उनका प्रभाव मुख्यतः स्थानीय स्तर पर केंद्रित रहा था, जबकि आज के परमाणु हथियार अत्यधिक उन्नत, बहु-मेगाटन क्षमता वाले और दूरगामी प्रभाव वाले विकसित हो चुके हैं। आधुनिक परमाणु युद्ध केवल एक शहर या देश तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि इसका प्रभाव विश्व के हर देश के स्तर पर फैलेगा, यदि ईरान परमाणु हथियार का उपयोग करता है या उस पर परमाणु हमला होता है तो सबसे पहले प्रत्यक्ष प्रभाव मध्य पूर्व क्षेत्र में दिखाई देगा, जिसमें इज़रायल की स्थिति बहुत ज्यादा खराब हो सकती है वह पूरी तरह विनाशकारी स्थिति में पहुंच सकता है। वहां जनसंख्या का बड़ा हिस्सा तुरंत प्रभावित होगा और बुनियादी ढांचा समाप्त हो सकता है। इसके साथ ही सऊदी अरब में रेडियोधर्मी कण पहुंचने की आशंका होगी जिससे वहां के तेल भंडार, जल स्रोत और जनजीवन गंभीर रूप से प्रभावित होंगे। इराक और सीरिया जैसे पड़ोसी देश जो पहले से अस्थिर हैं, यहां परमाणु विकिरण के कारण मानवीय संकट और भी गहरा जाएगा, तुर्की जो यूरोप और एशिया के बीच स्थित है, वह रेडियोधर्मी बादलों के प्रभाव से कृषि और स्वास्थ्य संकट का सामना कर सकता है। इसके आगे यह विकिरण वायुमंडलीय धाराओं के माध्यम से यूरोप के देशों जैसे ग्रीस, इटली और जर्मनी तक फैल सकता है, जहां कैंसर, श्वसन रोग और पर्यावरणीय असंतुलन बढ़ने की संभावना होगी। यदि संघर्ष बृहद रूप लेता है और अमेरिका तथा रूस जैसे परमाणु शक्तिशाली देश इसमें शामिल होते हैं तो स्थिति और भयावह हो जाएगी क्योंकि तब यह सीमित युद्ध नहीं बल्कि वैश्विक परमाणु टकराव का रूप ले सकता है। भारत और पाकिस्तान भी इसके अप्रत्यक्ष प्रभाव से अछूते नहीं रहेंगे, यहां पर मानसूनी चक्र में बदलाव, तापमान में गिरावट और कृषि उत्पादन में भारी कमी देखने को मिल सकती है जिसे 'न्यूक्लियर विंटर' कहा जाता है। इस स्थिति में सूर्य का प्रकाश धूल और धुएं के कारण धरती तक नहीं पहुंच पाएगा जिससे वैश्विक खाद्य संकट उत्पन्न होगा, चीन जैसी बड़ी अर्थव्यवस्था को भी आपूर्ति श्रृंखला टूटने, व्यापार बाधित होने और जनस्वास्थ्य संकट का सामना करना पड़ेगा। अफ्रीका के देश जैसे मिस्र और नाइजीरिया खाद्य आयात पर निर्भर हैं, वहां अकाल और भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वहीं दक्षिण अमेरिका के देश जैसे ब्राज़ील में भी जलवायु परिवर्तन और कृषि हानि देखने को मिल सकती है, इस पूरे परिदृश्य में एक बड़ा अंतर यह है कि द्वितीय विश्व युद्ध के समय केवल दो बम गिराए गए थे और उनका प्रभाव सीमित समय और स्थान में रहा, जबकि आज के परमाणु हथियारों की संख्या हजारों में है और उनकी मारक क्षमता कई गुना अधिक है, आधुनिक मिसाइल तकनीक जैसे इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल, कुछ ही मिनटों में एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप तक परमाणु हथियार पहुंचा सकती है, इसके अलावा आज की दुनिया अधिक परस्पर जुड़ी हुई है, वैश्विक अर्थव्यवस्था, संचार प्रणाली, इंटरनेट और आपूर्ति श्रृंखलाएं एक-दूसरे पर निर्भर हैं। इसलिए किसी एक क्षेत्र में परमाणु विस्फोट का प्रभाव पूरी दुनिया में आर्थिक मंदी, तकनीकी ठहराव और सामाजिक अराजकता के रूप में दिखाई दे सकती है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से रेडियोधर्मी विकिरण केवल तत्काल मृत्यु ही नहीं बल्कि पीढ़ियों तक चलने वाली बीमारियां जैसे कैंसर, जन्म दोष और मानसिक विकार पैदा करेगा, पर्यावरणीय दृष्टि से नदियां, महासागर और मिट्टी प्रदूषित हो जाएगे जिससे जैव विविधता को अपूरणीय क्षति पहुंचेगी।यदि हम तुलना करें तो हिरोशिमा और नागासाकी पर गिराए गए बमों ने लाखों लोगों की जान ली थी, लेकिन आज का परमाणु युद्ध अरबों लोगों के अस्तित्व को खतरे में डाल सकता है। यह अनुमानित और विशेष रूप से संभावित अमेरिका-इज़रायल-ईरान परमाणु संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि वैश्विक विनाशक आपदा होगा, जिसमें प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से लगभग हर देश प्रभावित होगा, और मानव सभ्यता को सदियों पीछे धकेल सकता है। इसलिए यह केवल सैन्य या राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि मानवता के अस्तित्व का प्रश्न है।जिसे कूटनीति, संयम और वैश्विक सहयोग के माध्यम से युद्ध विराम करके ही टाला जा सकता है।


संजीव ठाकुर



# ब्रज के ऐतिहासिक आतिशबाजी मेला देखने को उमड़ी भीड़

अवधनामा संवाददाता

राया (मथुरा)। ब्रज क्षेत्र के राया कस्बा स्थित गणेशबाग में माता मनकामेश्वरी देवी मंदिर पर 70 वा प्रसिद्ध आतिशबाजी मेला का आयोजन किया गया। मेला देखने के लिए दूर दराज की भीड़ उमड़ पड़ी वही आतिशबाज कलाकारों ने अपनी अद्भुत कला का प्रर्दशन किया और रात को रसिया दंगल का आयोजन किया गया। वहीं ठाकुर गोपाल जी की रथयात्रा धूमधाम से निकाली गयी।

गणेशबाग में आतिशबाजी मेला का शुभारंभ एनयूजे आई के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष डॉ कमलकांत उपमन्यु एडवोकेट एवं क्षेत्रीय विधायक पूरन प्रकाश ने आतिशबाजी का रिमोट बटन दबा कर आतिशबाजी चलाकर किया। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि अगर राया क्षेत्र में कोई ग्राम सभा अपनी जमीन दे दे तो



■ मेला महोत्सव आपस में भाईचारा बढ़ाते हैं : उपमन्यु

वह क्षेत्र के नोनिहालों के लिए एक मिनी स्टेडियम बनवाने की घोषणा की वहीं ब्रज प्रेस क्लब अध्यक्ष कमलकांत उपमन्यु ने कहा कि मेला महोत्सव आपसी भाई चारे को बढ़वा देते है। आतिशबाजी मेला में आतिशबाजो ने अपनी अपनी आतिशबाजी का प्रदर्शन किया जो मेला में आकर्षण का केंद्र बनी रही आतिशबाजी के दौरान आसमान सतरंगी हो गया। इससे पूर्व मुख्य अतिथियों ने माता मनकामेश्वरी देवी की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया इस दौरान कमेटी द्वारा अतिथियों को चुनरी उढ़ाकर माल्यार्पण कर स्वागत किया आतिशबाजी के बाद रसिया दंगल का भी आयोजन हुआ। इस अबसर पर चेयरमैन राजकुमार अग्रवाल कमेटी अध्यक्ष अभिषेक पाराशर मेला संचालक मनोज नागर विधायक प्रतिनिधि तरुण प्रकाश अरविंद शर्मा भूपेश अग्रवाल विशाल पराशर अनिल रावत सोनू सिरोही मनोज वार्ष्णेय विकास चौधरी पीयूष शर्मा सचिन अग्रवाल रविकांत वर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन मुकेश अग्रवाल और मोहित गौड ने किया।

# सरकारी हैंडपंप पर कब्जे का आरोप, ग्रामीणों ने लगाई गुहार



अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जनपद के भिटौरा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम मदरियापुर (मजरे कवई) में सरकारी हैंडपंप को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। गांव के निवासी रामभूषण पुत्र स्व. जगन्नाथ ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि सरकारी हैंडपंप पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से मोटर लगाकर कब्जा कर लिया गया है, जिससे आम ग्रामीणों को पानी नहीं मिल पा रहा है।

पीड़ित के अनुसार, इस मामले में पूर्व में 13 दिसंबर 2025 को थाना राधानगर पुलिस मौके पर पहुंची थी और दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया था, जिसकी प्रति भी प्रार्थना पत्र के साथ संलग्न की गई है। इसके बावजूद 15 मार्च 2026 को प्रीति सिंह, उनके पति बृजेश कुमार और अन्य लोगों द्वारा कथित रूप से दबंगई के बल पर हैंडपंप को खोलकर दोबारा मोटर लगाने का प्रयास किया गया। उस समय गांव की महिलाओं ने विरोध करते हुए 112 नंबर पुलिस को बुलाया, जिससे कार्य रुकवा दिया गया। आरोप है कि 16 मार्च को पुनः उक्त लोग आए और जबरन मोटर लगवा दी। इस दौरान महिलाओं द्वारा विरोध करने पर गाली-गलौज भी हुई।

# जिले में 61 गैस एजेंसी, बुकिंग के बाद तीन-चार दिन में मिलेगी डिलीवरी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जिला पूर्ति अधिकारी संजीव कुमार ने आम-जनमानस को सूचित किया है कि जनपद में इण्डेन गैस कम्पनी के 44, भारत गैस कम्पनी के 11 एवं हिन्दुस्तान कम्पनी के 6 कुल 61 गैस एजेन्सी संचालित है, जिन पर एलपीजी उपभोक्ताओं/कनेक्शन धारको द्वारा ऑनलाइन बुंकिग किये जाने के पश्चात् सम्बन्धित गैस एजेन्सी द्वारा 3 से 4 दिन में होम डिलीवरी की जा रही है।

उपभोक्ताओं से अपील है कि वह गैस कम्पनियों द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुसार बुंकिग आईवीआरएस, मिस्डकॉल, व्हाट्सएप, बीबीपीएस (पेटीएम, गूगल) व कम्पनी के एप से ऑनलाइन बुंकिग की व्यवस्था के माध्यम से समुचित लाभ उठायें, अनावश्यक रूप से गैस एजेन्सियों पर जाकर भीड़ न लगाये।

नगरीय क्षेत्रो में डीवीसी/सिंगल गैस धारको को 25 दिन व ग्रामीण क्षेत्र में गैस कनेक्शनधारको को 45 दिन के



पश्चात् गैस सिलेण्डर बुंकिग करा सकते है। घरेलू गैस की आपूर्ति में कोई समस्या नही है। कम्पनियों द्वारा केवल व्यवसायिक सिलेण्डरो की आपूर्ति नही की जा रही है। इसी प्रकार जनपद में आईओसीएल के 103, बीपीसीएल के 50, एचपीसीएल के 38, रिलांयस जियो बीपी के 4 एव नायरा के 10 कुल 205 पेट्रोल पम्प/रिटेल आउटलेट संचालित है, जिन पर ऑयल कम्पनियों द्वारा डीजल/पेट्रोल /सीएनजी की आवश्यकतानुसार आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी है।

अफबाहो पर ध्यान न देकर अनावश्यक रूप से पेट्रोल पम्पों पर आवश्यकता से अधिक डीजल/पेट्रोल/सीएनजी हेतु भीड़ न लगाये। उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि टोरेन्ट पावर लिमिटेड द्वारा नगरीय क्षेत्रो में घरेलू पीएनजी की आपूर्ति पाइप लाइन के माध्यम से की जा रही है। घरेलू पीएनजी कनेक्शन 24737 संचालित है, जिन पर 24 घंटे पीएनजी आपूर्ति जारी है। एलपीजी गैस धारक उपभोक्ताओ से अपील है कि वह अपने क्षेत्र में संचलित पीएनजी गैस के क्षेत्रीय कार्यालय से सम्पर्क कर अधिक से अधिक पीएनजी कनेक्शन स्वीकृत कराकर पीएनजी ईधन का भी लाभ उठायें।

शासन द्वारा घरेलू गैस की आपूर्ति निर्वाद्ध रूप से सुचारू रहे एवं कालाबाजारी पर रोक लगाये जाने के निर्देशो के क्रम में प्रतिदिन गैस एजेन्सी, पेट्रोल पम्प एवं सीएनजी पम्प की जॉच हेतु प्रवर्तन टीमें लगातार कार्यवाही कर रही है तथा किसी प्रकार की अनियमितताऐं प्रकाश में आने पर सम्बन्धित गैस एजेन्सी, पेट्रोल पम्प एवं सीएनजी पम्प के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

# भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक मनमोहक संध्या का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

मथुरा। डुवासू, मथुरा ने भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक मनमोहक संध्या का सफल आयोजन किया, जो हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव था।

स्पिक मैके मथुरा चैप्टर ने स्पिक मैके भारत खंडे संस्कृति विश्वविद्यालय श्रृंखला के सहयोग से एक आकर्षक शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें बनारस घराने की सुप्रसिद्ध हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायिका सुनंदा शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। खयाल, ठुमरी एवं अन्य पारंपरिक शैलियों पर उनकी असाधारण पकड़ ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें भारतीय शास्त्रीय संगीत की गहराई से जोड़ दिया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति डॉ. अभिजित मित्र के कुशल नेतृत्व में विश्वविद्यालय परिसर के पंडित दीन दयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र, शिक्षक एवं संगीत प्रेमियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही, जिन्होंने मधुर संगीत और उत्कृष्ट कलात्मकता से परिपूर्ण इस संध्या का आनंद लिया। ऐसी पहलें डुवासू द्वारा सांस्कृतिक मूल्यों के संवर्धन और भारत की समृद्ध कलात्मक विरासत के संरक्षण हेतु उसके सतत प्रयासों को रेखांकित करती हैं।

# पार्षद के लेटर पैड का कथित रूप से फर्जी दस्तावेज बनवाने में उपयोग

मथुरा। मथुरा वृंदावन नगर निगम क्षेत्र में हाल ही में यह गंभीर मामला संज्ञान में आया है कि कुछ व्यक्तियों द्वारा पार्षद के लेटर पैड का उपयोग पहचान प्रमाण के रूप में कराकर विभिन्न प्रकार के दस्तावेज, जैसे बैंक खाते खुलवाना, आधार कार्ड बनवाना एवं अन्य आवश्यक कार्यों में प्रयोग किया जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 1 के पार्षद राजू के लेटर पैड का उपयोग इस प्रकार के कार्यों में होने की बात सामने आई है। जो लेटर पैड संज्ञान में आया है उसके अनुसार जिसकी फोटो में लिखा है राधिका पत्नी रविकांत निवासी फ्लेट ना, 1 वृंदावन कान्हा माखन बांगर लिखा है पार्षद ने ऐसे किसी प्रमाण पत्र को देने से मना किया है और उसे फर्जी बताया है। यदि यह तथ्य सत्य पाया जाता है, तो यह न केवल प्रशासनिक नियमों का उल्लंघन है, बल्कि इससे फर्जी दस्तावेज तैयार होने और कानून-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका भी है।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सख्त निर्देश, बिना फिटनेस स्कूली वाहन पर रोक

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

सीडीओ ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिना फिटनेस प्रमाणपत्र के किसी भी स्कूली वाहन का संचालन किसी भी स्थिति में न होने पाए। इस संबंध में पुलिस विभाग और एआरटीओ को विशेष सतर्कता बरतने को कहा गया। उन्होंने एआरटीओ को निर्देशित किया कि सभी स्कूली वाहन चालकों का प्रशिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक और बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश



■ सीडीओ पवन कुमार मीना ने प्रशिक्षण, स्वास्थ्य जांच और प्रवर्तन कार्रवाई में संवेदनशीलता बरतने पर दिया जोर

दिया गया कि सभी स्कूलों से यह प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाए कि उनके वाहन निर्धारित मानकों के अनुरूप हैं। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में गंभीर दुर्घटनाएं हुई हैं, विशेषकर चालक की लापरवाही से किसी की मृत्यु हुई हो, उनमें नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करते हुए ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए जाएं और इसकी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाए। सीडीओ ने यह भी निर्देश दिए कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और उनके लाइसेंस निरस्त करने की प्रक्रिया अपनाई जाए। साथ ही नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और जनजागरूकता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध मानव संसाधन और उपकरणों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

# 'आंगन-हमारे बच्चे' में बच्चों को किया गया सम्मानित



अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। विकासखंड ऐरायां में शनिवार को 'हमारा आंगन-हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी रत्नामणि मिश्रा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पंचायत खागा की अध्यक्ष गीता सिंह रहीं। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री विजय त्रिपाठी भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों विमला शर्मा और सुमन देवी द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बनाया गया। इस दौरान एआरपी एवं ब्लॉक नोडल दीपक कुमार ने ऑपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में हो रहे संरचनात्मक बदलावों और स्कूल रेडीनेस से जुड़ी गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण किया। वहीं एआरपी आकाश कुमार सिंह ने निपुण भारत मिशन और स्कूल रेडीनेस के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रत्येक न्याय पंचायत से चयनित 5-5 बच्चों को शैक्षिक किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। बाल वाटिका, कुटी पर, कट खेरवा और फतेहपुर टेकारी के बच्चों द्वारा निपुण लक्ष्य ऐप के माध्यम से शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित जनसमूह ने सराहा। प्राथमिक विद्यालय मलूकपुर के शिक्षक आनंद कुमार मिश्र ने बच्चों को निपुण बनाने के अपने अनुभव साझा किए।

# थाना समाधान दिवस में एसपी अभिमन्यु मांगलिक ने सुनी जनसमस्याएं

अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। शनिवार को जनपद में चतुर्थ शनिवार के अवसर पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने थाना राधानगर पहुंचकर फरियादियों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

थाना राधानगर में आयोजित समाधान दिवस के दौरान भूमि विवाद, पारिवारिक विवाद, कब्जा संबंधी प्रकरणों सहित विभिन्न प्रकार की जन समस्याएं सामने आईं। एसपी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर जांच कर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि



किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और पीड़ितों को न्याय दिलाना प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर राजस्व विभाग के अधिकारियों की भी उपस्थिति रही, जिससे पुलिस और प्रशासन के समन्वय से राजस्व संबंधी मामलों का त्वरित समाधान किया जा सके। इस दौरान कुल 81 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 57 राजस्व विभाग से संबंधित एवं 24 पुलिस से संबंधित रहीं जिसमें से 5 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग के एवं 3 प्रार्थना पत्र पुलिस विभाग के मौके पर निस्तारित किए गए। एसपी ने निर्देश दिए कि जिन मामलों में संयुक्त टीम की आवश्यकता है, वहां पुलिस व राजस्व विभाग मिलकर मौके पर जाकर निस्तारण करें। वहीं, जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी व थानाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में समाधान दिवस आयोजित कर आमजन की शिकायतों की सुनवाई की गई। अधिकारियों ने मौके पर ही कई शिकायतों का निस्तारण किया, जबकि शेष मामलों के लिए समय सीमा निर्धारित कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई।

# रामनवमी पर हिन्दू युवा वाहिनी ने निकाली भव्य झांकी



अवधनामा संवाददाता

चन्दौली। रामनवमी पर्व पर डीडीयू नगर में भगवान राम की शुक्रवार की देर शाम भव्य झांकी निकाली गई। बाजार में जय श्रीराम के नारे गूंजे। झांकी का शुभारंभ जीटी रोड स्थित सुभाष पार्क शनि मंदिर से रविनगर, पटेल नगर, न्यूमहाल और कसाव महाल जीटी रोड स्थित काली मंदिर होते हुए सुभाष पार्क पर समाप्त हुआ । लोगों ने राम, लक्ष्मण,सीता, हनुमान की झांकी का पुष्प वर्षा करते हुए भगवान राम के जयघोष के साथ स्वागत किया गया। जुलूस का नेतृत्व कर रहे हिन्दू युवा वाहिनी के महामंत्री तेज प्रताप सिंह उर्फ लकरु सिंह ने कहा कि झांकी का मुख्य उद्देश्य लोगों को सनातन धर्म के प्रति जागरूक करना है।

रामनवमी केवल एक धार्मिक उत्सव ही नहीं, बल्कि मर्यादा, सत्य और धर्म के प्रतीक भगवान श्रीराम के आदर्शों को याद करने का अवसर भी है । रामनवमी को धर्म और सत्य की विजय का प्रतीक माना जाता है। भगवान राम ने अपने जीवन में आदर्श पुत्र, आदर्श राजा और आदर्श पति का उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन यह सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और सत्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए।

# महिला सशक्तिकरण के लिए मैराथन दौड़ को झंडी दिखा कर किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

चंदौली। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति अभियान -5.0 के द्वितीय चरण'' के तहत पुलिस अधीक्षक चंदौली, आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आज महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए जनपद स्तर पर रन फ़ॉर एम्पावरमेंट (मैराथन)' का आयोजन किया गया । मैराथन दौड़ में समस्त थानें की महिला आरक्षी व पुरूष आऱक्षी, ज्योति कान्वेंट स्कूल, एसआरबीएस स्कूल व राजकीय इण्टर कॉलेज चकिया की छात्राओं, कुशल खिलाडी व एथलीट्स सहित लगभग 200 प्रतिभागियों द्वारा बढ़-चढ़कर किया गया प्रतिभाग लिया । अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सकलडीहा श्रीमती स्नेहा तिवारी व जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार




द्वारा चकिया तिराहा (गंजी प्रसाद तिराहा) से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दौड़ के दौरान महिला सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों एवं अपराधों के प्रति जागरूकता हेतु पम्पलेट वितरित किए गए । कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सकलडीहा स्नेहा तिवारी द्वारा बताया गया कि मिशन शक्ति केवल एक अभियान नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक क्रांति है जिसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति सजग करना और उन्हें सशक्त बनाना है। महिला सुरक्षा में समाज की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। जब तक समाज के सभी वर्ग मिलकर योगदान नहीं देंगे, तब तक कोई भी प्रयास पूर्ण नहीं हो सकता । अंत में उपस्थित छात्राओं को यह संदेश दिया गया कि जब एक बालिका दौड़ में भाग लेती है, तो वह केवल दौड़ नहीं रही होती, बल्कि अपने अधिकारों, आत्मबल और सपनों की ओर अग्रसर होती है। वे निर्भीक होकर अपने सपनों को साकार करें- जनपदीय पुलिस प्रशासन सदैव उनके साथ हैं।

# जैन आइडियल स्कूल में प्रथम स्थान पाने पर अलफेज को दी ट्राफी

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। जैन आइडियल जूनियर हाईस्कूल डीग गेट पर बच्चों को रिजल्ट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर स्कूल की प्रिंसिपल विनीता जैन, अध्यापिका मंजू बघेल, इमराना ने मौ0 अलफेज को स्कूल में अच्छा व्यवहार के लिए और कक्षा 4 में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर रिजल्ट के साथ ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान सभी बच्चों ने तालियां बजाकर जोरदार स्वागत किया और प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को रिजल्ट के साथ ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। ट्राफी पाने वाले सभी बच्चे के चेहरे पर मुस्कान की झलक छाई रही। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रिंसिपल



विनीता जैन ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से बच्चों में उत्साह बढ़ता है और आगे के लिए अच्छा प्रदर्शन करने का संकल्प लेते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में अभिभावक भी प्रसन्न हुए और उन्होंने स्कूल के अध्यापकों और प्रशासन की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के अध्यापकों ने बच्चों को मिठाई बांटी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर प्रिंसिपल विनीता जैन, अध्यापिका मंजू बघेल, मनीषा राजपूत, रेखा वर्मा, साक्षी शर्मा, माया शर्मा आदि स्कूल के सभी अध्यापक, अभिभावक और बच्चे उपस्थित थे।

# विशंभर दयाल कर्दम के नेतृत्व में होगी अंबेडकर जयंती

मथुरा। बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर जन्मोत्सव समारोह मथुरा की नवगठित आयोजन समिति के अध्यक्ष विसंबर दयाल कर्दम के नेतृत्व में अंबेडकर कॉलोनी आजाद नगर कुंज नगर छरोरा, आदि क्षेत्र में घर-घर जाकर बाबा साहब की जयंती को विराट एवं भव्य स्वरूप देने के लिए जनसंपर्क किया जनसंपर्क के दौरान स्थानीय लोगों ने दिसंबर दयाल कर्दम एवं कमेटी का साफा बांधकर माला पहनकर जलपान कराकर उत्साह वर्धन कर सहयोग किया। बताया जाता है विसंबर दयाल कर्दम तूफानी दोरा कर जनसंपर्क करने में लगे हुए हैं अभी तक कई दर्जन कॉलोनी और मोहल्लों में के अंबेडकरवादिओं, समाजसेवियों पूर्व और वर्तमान अधिकारी कर्मचारियों से संपर्क कर चुके हैं सभी जगह एक ही संदेश इस बार चंदा नहीं आपकी उपस्थित प्रार्थनिए है। इस मौके पर हीरा चक्रवर्ती, बैजू वाल्मीकि शिव दत्त देवेंद्र कुमार आजाद अनिल कुमार कृष्ण गोपाल कर्दम बलबीर सिंह संजय आदि लोग मौजूद रहे।

# मथुरा जंक्शन पर अपर्याप्त शौचालय बन सकते हैं दुर्घटना का कारण

अवधनामा संवाददाता

मथुरा। मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए पर्याप्त शौचालय व्यवस्था न होने से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति भविष्य में किसी दुर्घटना का कारण भी बन सकती है।

मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर कुल 10 प्लेटफार्म हैं, जिनमें से तीन छोटे प्लेटफार्म बताए जाते हैं। एक प्लेटफार्म की लंबाई लगभग 600 मीटर तक है, लेकिन इसके बावजूद शौचालयों की संख्या बेहद कम है।

जानकारी के अनुसार प्लेटफार्म नंबर 1 पर एक शौचालय, प्लेटफार्म नंबर 2 और 3 पर एक, प्लेटफार्म नंबर 4 और 5 पर एक शौचालय मौजूद है। वहीं प्लेटफार्म नंबर 6 और 7 पर कोई शौचालय नहीं है। प्लेटफार्म नंबर 8 पर एक शौचालय है, जबकि प्लेटफार्म नंबर 9 और 10 पर

■ रेल प्रशासन बना मूकदर्शक, शौचालय निजी हाथों में लिया जाता है सेवा शुल्क




दिव्यांगों के लिए एक शौचालय बनाया गया है। इसके अतिरिक्त जीआरपी थाने के सामने और वेटिंग हॉल के पास भी शौचालय बने हुए हैं। शौचालयों की संख्या कम होने के कारण लघुशंका की स्थिति में महिला, पुरुष और बच्चे इधर-उधर भटकते देखे जा सकते हैं। कई बार अशिक्षित लोग और महिलाएं मजबूरी में प्लेटफार्म से नीचे उतरकर रेलवे लाइन के पास लघुशंका करते हुए देखे जाते हैं। इस दौरान वे अपनी जान जोखिम में डालते हुए दिखाई देते हैं। रेल प्रशासन का कहना है कि स्टेशन पर बने अधिकांश शौचालय निजी ठेकेदारों द्वारा संचालित किए जा रहे हैं, जहां निर्धारित सेवा शुल्क लिया जाता है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब यात्रियों से शौचालय उपयोग के लिए शुल्क लिया जा रहा है तो पर्याप्त संख्या में शौचालय क्यों नहीं बनाए जा रहे।

लगभग 600 मीटर लंबे प्लेटफार्म पर केवल एक शौचालय होना यात्रियों की सुविधा के लिहाज से पर्याप्त नहीं माना जा सकता। ऐसा प्रतीत होता है कि इस ओर रेलवे प्रशासन का ध्यान किसी बड़ी घटना या दुर्घटना के बाद ही जाएगा। समय रहते इस समस्या पर ध्यान देते हुए रेल प्रशासन को प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है, ताकि यात्रियों को होने वाली परेशानियों से राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

# 'जल अर्पण' कार्यक्रम में विधायक ने किया पेयजल योजना का लोकार्पण



अवधनामा संवाददाता

फतेहपुर। जनपद के विकास खण्ड धाता अंतर्गत ग्राम पंचायत शिहारी पट्टी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 'जल अर्पण' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि खागा विधायक कृष्णा पासवान की उपस्थिति में पेयजल योजना का विधिवत लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक द्वारा दीप प्रज्वलन एवं जल पूजन के साथ हुआ। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अनुराग गौतम ने पुष्पगुच्छ भेंट कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके पश्चात विधायक ने पेयजल योजना का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता का जायजा लिया और संतोष व्यक्त किया। इस मौके पर विधायक कृष्णा पासवान ने कहा कि यह योजना नरेंद्र मोदी और योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना है। उन्होंने जल निगम की टीम की सराहना करते हुए कहा कि जिस गुणवत्ता और तत्परता से यहां कार्य पूरा किया गया है, उसी गति से अन्य लंबित परियोजनाओं को भी शीघ्र पूरा किया जाए। पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर स्वच्छ जल पहुंचने से ग्रामवासियों में खुशी का माहौल रहा।

# गर्मियों में चिकनकारी कुर्ती विियर करना ट्रेंडी बन चुका है

लड़कियां के फैशन के मामले में हमेशा आगे रहती हैं, क्योंकि इनको सबसे अलग दिखना भी होता है। अगर आप भी चिकनकारी कुर्ता वियर करते हैं लेकिन लुक्स खिलकर नहीं आ रहा है, तो आप कोई बड़ी गलती कर रहे हैं। अगर आप भी गर्मियों के सीजन में चिकनकारी कुर्ती पहनकर अपना खूबसूरत अंदाज दिखाना चाहती हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें।

समर सीजन शुरु हो चुका है। इस मौसम में ज्यादातर लोग परेशान रहते हैं क्या और किस तरह के कपड़े पहनें। खासतौर पर महिलाएं परेशान रहती है कि वो ऐसा क्या वियर करें, जिसमें वह काफी स्टाइलिश नजर आएं और गर्मी भी न लगे। इसलिए आप इस मौसम सबसे बढ़िया है कि चिकनकारी कुर्ती वियर करें। यह काफी स्टाइलिए और बेहतरीन लुक देती है। तो चलिए बिना देर किए आपको बताते हैं, आप चिकनकारी कुर्ती को कैसे वियर करें।

**फिटिंग बेहतरीन हो**

जब भी आप चिकनकारी कुर्ता वियर करें, तो उसकी फिटिंग का खास ध्यान रखें। गौरतलब है कि, आपकी चिकनकारी कुर्ती ढीली या फिर टाइट होगी, तो इससे आपका लुक खराब हो जाएगा। इसलिए आप अपनी कुर्ती को सही फिटिंग कराकर ही पहनें।


**जींस के साथ वियर करें**

वैसे चिकनकारी कुर्ती जींस के साथ वियर करने से खूबसूरत लुक प्रदान करती है। अगर आप ऑफिस या कॉलेज जाती हैं, तो आप जींस कैरी कर सकते हैं। जींस के साथ कुर्ती पहनकर आपका अंदाज बेहतरीन लगेगा।

**प्लाजो के साथ कैरी कर सकते हैं**

अगर आपको जींस के साथ कैरी नहीं करना हैं, तो आप प्लाजो पहनें। प्लाजों के साथ आप चिकनकारी कुर्ती कैरी करती हैं, तो इसे पहनकर आपका लुक एकदम एथनिक लगेगा और आप भी मस्त लगेंगी।

# सिंपल और रॉयल लुक के लिए वियर करें ये स्टोन वर्क नेकलेस सेट

आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्टोन वर्क नेकलेस सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको ऑउटफिट के साथ स्टाइल करने पर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं यह नेकलेस आपको सस्ते दाम में मिल सकते हैं। आउटफिट के साथ ज्वेलरी हमारे लुक में चार चांद लगाने का काम करती हैं। इसी वजह से महिलाएं अपने आउटफिट के साथ मैचिंग की परफेक्ट ज्वेलरी स्टाइल करना पसंद करती हैं। वहीं अगर आप भी किसी पार्टी या फंक्शन में जाने की तैयारी कर रही हैं और रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो स्टोन वर्क नेकलेस अपने आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ लेटेस्ट डिजाइंस वाले स्टोन वर्क नेकलेस सेट के बारे में बताने जा रहे हैं। जिनको ऑउटफिट के साथ स्टाइल करने पर आपको रॉयल लुक मिलेगा। वहीं यह नेकलेस आपको सस्ते दाम में मिल सकते हैं।

**गोल्ड प्लेटेड स्टोन वर्क नेकलेस**

डार्क कलर के आउटफिट के साथ गोल्ड प्लेटेड स्टोन वर्क नेकलेस बेस्ट रहेगा। इस नेकलेस को लीफ शेप में स्टोन वर्क करके बनाया गया है। इसमें आपका लुक बेहद खूबसूरत लगेगा। आप मार्केट से 200 से 300 रुपए तक की कीमत में ऐसा नेकलेस खरीद सकती हैं।

**रूबी स्टोन वर्क नेकलेस**

गॉर्जियस लुक पाने के लिए आप रूबी स्टोन वर्क नेकलेस का भी चुनाव कर सकती हैं। इसको आप लाइट या फिर व्हाइट कलर की साड़ी के साथ स्टाइल कर सकती हैं। यह नेकलेस पहनने के बाद साड़ी में आप काफी खूबसूरत लगेंगी। वहीं आप सूट के साथ भी इस तरह का नेकलेस स्टाइल कर सकती हैं।

**व्हाइट स्टोन वर्क नेकलेस**

अपने लुक को खूबसूरत बनाने के लिए आप इस तरह का व्हाइट स्टोन वर्क नेकलेस भी पहन सकती हैं। बता दें कि ब्लैक कलर के आउटफिट के साथ यह नेकलेस काफी अच्छा लगेगा। इस तरह का आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन में 200-400 रुपए तक की कीमत में मिल जाएगा।

# मेकअप किट में शामिल करें ये बेस्ट लिपस्टिक शेड, इन शेड्स पर लड़कियों का आ जाएगा दिल



मेकअप की जान होती है लिपस्टिक, इसके बिना मेकअप भी फीका लगता है। अगर आप भी लिपस्टिक खरीदना चाहती हैं, तो इन शेड्स की लिपस्टिक जरुर लगाएं। इस लेख में हम आपके लिए कुछ यूनीक लिपस्टिक शेड्स के बारे में बताने जा रहे हैं। यह शेड्स हर लड़की के मेकअप किट में होना चाहिए।

जब लुक्स की बात आती है, तो मेकअप लुक में जान डाल देता है। मेकअप की जान लिपस्टिक बिल्कुल है। हर एक लड़की के मेकअप किट में ये लिपस्टिक शेड्स जरुर होने चाहिए। कुछ लिपस्टिक शेड्स कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं जाते। ये हर स्किन टोन पर अच्छे लगते हैं। आप भी अपने मेकअप किट में हमेशा ट्रेंड में रहने वाली लिपस्टिक को एड कर सकते हैं। बेहतरीन लिपस्टिक शेड्स, हर ब्यूटी लवर के पास होने चाहिए। चाहे वो परफेक्ट न्यूड हो, पावर रेड हो या आकर्षक मौवे, ये शेड्स समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं। इसलिए लड़कियां अपने मेकअप किट में इन शेड्स को जरुर शामिल करें।

**ब्राउन लिपस्टिक शेड**

आजकल सबसे ज्यादा ट्रेंड में ब्राउन लिपस्टिक कलर है, जो हर एक लड़की के चेहरे पर सूट करती है। इसमें आपको लाइट से लेकर डार्क कई तरह के शेड्स मिल जाएंगे। आप अपने चॉइस के हिसाब से इन शेड्स को खरीद सकती हैं। ब्राउन लिपस्टिक ऑफिस से लेकर कैजुअली और पार्टी में भी लगा सकते हैं।

**वाइन लिपस्टिक शेड**

ट्रेंडी लिपस्टिक में वाइन शेड काफी ट्रेंड में है। अगर आपकी स्किन टोन फेयर है, तो आप वाइन कलर की लिपस्टिक जरुर ट्राई करें। यह लिपस्टिक नाइट और डे दोनों फंक्शन में काफी सुंदर लगती है। अगर आपको यह शेड डार्क लग रहा है, तो आप इसमें लाइट शेड भी ले सकते हैं।

**न्यूड लिपस्टिक**

आजकल न्यूड लिपस्टिक काफी प्रचलन में है। आप न्यूड लिपस्टिक को ऑफिस से लेकर कैजुअल लुक के लिए ट्राई कर सकते हैं। वैसे आजकल ब्राइड भी न्यूड मेकअप के साथ लिपस्टिक शेड भी न्यूड लगा रही हैं। आपको इसमें कई सारे शेड्स मिल जाएंगे। आप लिपस्टिक को ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकती है।

**रेड लिपस्टिक शेड**

अगर आप शादीशुदा है तो आपके लिए रेड लिपस्टिक परफेक्ट शेड है। जरुरी नहीं है कि मैरिड ही रेड लिपस्टिक ट्राई कर सकती है। आजकल तो अनमैरिड लड़कियां भी रेड लिपस्टिक को काफी पसंद कर रही है। गाजरी या कोरल रेड लिपस्टिक शेड्स काफी सुंदर लगते हैं।

**पिंक लिपस्टिक शेड**

पिंक शेड्स तो सभी काफी पसंद आता हैं क्योंकि यह एवरग्रीन लिपस्टिक शेड होता है। एथनिक लुक साथ पिंक लिपस्टिक बेहद प्यारी लगती है। हर लड़की को अपने मेकअप किट में पिंक लिपस्टिक शेड जरुर एड करें। पिंक शेड्स में आपको कई ब्यूटीफुल लिपस्टिक मिल जाएगी।

# सूखे और फटे होंठों के लिए घर पर ही बनाएं कॉफी लिप बाम

अगर आप चाहें तो कॉफी की मदद से लिप बाम बनाकर बेहद आसानी से उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, लेकिन कई बार उनमें केमिकल्स ज़्यादा होते हैं या वो फिर वे आपके होंठें पर सूट नहीं करते और आपको इचिंग या जलन का अहसास होता है।

अगर आपको कॉफ़ी की खुशबू बहुत पसंद है और आप उसे अपनी डाइट का हिस्सा जरूर बनाते हैं तो अब आप कॉफी को अपने ब्यूटी रूटीन में भी शामिल करें। जी हां, कॉफी की मदद से कई तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स खुद घर पर ही बनाए जा सकते हैं। यह सिर्फ सुबह की नींद भगाने के लिए नहीं है, बल्कि ये आपकी स्किन, खासतौर से आपके होंठों के लिए बेहद फायदेमंद है। कॉफी आपके होंठों की डेड स्किन को धीरे से हटाती है, ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाती है, और इससे एक हल्का नेचुरल टिंट भी मिलता है।

अगर आप चाहें तो कॉफी की मदद से लिप बाम बनाकर बेहद



आसानी से उसका इस्तेमाल कर सकती हैं। यूं तो बाजार में कई तरह के लिप बाम मिलते हैं, लेकिन कई बार उनमें केमिकल्स ज़्यादा होते हैं या वो फिर वे आपके होंठों पर सूट नहीं करते और आपको इचिंग या जलन का अहसास होता है। तो क्यों न आप खुद ही घर पर एक प्यारा सा, नेचुरल लिप बाम बना लें। इन्हें बनाना बेहद आसान है और आप अपनी पसंद के अनुसार इसे बेहद ही आसानी से कस्टमाइज भी कर सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको घर पर ही कॉफी लिप बाम बनाने के आसान तरीके के बारे में बता रहे हैं-

**कॉफी और नारियल तेल लिप बाम**

यह लिप बाम रूखे होंठों के लिए एकदम सही माना गया है, क्योंकि नारियल का तेल होंठों को गहराई से मॉइश्चराइज़ करता है। जबकि कॉफी हल्का स्क्रब देती है और रक्त संचार को बढ़ाती है। इसके अलावा, विटामिन ई हीलिंग में मदद करता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच नारियल का तेल

1 चम्मच बीवैक्स

आधा चम्मच पिसी हुई कॉफी

विटामिन ई तेल की कुछ बूंदे

**इसे कैसे बनाएं-**

सबसे पहले नारियल तेल और बीवैक्स को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में थोड़ी-थोड़ी देर में पिघलाएं।

अब इसमें कॉफी डालकर अच्छी तरह मिलाएं।

इसके बाद, इसमें विटामिन ई तेल मिलाएं।

तैयार लिप बाम को एक छोटे कंटेनर में डालें और इसे ठंडा होकर जमने दें।

**कॉफी और शहद लिप बाम**

यह लिप बाम फटे होंठों को ठीक करने में मददगार साबित हो सकता है। दरअसल, शहद एक एंटी-बैक्टीरियल है और घाव भरने में मदद करता है। वहीं, कॉफी धीरे से एक्सफोलिएट करती है। जबकि जैतून का तेल स्किन को पोषण देता है।

**आवश्यक सामग्री-**

1 चम्मच जैतून का तेल

आधा चम्मच शहद

आधा चम्मच बीवैक्स

आधा चम्मच इंस्टेंट कॉफी पाउडर या पिसी हुई कॉफी


**इसे कैसे बनाएं-**

बीवैक्स और जैतून के तेल को एक साथ पिघलाएं।

अब इसमें शहद और कॉफी पाउडर को मिलाएं।

इसे अच्छी तरह से मिलाएं और एक कंटेनर में डालकर जमने दें।

# गर्मियों में पैरों को दें आराम, इन ट्रेंडी फुटवियर को जरुर पहनें

गर्मियों में भारी-भरकम जूता पहनने की बिल्कुल भी इच्छा नहीं होती है। ऐसे में पैरों के आराम के लिए कंफर्टेबल फुटवियर पहनना सबसे अच्छा माना जाता है। अगर आप भी गर्मी के मौसम में आरामदायक फुटवियर की खोज में है, तो यह लेख आपके लिए है। अब परेशान होने की जरुरत नहीं है हम आपको बताएंगे खूबसूरत और स्टाइलिश फुटवियर के ऑप्शन।

गर्मियों के दौरान जूते पहनने की इच्छा तो एकदम मर ही जाती है। इस मौसम में आरामदायक फुटवियर पहनना काफी अच्छा होता है। कई महिलाओं को गर्मियों शूज पहनना बिल्कुल भी पसंद नहीं होता है, गर्मी के मौसम में हर कोई एकदम कुल रहना चाहता है और ऊपर से कंफर्टेबल फुटवियर पहनने का मजा ही कुछ और होता है। इस लेख में हम आपको स्टाइलिश फुटवियर डिजाइंस बताने वाले हैं, जोकि आपको मॉडर्न लुक देंगे, बल्कि इन फुटवियर को पहनकर आप कंफर्टेबल भी रहेंगी।

**ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल**

समर सीजन में पैरों की खूबसूरती को बरकरार रखने के लिए आप ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल पहन सकते हैं। इसके टाइफ फुटवियर आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगह मिल जाएंगे। यह आपको तरह-तरह डिजाइंस में मिल जाएंगे। ऐंकल लूप फ्लैट सैंडल आपके पैरों की खूबसूरती बढ़ाएंगे और गर्मियों में आरामदायक भी रहेंगे।

**स्ट्रैपी वेज हील्स**

आजकल वेज हील्स काफी ट्रेंड में है। गर्मियों के मौसम में ऑफिस या किसी भी इवेंट में कंफर्टेबल फुटवियर पहनकर सकते हैं, यह आपके पैरों के लिए आरामदायक होती है। स्ट्रैपी वेज हील्स आप ऑनलाइन या ऑफलाइन भी खरीद सकते हैं। एक बार पहन लिए स्ट्रैपी वेज हील्स तो यह आपके पैरों की खूबसूरती भी बढ़ा देंगे।



**टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स**

अगर आप स्टाइलिश के साथ ही कंफर्टेबल फुटवियर की तलाश हैं, तो आप टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। ऑफिस से लेकर पार्टी के लुक में चार चांद लगा देगा। आप ऑनलाइन या ऑफलाइन कहीं से भी टेक्सचर्ड लेदर ओपन टो फ्लैट्स खरीद सकते हैं। यह फुटवियर आपको एकदम एलिगेंट लुक देंगे।

# मोटी बाजुओं को छिपाने के लिए ट्राई करें डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन, दिखेंगी स्लिम और ग्रेसफुल

अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।

कट स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट पहनना लगभग हम सभी लोगों को पसंद होता है। लेकिन कई बार मोटी बाजुओं की वजह से हम इनको पहनने से कतराते हैं। ऐसे में हमें सिंपल डिजाइन वाले आउटफिट्स को स्टाइल करना पड़ता है। लेकिन हर बार एक ही तरह के स्लीव्स वाले आउटफिट पहनकर बोरियत होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप भी कुछ डिफरेंट स्टाइल करना चाहती हैं, तो आप डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन कर सकती

हैं। इस तरह के आउटफिट्स पहनकर आपका लुक अच्छा आएगा। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको डिफरेंट डिजाइंस वाली स्लीव्स के डिजाइन के बारे में बताने जा रहे हैं।

**पफ डिजाइन स्लीव्स वाले आउटफिट**

अपने लुक को अट्रैक्टिव बनान के लिए आप पफ स्लीव्स डिजाइन वाले आउटफिट को स्टाइल करवा सकती हैं। इस तरह की स्लीव्स में बाजुओं का मोटापा नहीं नजर आता है। वहीं आपके हाथ भी अच्छे लगेंगे। इसको पहनने के बाद आपको स्टॉल या फिर श्रग डालने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

**फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स**

मोटी बाजू को छिपाने के लिए आप फ्रील डिजाइन वाली स्लीव्स को क्रिएट कर सकती हैं। आप अपने टेलर से इस तरह की डिजाइन वाली स्लीव्स बनवा सकती हैं। इसमें आपकी बाजू मोी नहीं नजर आएगी। आप ब्लाउज, सूट या किसी आउटफिट में इस तरह की स्लीव्स डिजाइन करवा सकती हैं। आप किसी भी फैब्रिक में फ्रील स्लीव्स को डिजाइन करा सकती हैं। इस तरह के आउटफिट में आप बहुत सुंदर नजर आएंगी।

**कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स**

मोटी बाजू को छिपाने के लिए कट आउट डिजाइन वाली स्लीव्स ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के स्लीव्स वाली ड्रेसेस पहनने के बाद काफी अच्छी लगती हैं। वहीं इसमें आपका लुक भी स्टाइलिश दिखेगा। आपको इस तरह की स्लीव्स के बीच में कट आउट वाला डिजाइन मिल जाएगा। आप चाहें तो इस तरह की डिजाइन क्रिएट भी करा सकती है।

# इन चीज़ों से घर पर आसानी से बनाएं काजल, आंखों को नहीं होगी किसी तरह की परेशानी

अगर आप घर पर काजल बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे



आपकी आंखों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। वहीं घर का बना काजल लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है। ऐसे में आज हम आपको घर पर काजल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

वैसे तो काजल लगाना हम सभी को पसंद होता है। काजल लगाने से आंखों की खूबसूरती भी दोगुनी हो जाती है। काजल लगाने से आंखें बड़ी-बड़ी नजर आएंगी। आंखों में काजल लगाने के लिए अक्सर हम मार्केट से जाकर ब्रांड का काजल इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से कई बार आंखों में जलन होने लगती हैं और आंखें लाल होने लगती हैं। ऐसे में अगर आप घर पर काजल बनाकर इस्तेमाल करते हैं, तो इससे आपकी आंखों को किसी तरह की दिक्कत नहीं होती है। वहीं घर का बना काजल लगाने से आंखों की सुंदरता बढ़ती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको घर पर काजल बनाने के तरीके के बारे में बताने जा रहे हैं।

**काजल बनाने की सामग्री**

बादाम - 2

कपूर- 2

देसी घी- 1/3

**काजल बनाने का तरीका**

सबसे पहले एक मिट्टी या तांबे का बर्तन ले लें।

फिर बादाम छीलकर डालें और इसमें दो कपूर डालें।

अब जो बर्तन काजल बनाने के लिए लिया है, तो इसको उल्टा करके इसके ऊपर रख दें और इसमें आग लगाएं।

इसके बाद काजल बनने तक इसको ऐसे ही रखा रहने दें।

इससे काजल का पाउडर अच्छे से बन जाएगा।

अब बर्तन को सीधा करके काजल पाउडर को एक छोटे से जार में निकाल लें।

फिर इस पाउडर में देसी घी को मिक्स करके सॉफ्ट बनाएं।

**ऐसे करें अप्लाई**

काजल बनाने के बाद इसको एक कटेनर में स्टोर करें।

इसको ब्रश की मदद से आंखों में अप्लाई करें।

आप चाहें तो लाइनर लगाने के लिए भी अप्लाई कर सकती हैं।

यह काजल लगाने के बाद आपको मार्केट से काजल लगाने की जरूरत नहीं होगी।

**इन बातों का रखें खास ख्याल**

काजल बनाने के दौरान यह सुनिश्चित करें कि आप सही सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं।

काजल लगाने के दौरान हाथ हमेशा साफ-सुथरे होने चाहिए या फिर आप ब्रश का भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

वहीं काजल लगाने से आंखों में जलन या परेशानी महसूस होती है, तो इसका उपयोग करना बंद कर देना चाहिए।

# क्या आप भी गर्मियों में पसीने की बदबू से रहते परेशान? छुटकारा पाने के लिए करें ये उपाय

गर्मियों में अक्सर लोग पसीने से परेशान रहते हैं। चाहे कितने भी खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, इससे छुटकारा पाएं। आप भी इन उपाय के जरिए पसीने की दुर्गंध को दूर कर सकते हैं। गर्मी के मौसम में सबसे ज्यादा दिक्कत पसीने की बदबू की होती है। पसीने की बदबू के कारण कई बार हम सभी को शर्मिंदगी महसूस होने लगती है। पसीने के बदबू से बचने के लिए आप खुशबूदार साबुन से नहा ले या परफ्यूम लगा लें, लेकिन इसके बाद भी पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं, तो आप इससे छुटकारा पाने के लिए इन 5 टिप्स को अपना सकते हैं।



**पसीने की गंध से छुटकारा पाने के उपाय**

**रोजाना नहाएं**

गर्मियों में सबसे जरुरी है रोजाना नहाना। कम से कम दिन में दो बार स्नान जरुर करें। ऐसा करने से पसीने और बैक्टीरिया की गंध में राहत मिलेगी।

**एंटी-बैक्टीरियल साबुन का यूज करें**

अगर आप पसीने की बदबू से परेशान रहते हैं तो आप एंटी-बैक्टीरिय साबुन का प्रयोग कर सकते हैं। इसके इस्तेमाल से आपके शरीर पर चिपके सभी बैक्टीरिया साफ हो जाते हैं और पसीने की गंध से छुटकारा मिल सकता है।

**कॉटन के कपड़े पहनें**

समर सीजन में जितना आप सूती या हल्के कपड़े पहनेंगे उतना ही आपके लिए फायदेमंद होगा। इस तरह के कपड़े पसीने को सोखकर त्वचा को सांस लेने में मदद करते हैं।

**नींबू का रस का प्रयोग करें**

नींबू का रस इस्तेमाल करने से पसीने की गंध कम हो जाती है। क्योंकि इसके साइट्रिक एसिड बैक्टीरिया को मारता है, जिससे पसीने की बदबू कम होती है। इसे आप अंडरआर्म्स पर रगड़कर सूखने दें।

**बेकिंग सोडा का प्रयोग**

पसीने की बदबू को कम करने में बेकिंग सोडा करगार साबित होगा। इस उपाय को करने के लिए आप पानी में बेकिंग सोड़ा का घोल बना लें। अब आप इस पानी में सूती कपड़ा डालकर अंडरआर्म को साफ कर सकते हैं। ऐसा करने से पसीने से बदबू आनी बंद हो जाएगी।

## पीरियड्स के दौरान हैवी ब्लीडिंग को नहीं करना चाहिए नजरअंदाज



आमतौर पर कई महिलाएं हैवी ब्लीडिंग की स्थिति को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन बता दें कि हैवी ब्लीडिंग की इस समस्या को मेडिकल की भाषा में मेनोरेजिया कहा जाता है। अगर आपको इस स्थिति के बारे में नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। पीरियड्स की वजह से कई महिलाओं को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि पीरियड्स अपनी आप में कोई समस्या नहीं होते हैं। लेकिन इस दौरान हैवी ब्लीडिंग की समस्या होती है। आमतौर पर कई महिलाएं हैवी ब्लीडिंग की स्थिति को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन बता दें कि हैवी ब्लीडिंग की इस समस्या को मेडिकल की भाषा में मेनोरेजिया कहा जाता है। अगर आपको इस स्थिति के बारे में नहीं पता है, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मेनोरेजिया क्या है और इसके क्या लक्षण होते हैं।

**क्या है मेनोरेजिया**

यह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें महिलाओं को पीरियड्स के दौरान अधिक ब्लीडिंग होती है। आइए मेनोरेजिया के कारणों के बारे में जानते हैं।

महिलाओं को मेनोरेजिया की समस्या हार्मोनल असंतुलन की वजह से हो सकती है।

गर्भाशय से जुड़ी समस्याएं जैसे पॉलीप्स या फाइब्रॉएड आदि मेनोरेजिया का कारण बन सकती हैं।

थायराइड जैसे हाइपोथायरायडिज्म भी मेनोरेजिया के पीछे की वजह बन सकती है।

हीमोफीलिया जैसे ब्लड डिसऑर्डर भी इस स्थिति का कारण बन सकते हैं।

**मेनोरेजिया के लक्षण**

लंबे समय तक ब्लीडिंग

थकान और कमजोरी

हैवी ब्लीडिंग

पेट में दर्द

एनीमिया

**कब खराब हो सकती है मेनोरेजिया की स्थिति**

मेनोरेजिया या पीरियड्स के दौरान भारी ब्लीडिंग की समस्या तब परेशानी का सबब बन सकती है, जब यह सात दिनों से ज्यादा रहती है। आमतौर पर मासिक धर्म चक्र 4-5 दिनों तक चलता है। इस दौरान 30-40 मिलीलीटर ब्लड की हानि होती है। लेकिन मेनोरेजिया की स्थिति में ब्लीडिंग एक सप्ताह से ज्यादा समय तक रह सकती है। इस स्थिति में प्रति साइकिल 80 मिली से ज्यादा खून की हानि हो सकती है। ऐसे में यदि आपके पीरियड्स 7 दिनों से ज्यादा रहते हैं और डेली एक्टिविटी में परेशानी होती है, तो यह किसी अंदरूनी समस्या का संकेत हो सकता है।

**क्यों जरूरी है ट्रीटमेंट**

हालांकि कुछ मामलों में लंबे समय तक ब्लीडिंग कैंसर या एंडोमेट्रियल हाइपरप्लासिया जैसी गंभीर स्थितियों का संकेत हो सकती हैं। एनीमिया की वजह से थकान, बड़े रक्त के थक्के, चक्कर आना और सांस लेने में तकलीफ हो सकती हैं। अगर अधिक दर्द के साथ ब्लीडिंग की समस्या 10 दिनों से ज्यादा रहती है, तो इस दौरान हर घंटे पैड या टैम्पोन बदलने की जरूरत होती है। अगर आप समय पर मेनोरेजिया का ट्रीटमेंट नहीं कराते हैं, तो एनीमिया और ज्यादा थकान होने जैसी समस्या बनी रह सकती है। इससे आपकी पूरी सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है।

# न्यू बॉर्न बेबी की देखभाल के दौरान पेरेंट्स भूलकर भी न करें ये गलतियां, वरना सेहत को हो सकता है नुकसान

नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। ऐसे में आज हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है। न्यू बॉर्न बेबी के होने से जितनी खुशी और सुकून की बात होती है, उतनी ही जिम्मेदारियों से भरा काम होता है। क्योंकि नवजात बच्चे काफी ज्यादा नाजुक होते हैं, इसलिए उनकी देखभाल बहुत ध्यान से करने की जरूरत होती है। हालांकि नवजात बच्चे की देखभाल के दौरान पेरेंट्स कुछ ऐसी गलतियां करते हैं, जिसका उनके स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

**आसपास**

**बच्चे का जन्म न सिर्फ माता-पिता बल्कि उनके आसपास के लोगों के लिए भी खुशियों से भरा पल होता है।**

ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको नवजात बच्चे के देखभाल के कुछ जरूरी टिप्स बताने जा रहे हैं। साथ ही उन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

**सीधी लाइट न डालें**

नवजात बच्चे की आंखें बहुत सेंसिटिव होती हैं, ऐसे में उनको तेज रोशनी से परेशानी हो सकती हैं। बच्चे को सीधे तौर पर बल्ब या



फोन के टॉर्च और सूरज की रोशनी में नहीं ले जाना चाहिए। इससे उनकी आंखों को नुकसान पहुंच सकता है। इसलिए बच्चे को ऐसी जगह पर रखें, जहां पर पर्याप्त मात्रा में हल्की रोशनी हो। वहीं रात के समय भी बच्चे को तेज लाइट में नहीं ले जाएं, जिससे बच्चे को सोने में परेशानी न हो।

**नवजात के पास तेज शोर या म्यूजिक न बजाएं**

बता दें कि नवजात बच्चे के पास अधिक शोर या तेज म्यूजिक नहीं बजाना चाहिए। इससे बच्चे को असुविधा और घबराहट हो सकती है। क्योंकि नवजात बच्चे के कान के परदे काफी नाजुक होते हैं। इसलिए उनके लिए तेज आवाज या म्यूजिक सही नहीं है। तेज म्यूजिक या शोर से बच्चे के शारीरिक और मानसिक विकास पर प्रभाव पड़ सकता है। वहीं आप अगर म्यूजिक बजाना चाहते हैं, तो कम या हल्की आवाज पर बजाएं।

**एसी या पंखे की सीधी हवा**

इसके साथ ही नवजात बच्चे को कभी भी सीधे तौर पर ठंडी या गर्म हवा में नहीं रखना चाहिए। अगर आप एसी या पंखा चलाते हैं। तो ध्यान रखें कि बच्चे पर इसकी सीधी हवा न पड़े। ठंडी हवा लगने से बच्चे को सर्दी-खांसी की समस्या हो सकती है। वहीं बहुत ज्यादा गर्म वातावरण भी नवजात बच्चे के लिए अच्छा नहीं होता है। इसलिए कमरे का टेंपरेचर हमेशा नॉर्मल रखने का प्रयास करें।

**चेहरे पर किस करने से बचें**

नवजात बच्चा दिखने में बहुत क्यूट लगते हैं। ऐसे में न सिर्फ उनके पेरेंट्स बल्कि उनसे मिलने आने-जाने वाले लोग भी बच्चे के गाल या माथे पर किस करते हैं। लेकिन यह बच्चे के लिए काफी खतरनाक हो सकता है। नवजात बच्चे की त्वचा और इम्यून सिस्टम काफी सेंसिटिव होता है। जिसके वजह से वह आसानी से इंफेक्शन के संपर्क में आ सकते हैं। इसलिए नवजात बच्चे को किस करने से रोकना चाहिए।

**छोटे बच्चों के साथ नवजात को अकेला न छोड़ें**

नवजात बच्चे को कभी भी छोटे बच्चे के साथ अकेला नहीं छोड़ना चाहिए। क्योंकि छोटे बच्चे समझदार नहीं होते हैं। ऐसे में वह नवजात शिशु को अंजाने में चोट पहुंचा सकते हैं। छोटे बच्चों का स्वभाव नटखट और जिज्ञासु होता है, जो नवजात के लिए खतरनाक हो सकता है।

# बढ़ती उम्र में भी रहना चाहते हैं स्वस्थ तो पुरुषों को डाइट में शामिल करना चाहिए माइक्रोन्यूट्रिएंट्स

30 साल की उम्र के बाद पुरुषों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसको समय रहते ठीक कर लेना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए।

उम्र बढ़ने के साथ ही हमारे शरीर में कई तरह के बदलाव देखने को मिलते हैं। खासकर 30 साल की उम्र के बाद पुरुष के शरीर में कई तरह के शारीरिक और मानसिक बदलाव आते हैं। इसलिए पुरुषों को अपनी डाइट का खास ख्याल रखना चाहिए। क्योंकि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों के शरीर में पोषक तत्वों की कमी होने लगती है, जिसको समय रहते ठीक कर लेना चाहिए। ऐसे में सवाल यह उठता है कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को स्वस्थ रहने के लिए क्या करना चाहिए।

बता दें कि 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को अपने खानपान में कुछ ऐसे माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल करना चाहिए, जो सेहत के लिए फायदेमंद साबित हों। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि 30 साल की उम्र के बाद डाइट में कौन से माइक्रोन्यूट्रिएंट्स शामिल करना चाहिए।

**पुरुष डाइट में शामिल करें माइक्रोन्यूट्रिएंट्स**

जैसे-जैसे हमारी उम्र बढ़ती है, शरीर में पोषण संबंधी जरूरतें बदलती रहती हैं। 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को कुछ अहम सूक्ष्म पोषक तत्वों को जरूरत अधिक होती है। जो उनको युवा और हेल्दी बनाए रखने में मदद करते हैं। इसलिए 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों को अपनी डाइट में इन माइक्रोन्यूट्रिएंट्स को जरूर शामिल करना चाहिए।

**विटामिन D**

हमारे शरीर के लिए विटामिन डी एक अहम पोषक तत्व माना जाता है। यह आपकी हड्डियों को स्वस्थ रखने और इम्यून सिस्टम को बेहतर रखना जरूरी है। 30 साल की उम्र के बाद शरीर में विटामिन डी की कमी होने लगती है। ऐसे में स्वस्थ



रहने के लिए विटामिन डी की जरूरत होती है। क्योंकि यह कैल्शियम के अवशोषण में सहायक होती है। जिससे आपकी हड्डियां मजबूत होती हैं।

**विटामिन K2**

शरीर में कैल्शियम का संतुलन बनाए रखने में विटामिन K2 सहायक होता है। पुरुषों के लिए यह एक अहम माइक्रोन्यूट्रीएंट है। जो हड्डियों को मजबूत रखने के साथ ही दिल के सेहत को बेहतर बनाता है। उम्र बढ़ने के साथ शरीर में जब कैल्शियम सही जगहों पर एकत्र नहीं हो पाता है, तो इससे हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। ऐसे में विटामिन K2 शरीर में कैल्शियम को सभी जगह इकट्ठा करने में सहायता करता है। जिससे हड्डियां मजबूत होती हैं।

**जिंक**

बता दें कि जिंक एक ऐसा मिनरल्स होता है, जो शरीर के मांसपेशियों को रिपेयर करने, इम्यून सिस्टम को मजबूत करने और त्वचा की देखभाल करने में मदद करता है। 30 साल की उम्र के बाद पुरुषों में जिंक की कमी होने लगती है। जिसकी वजह से शरीर में टेस्टोस्टेरोन का लेवल कम होने लगता है। यह पुरुषों के रिप्रोडक्टिव सिस्टम को प्रभावित करता है।

**मैग्नीशियम**

मैग्नीशियम एक ऐसा मिनरल्स होता है, जो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। साथ ही यह पुरुषों के लिए भी लाभकारी होता है। यह पुरुषों के दिल के स्वास्थ्य, मांसपेशियों की ताकत और नर्व सिस्टम के बेहतर तरीके से काम करने के लिए जरूरी होता है। 30 साल की उम्र के बाद अधिकतर पुरुषों में मैग्नीशियम की कमी हो सकती है। इस मिनरल की कमी से नींद न आना, मानसिक तनाव और मांसपेशियों में ऐंठन जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए आपको मैग्नीशियम से भरपूर डाइट लेना चाहिए।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड**

पुरुषों के स्वास्थ्य के लिए ओमेगा 3 फैटी एसिड्स खासकर DHA और EPA फायदेमंद होता है। यह न सिर्फ आपके दिल और दिमाग के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। वहीं 30 के बाद पुरुषों में दिल संबंधी समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है, ओमेगा 3 फैटी एसिड्स इन खतरों को कम करने में सहायक होता है।

**B-कॉम्प्लेक्स विटामिन**

विटामिन बी कॉम्प्लेक्स जैसे B1, B2, B6, और B12 बॉडी में एनर्जी को बनाने के साथ दिमाग के सही तरीके से काम करने के लिए जरुरी होता है। उम्र बढ़ने के साथ ही विटामिन्स की कमी होने पर शरीर को थकान, मानसिक स्थिति में बदलाव और त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। ऐसे में अगर आप नियमित रूप से विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स का सेवन करते हैं, तो शरीर में एनर्जी का लेवल बना रह सकता है।

## कोविड के दौरान भारतीयों के बीच लोकप्रिय हुई डोलो-650 के इस्तेमाल पर विदेशी डॉक्टर ने जताई चिंता, लोगों में शुरू हुई बहस



अमेरिका के एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने डोलो-650 के उपयोग के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने 14 अप्रैल को एक्स पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। डॉक्टर के हालिया ट्वीट ने डोलो-650 को फिर से चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिससे लोगों के बीच बहस छिड़ गई है। बुखार और दर्द के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाई डोलो-650 कोविड-19 महामारी के दौरान लोकप्रिय हुई थी। महामारी के दौरान भारतीयों ने इसका खूब सेवन किया और अब भी कर रहे हैं। महामारी के बाद, यह ब्रांड विवादों में आया और अब एक विदेशी डॉक्टर के ट्वीट ने इसे फिर से चर्चा में ला दिया है।

**विदेशी डॉक्टर का ट्वीट**

अमेरिका के एक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट और स्वास्थ्य शिक्षक डॉ. पलानीअप्पन मनिकम ने डोलो-650 के उपयोग के बारे में अपनी राय व्यक्त की है। उन्होंने 14 अप्रैल को एक्स पर लिखा, भारतीय डोलो 650 को कैडबरी जेम्स की तरह लेते हैं। डॉक्टर के हालिया ट्वीट ने डोलो-650 को फिर से चर्चा का केंद्र बना दिया है, जिससे लोगों के बीच बहस छिड़ गई है।

**डोलो-650 के बारे में**

डोलो-650 एक पैरासिटामोल ब्रांड है जिसका उपयोग बुखार और दर्द के इलाज के लिए किया जाता है। इस दवा को पैरासिटामोल के नाम से जाना जाता है, जो एक आम दर्द निवारक और बुखार कम करने वाली दवा है। इसका उपयोग बुखार, सिरदर्द, दांत दर्द, मांसपेशियों में दर्द और जोड़ों के दर्द में किया जाता है। डोलो-650 के कुछ संभावित दुष्प्रभाव भी हैं, जैसे पेट दर्द, उल्टी, दस्त और एलर्जी।

**कोविड के दौरान डोलो की प्रसिद्धि में वृद्धि**

कोविड-19 महामारी के दौरान, डोलो-650 भारत में एक आम नाम बन गया। लोगों ने बुखार के मामूली लक्षणों पर भी इस दवा का सेवन किया, और मीम्स ने इसकी लोकप्रियता को और बढ़ा दिया। माइक्रो लैब्स, डोलो-650 के निर्माता, ने 2020 से 350 करोड़ से अधिक गोलियां बेचीं, जिससे एक साल में 400 करोड़ रुपये का राजस्व अर्जित हुआ। डोलो-650 की बिक्री में वृद्धि उल्लेखनीय थी। महामारी से पहले यह 7.5 करोड़ स्ट्रिप्स प्रति वर्ष थी, जो एक साल बाद 9.4 करोड़ स्ट्रिप्स हो गई और 2021 के अंत तक 14.5 करोड़ स्ट्रिप्स तक पहुंच गई, जो 2019 की तुलना में लगभग दोगुना है।

# प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना मां और बच्चे दोनों को पहुंचा सकता है नुकसान, जानिए कैसे करें बचाव

अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आप पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं। तो शरीर में खून बनाने वाले रेड ब्लड सेल्स का निर्माण रुक सकता है। हालांकि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना बेहद सामान्य बात है। हम आपको बताने जा रहे हैं कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया क्यों होता है।

प्रेग्नेंसी में महिलाओं को एनीमिया का खतरा रहता है। एनीमिया होने पर ऊतकों और भ्रूण तक ऑक्सीजन ले जाने के लिए खून पर्याप्त मात्रा में हेल्दी लाल रक्त कोशिकाएं नहीं बना पाता है। बता दें कि प्रेग्नेंसी में गर्भ में पलने वाले बच्चे के विकास के लिए शरीर अधिक मात्रा में खून बनाता है। वहीं अगर प्रेग्नेंसी के दौरान आप पर्याप्त आयरन या अन्य पोषक तत्व नहीं ले रही हैं। तो शरीर में खून बनाने वाले रेड ब्लड सेल्स का निर्माण रुक सकता है। हालांकि प्रेग्नेंसी में एनीमिया होना बेहद सामान्य बात है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको

**आसपास**

**गर्भावस्था में अधिक मात्रा में फोलिक एसिड लेने की जरूरत होती है। फोलिक एसिड बच्चे को न्यूरल ट्यूब विकारों से बचाता है।**

बताने जा रहे हैं कि प्रेग्नेंसी में एनीमिया क्यों होता है और इसके बचाव के तरीकों के बारे में भी जानेंगे।

**प्रेग्नेंसी में एनीमिया के कारण**

वैसे तो एनीमिया के करीब 400 प्रकार हैं। लेकिन आज हम आपको यहां पर एनीमिया के सबसे आम प्रकारों के बारे में बताने जा रहे हैं।

**आयरन डेफिशिएंसी एनीमिया**

बता दें कि 15 से 25 साल की



प्रेग्नेंट महिलाओं में आयरन डेफिशियंसी एनीमिया आम बात होती है। इसमें आयरन का लेवल कम होने पर खून में हीमोग्लोबिन कम बनने लगता है।

**फोलेट डेफिशिएंसी एनीमिया**

गर्भावस्था में अधिक मात्रा में फोलिक एसिड लेने की जरूरत होती है। फोलिक एसिड बच्चे को न्यूरल ट्यूब विकारों से बचाता है। वहीं फोलेट की कमी होने पर एनीमिया होता है।

**विटामिन बी12 डेफिशिएंसी**

लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में बॉडी विटामिन बी12 का भी उपयोग करता है। कुछ महिलाओं को विटामिन बी12 बनाने में समस्या आती है। जिसकी वजह से इस तरह का एनीमिया हो सकता है।

**एनीमिया के लक्षण**

थकान और कमजोरी लगना

सांस लेने में दिक्कत महसूस होना

होंठों, स्किन और नाखूनों का पीला पड़ना

ध्यान लगाने में दिक्कत आना

दिल की धड़क तेज होना

प्रेग्नेंसी में एनीमिया का इलाज

अगर प्रेग्नेंसी के दौरान एनीमिया हो गया है, तो आपको आयरन/फोलिक एसिड के सप्लीमेंट लेना चाहिए। वहीं डॉक्टर से संपर्क करें वह आपको बताएंगे कि फोलिक एसिड और आयरन की पूर्ति के लिए आपको अपनी डाइट में किन फूड्स को शामिल करना चाहिए।

वहीं शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने पर डॉक्टर आपको विटामिन बी12 के सप्लीमेंट लेने के लिए कह सकते हैं। अपनी डाइट में विटामिन बी12 युक्त चीजों को शामिल कर आप एनीमिया से छुटकारा पा सकती हैं।

# सर्दी-खांसी के साथ दिखें ये लक्षण तो शिशु को हो सकता है निमोनिया

छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है।

बच्चों के लिए सर्दी और खांसी की समस्या सामान्य समस्या होती है। हालांकि आमतौर पर कुछ ही दिनों में यह समस्या ठीक हो जाती है। लेकिन कई बार कमजोर इम्यूनिटी की वजह से छोटे बच्चों के लिए परेशानी का सबब बन सकती है। क्योंकि छोटे बच्चों का इम्यून सिस्टम पूरी तरह से विकसित नहीं होता है, जिसकी वजह से वह संक्रमण की चपेट में जल्दी आ सकते हैं। वायरल संक्रमण, बदलते मौसम और बैक्टीरिया की वजह से छोटे बच्चों को सर्दी-खांसी हो सकती है।

हालांकि यह समस्या अगर लंबे समय तक बनी रहती है या इसके साथ अन्य कई गंभीर लक्षण दिखाई

**प्रभावित**

**हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं।**

देते हैं। तो पेरेंट्स के मन में चिंता होना स्वाभाविक है कि कहीं बच्चे को निमोनिया तो नहीं हो गया है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस बारे में पूरी जानकारी देने जा रहे हैं।

**सर्दी-खांसी की वजह से बच्चे का निमोनिया**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक यह संक्रमण श्वसन नलिका से होते हुए फेफड़ों तक पहुंच सकता है।



निमोनिया एक संक्रमण है, जो बच्चे के फेफड़ों को प्रभावित करता है। क्योंकि जब बच्चे को सर्दी और खांसी होती है, तो उनके गले और श्वसन नलिका में सूजन आ सकती हैं। साथ ही इससे बच्चे को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है।

यदि इन लक्षणों का सही समय पर इलाज नहीं किया जाता है, तो इससे बच्चे को निमोनिया हो सकता है। बच्चे में निमोनिया के लक्षण जल्द और गंभीर रूप से दिख सकते हैं। इसलिए पेरेंट्स को सतर्क रहने की जरूरत है। सर्दी-खांसी का समय पर इलाज न किया जाए, तो यह संक्रमण बढ़ सकता है और फेफड़ों में सूजन और जलन पैदा कर सकता है। यह निमोनिया की स्थिति में बदल सकता है।

**बच्चे में निमोनिया के लक्षण**

बच्चे को अचानक से तेज बुखार हो सकता है, जो सामान्य सर्दी और खांसी को बढ़ा सकता है।

अगर बच्चे की सांसें तेज हो सकती हैं या वह सामान्य रूप से सांस नहीं ले पाते। अगर बच्चे की छाती में धड़कन या फिर सांस लेने में उभार दिखाई दे तो यह निमोनिया का लक्षण हो सकता है।

बच्चे के शरीर में घबराहट हो सकती है, जिसकी वजह से वह सामान्य रूप से सांस लेने में असमर्थ हो सकते हैं।


शिशु को खांसी के साथ बलगम आ सकता है, जो उनके श्वसन तंत्र के संक्रमण का संकेत हो सकता है।

बच्चे के मुंह, नाक या फिर पैरों का रंग नीला पड़ना भी इस बात को दर्शाता है कि शरीर को पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं मिल पा रही है।

# थायराइड फिजिकल ही नहीं बल्कि मेंटल हेल्थ पर डाल सकता है बुरा असर

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड की वजह से मरीज की मेंटल हेल्थ पर सीधा पड़ सकता है। इससे आपके मूड पर भी असर पड़ सकता है। थायराइड ग्लैंड के ओवरएक्टिव होने से हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है, जिसका मेंटल हेल्थ पर असर हो सकता है। अनहेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल की वजह से कई बार स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में हार्मोन्स इंबैलेंस होने लगता है। जिसकी वजह से लाइफस्टाइल से जुड़ी समस्याएं जैसे- डायबिटीज, पीसीओडी और पीसीओएस आदि बढ़ने लगता है। इन्हीं में से एक थायराइड की समस्या है। थायराइड शरीर में थाइरॉक्सिन हार्मोन इंबैलेंस होने की वजह से होती है। इसकी वजह से शरीर में कई बदलाव आने लगते हैं।

बता दें कि यह वजन में बदलाव होने, थकावट, सुस्ती और डाइजेशन




खराब होने जैसी समस्याओं की वजह बन सकता है। हालांकि कई लोगों का मानना होता है कि थायराइड की वजह से हार्मोन हेल्थ पर भी असर पड़ सकता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि थायराइड के कारण हार्मोन हेल्थ पर कैसा असर पड़ सकता है।

**मेंटल हेल्थ पर असर**

हेल्थ एक्सपर्ट के मुताबिक थायराइड की वजह से मरीज की मेंटल हेल्थ पर सीधा पड़ सकता है। इससे आपके मूड पर भी असर पड़ सकता है। थायराइड ग्लैंड के ओवरएक्टिव होने से हाइपरथायरायडिज्म हो सकता है, जिसका मेंटल हेल्थ पर असर हो सकता है। इसकी वजह से मरीज को नर्वसनेस, इर्रिटेशन, एंग्जायटी और स्ट्रेस आदि हो सकता है। वहीं थायराइड प्रोडक्शन की कम होने की वजह से हाइपोथायरायडिज्म हो सकता है। ऐसे में थकावट और डिप्रेशन जैसी समस्या हो सकती हैं।

बता दें कि थायराइड का मेंटल हेल्थ से सीधा कनेक्शन होता है। ऐसे में थायराइड से जुड़ी समस्याएं जितना ज्यादा होंगी, मूड स्विंग्स भी उतने ज्यादा हो सकते हैं।

# ...तमिलनाडु में चढ़ा सियासी पारा...

## स्टालिन ने करुणानिधि स्मारक पर ली जीत की शपथ

एजेंसी



**चेन्नई।** तमिलनाडु में मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने दिल्ली बनाम तमिलनाडु का दांव खेल दिया है। डीएमके नेतृत्व ने करुणानिधि स्मारक पर जीत की शपथ लेते हुए नीट परीक्षा को खत्म करने और युवाओं को राजनीति के केंद्र में लाने का वादा किया है। दक्षिण भारत की राजनीति का गढ़ कहे जाने वाले तमिलनाडु में सियासी पारा चढ़ने लगा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने दिवंगत नेता करुणानिधि के स्मारक पर मत्था टेककर जीत का संकल्प लिया है। स्टालिन ने ऐसा करके साफ कर दिया है कि यह चुनाव सीटों की लड़ाई नहीं, बल्कि तमिलनाडु के अधिकारों और दिल्ली के वर्चस्व के बीच का सीधा मुकाबला है।

शनिवार को मुख्यमंत्री स्टालिन आत्मविश्वास से लबरेज नजर आए। उन्होंने कहा कि हमारे गठबंधन के उम्मीदवार शानदार जीत दर्ज करने जा रहे हैं। हमने इस ऐतिहासिक जीत के लिए करुणानिधि मेमोरियल पर शपथ ली है। उन्होंने बड़ी बेबाकी से कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए कि यह चुनाव तमिलनाडु के गौरव और दिल्ली की ताकतों के बीच है। स्टालिन का यह बयान सीधे तौर पर केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना है।

दूसरी ओर, उपमुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने पार्टी की चुनावी रणनीति का खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि इस बार पार्टी ने टिकटों के बंटवारे में युवाओं पर बड़ा दांव खेला है। उदयनिधि के अनुसार, अधिक से अधिक युवाओं को राजनीति में लाने के लिए इस बार नए चेहरों को मौका दिया गया है। मुझे पूरा भरोसा है कि हमारे युवा उम्मीदवार जनता से सीधा जुड़ाव बनाएंगे और जीत हासिल करेंगे।

हालांकि, चुनावी रण में डीएमके का सबसे बड़ा हथियार एक बार फिर नीट परीक्षा ही रहने वाला है। उदयनिधि ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि जब से केंद्र में भाजपा सत्ता में आई है, तमिलनाडु पर नीट थोप दिया गया है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु को नीट से कोई छूट नहीं मिली है, जबकि हम इसके खिलाफ लड़ते रहे हैं। हमारा एकमात्र और अंतिम लक्ष्य इस परीक्षा को पूरी तरह खत्म करना है।

तमिलनाडु की जनता के बीच नीट एक बेहद भावनात्मक मुद्दा है। डीएमके इसे राज्य की शिक्षा व्यवस्था पर बाहरी हस्तक्षेप के रूप में पेश कर रही है। वहीं, मुख्यमंत्री स्टालिन का दिल्ली बनाम तमिलनाडु वाला नैरेटिव क्षेत्रीय पहचान को उभारने की कोशिश है। दक्षिण भारत की राजनीति को समझने वाले विश्लेषकों का मानना है कि करुणानिधि की विरासत की दुहाई और नीट को मुद्दा बनाकर डीएमके अपनी सत्ता बचाने के लिए द्रविड़ अस्मिता का सहारा ले रही है।

## भारतीय सेना नई मारक शक्ति से लैस- डिलिवर हुई प्रहार लाइट मशीन गन की पहली खेप

एजेंसी



**नई दिल्ली।** भारतीय सेना की मारक क्षमता को बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम उठाते हुए रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने शनिवार को प्रहार लाइट मशीन गनों की पहली खेप सेना को सौंप दी। 7.62 मिमी कैलिबर की इन आधुनिक मशीन गनों का निर्माण ग्वालियर स्थित कंपनी के स्मॉल आर्म्स कॉम्प्लेक्स में मेक इन इंडिया पहल के तहत किया गया है। इस मौके पर आयोजित समारोह में रक्षा मंत्रालय के डीजी (अधिग्रहण) ए अंबरासु, अदाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान अंबरासु ने सेना के लिए तैयार की गई पहली खेप करीब 2,000 एलएमजी को लेकर जा रहे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आशीष राजवंशी ने बताया कि इस प्रोजेक्ट की यात्रा बोली प्रक्रिया से शुरू होकर करीब छह साल में पूरी हुई है और कंपनी ने तय समय से 11 महीने पहले डिलीवरी कर दी है। उन्होंने कहा कि मूल समयसीमा सात साल से अधिक की थी, लेकिन कंपनी अगले तीन वर्षों में पूरे ऑर्डर को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी के अनुसार, सेना के लिए कुल लगभग 40,000 प्रहार एलएमजी का ऑर्डर है। अपने संबोधन में ए. अंबरासु ने समय से पहले डिलीवरी के लिए कंपनी की सराहना की और कहा कि यह दिखाता है कि रक्षा उत्पादन में अनुबंधों को तेजी से जमीन पर उतारने की क्षमता मौजूद है। उन्होंने यह भी दोहराया कि सरकार रक्षा उद्योग के साझेदारों के साथ कंधे

### क्विक न्यूज

### भाजपा नेता की हत्या में सनसनीखेज खुलासा, पत्नी का भाई निकला कातिल

**बदायूं।** बदायूं के बिनावर थाना क्षेत्र में भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सुरेश चंद्र गुप्ता की हत्या किसी और नहीं बल्कि उनके साले धर्मेंद्र गुप्ता ने की थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तारी के बाद सोमवार को हत्याकांड में यह खुलासा किया। पुलिस जांच के मुताबिक हत्या की वजह जमीन की रंजिश है। पुलिस हत्याकांड में अन्य लोगों की संलिप्तता की जांच कर रही है। बिनावर थाना क्षेत्र के गांव विजयनगला निवासी सुरेश चंद्र गुप्ता पुत्र विष्णुलाल गुप्ता भाजपा मंडल उपाध्यक्ष थे। इससे पहले वह भाकियू के महासचिव थे। उनका छोटा बेटा राहुल गांव के ओवरहेड टैंक पर चौकीदार है। वह 29 जुलाई की शाम पत्नी ममता को दवा दिलाने दिल्ली गया था। इस वजह रात 11 बजे सुरेश चंद्र ओवरहेड टैंक परिसर में सोने के लिए जा रहे थे। वह ओवरहेड टैंक के गेट का ताला खोलकर अंदर जाते, इससे पहले ही गेट पर उनकी हत्या कर दी गई। 30 जुलाई की सुबह उनका खून से लथपथ शव मिला था। पत्नी शशिबाला ने अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया। परिजन शुरुआत से किसी पर हत्या की आशंका नहीं जता रहे थे। इस वजह से पुलिस को हत्या की मुख्य वजह तक पहुंचने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने हत्याकांड की जांच कई बिंदुओं पर की। जिसमें पुलिस ने जमीन के बंटवारे को अहम कड़ी मानकर तफ्तीश शुरू की। पुलिस ने सुरेश गुप्ता के साले धर्मेंद्र गुप्ता को उठाकर कड़ी पूछताछ की। जिससे वह टूट गया और उसने हत्या की बात स्वीकार कर ली। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह बताया कि आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। भाजपा नेता सुरेश चंद्र गुप्ता मूल रूप से बिनावर के गांव सिकरोड़ी के थे। उनके बड़े भाई राजेंद्र के बेटे अजय ने अपने दादा विष्णु गुप्ता को बहला फुसलाकर का करीब एक बीघा आरा मशीन वाले प्लॉट का बैनामा अपने नाम करा लिया था। जिसमें अजय का साथ चोरी छिपे धर्मेंद्र गुप्ता ने दिया था।

### गोवा नाइटक्लब अग्निकांड मामले में लूथरा ब्रदर्स की बढ़ीं मुश्किलें

**नई दिल्ली।** गोवा के चर्चित नाइटक्लब अग्निकांड मामले में अदालत ने लूथरा ब्रदर्स को बड़ा झटका दिया है। अतिरिक्त सत्र न्यायालय, मापुसा ने बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दी हैं। यह मामला कथित तौर पर आबकारी लाइसेंस हासिल करने के लिए दस्तावेजों की जालसाजी से जुड़ा है। बचाव पक्ष के वकील पराग राव ने बताया कि अदालत ने शुक्रवार को दोनों की याचिकाएं खारिज कर दीं। गौरतलब है कि उत्तर गोवा के बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब में छह दिसंबर 2025 को भीषण आग लगी थी, जिसमें 25 लोगों की मौत हो गई थी और 50 अन्य घायल हुए थे। जहां एक ओर अंजुना पुलिस इस अग्निकांड की जांच कर रही है, वहीं मापुसा पुलिस ने अलग से जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

## पश्चिम एशिया संकट के बीच पायलट संघ ने डीजीसीए से की उड़ानें रद करने की अपील

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एयरलाइंस पायलट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एएलपीए) ने शनिवार को नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) से आग्रह किया कि वह पश्चिम एशिया में पहचाने गए उच्च-जोखिम वाले संघर्ष क्षेत्रों में उड़ानें निलंबित कर दे और वैध बीमा कवरेज का खुलासा तथा सत्यापन अनिवार्य करे। डीजीसीए को लिखे पत्र में पायलट एसोसिएशन ने संघर्ष-ग्रस्त क्षेत्रों में नागरिक एयरलाइनों द्वारा उड़ान संचालित करने से जुड़े जोखिमों को उजागर किया और युद्ध के माहौल में नागरिक विमानों को मार गिराए जाने की पिछली घटनाओं का हवाला दिया।

एएलपीए ने लिखा कि किसी सक्रिय युद्ध क्षेत्र के अंदर या उसके बहुत करीब उड़ानें संचालित करना यात्रियों, उड़ान चालक दल और विमान की सुरक्षा के लिए गंभीर और अस्वीकार्य जोखिम है। एसोसिएशन की सुविचारित राय में, ऐसे निर्णय मानवीय जीवन को जानबूझकर खतरे में डालने के समान हैं।

एसोसिएशन ने यह भी याद दिलाया कि इस मुद्दे को उन्होंने 18 मार्च को भी डीजीसीए के समक्ष उठाया था। इसके जवाब में डीजीसीए ने 19 मार्च को एक तत्काल सुरक्षा परामर्श जारी किया था, जिसमें एयरलाइनों को अपना स्वतंत्र जोखिम मूल्यांकन करने की सलाह दी गई थी। एएलपीए ने कहा कि यह सलाह गंभीर चिंताएं पैदा करती है क्योंकि वाणिज्यिक एयरलाइनों के पास सक्रिय संघर्ष वाले क्षेत्रों में जोखिम मूल्यांकन करने के लिए आवश्यक खुफिया जानकारी उपलब्ध नहीं होती है। एसोसिएशन ने इस बात पर भी जोर दिया कि पश्चिम एशिया में उड़ानें संचालित करने वाले पायलटों और चालक दल के सदस्यों के लिए पर्याप्त युद्ध जोखिम बीमा कवरेज उपलब्ध होने की पुष्टि हेतु अभी तक कोई औपचारिक आश्वासन नहीं दिया गया है।

## ओमान के पास अमेरिकी जहाज पर आईआरजीसी का हमला, लेबनान में इस्राइल की भीषण बमबारी

एजेंसी




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष दिन-ब-दिन और भयावह होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के भीषण हमलों से दहक रहे मोर्चे पर ईरान भी इस्राइल और खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर जोरदार पलटवार कर रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गरज के बीच यह संघर्ष अब अपने 29वें दिन में प्रवेश कर चुका है और पूरे क्षेत्र में तनाव अब भी चरम पर है।

चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के केंद्रीय पोलित ब्यूरो के सदस्य, विदेश मंत्री वांग यी ने 27 मार्च को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार से फोन पर बात की। इस दौरान इशाक डार ने ईरान की ताजा स्थिति और पाकिस्तान के रुख से अवगत कराया। पाकिस्तान के मध्यस्थता प्रयासों में चीन के समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युद्धविराम, युद्ध की समाप्ति और शांति की बहाली विभिन्न पक्षों की साझा आकांक्षाएं हैं। शांति वार्ता को फिर से शुरू करने का यह एक महत्वपूर्ण क्षण है। इस मुद्दे पर पाकिस्तान और चीन के लक्ष्य और रुख एक जैसे हैं। पाकिस्तान चीन के साथ शांति को बढ़ावा देने और युद्ध की समाप्ति में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए उत्सुक है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन के साथ एक महत्वपूर्ण टेलीफोन वार्ता की। इस दौरान शहबाज शरीफ ने पश्चिम एशिया संकट के साथ ईरान पर इस्राइल की ओर से किए जा रहे लगातार हमलों की कड़ी निंदा की। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं के बीच एक घंटे से अधिक समय तक चली विस्तृत बातचीत में क्षेत्र में चल रहे संघर्षों और शांति स्थापना के प्रयासों पर गहन विचार-विमर्श हुआ। प्रधानमंत्री शरीफ ने ईरानी राष्ट्रपति को पाकिस्तान द्वारा किए जा रहे कूटनीतिक प्रयासों से अवगत कराया। इसमें उप-प्रधानमंत्री ईशाक डार और फील्ड मार्शल आसिम मुनीर के प्रयासों का भी उल्लेख किया गया। पाकिस्तान अमेरिका, खाड़ी देशों और इस्लामिक देशों के साथ मिलकर शांति वार्ता के लिए एक अनुकूल वातावरण बनाने का प्रयास कर रहा है। ओमान की खाड़ी के पास ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) ने एक अमेरिकी जहाज पर हमला किया है। इस घटना के साथ ही युद्ध का दायरा पूरे पश्चिम एशिया में फैलने की आशंका गहरा गई है।

## तलाक के मामलों में विदेशी कोर्ट के फैसले मान्य नहीं, सुप्रीम कोर्ट की अहम टिप्पणी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक अहम फैसला सुनाया है, जिसमें विदेशी तलाक के फैसलों पर कानूनी स्थिति साफ की गई है। खासकर उन मामलों में जो हिंदू विवाह अधिनियम के तहत आते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने बॉम्बे हाई कोर्ट के एक फैसले को रद्द कर दिया और कहा कि किसी विदेशी कोर्ट द्वारा ऐसे आधार पर दिया गया तलाक, जिसे भारतीय कानून मान्यता नहीं देता, भारत में वैध या बाध्यकारी नहीं माना जा सकता।

इसके साथ ही, कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी विशेष शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इस जोड़े को अंतिम तलाक दे दिया। यह देखते हुए कि वे लगभग 18 सालों से अलग रह रहे थे। इस मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने की। यह विवाद भारत में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई एक शादी से जुड़ा था, जो बाद में अमेरिका और भारत, दोनों जगहों पर तलाक की समानांतर कार्यवाही का विषय बन गया।

सुप्रीम कोर्ट ने वाई. नरसिम्हा राव बनाम वाई. वेंकट लक्ष्मी (1991) के ऐतिहासिक फैसले का हवाला दिया और साफ तौर पर बताया कि अमेरिका की कोर्ट फैसला भारत में क्यों स्वीकार नहीं की सकती है। कोर्ट ने आगे कहा, मामले के तथ्यों से पता चलता है कि पति और पत्नी की शादी 25 दिसंबर, 2005 को मुंबई में हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार हुई थी। शादी के बाद, वे अमेरिका चले गए, जहां वे कुछ समय तक साथ रहे। हालांकि, उनके रिश्ते में खटास आने लगी, और सितंबर 2008 तक वे अलग हो गए। इसके तुरंत बाद, पत्नी ने अमेरिका के मिशिगन की कोर्ट में तलाक के लिए अर्जी दी।

## मालिक ने डांटा तो नौकर ने ले ली जान- मुर्गा फार्म में खौफनाक वारदात, सो रहे बॉस की गर्दन पर चाकू से किए कई वार

एजेंसी



**दादरी।** ग्रेटर नोएडा स्थित जारचा कोतवाली क्षेत्र के खटाना गांव स्थित मुर्गा फार्म हाउस पर डाटने से नाराज नौकर ने गर्दन पर चाकुओं से गोंद और सिर पर लोहे का पाइप मारकर मालिक की निर्मम हत्या कर दी। नाराज ग्रामीणों ने खटाना पुल पर जाम लगा दिया। पुलिस ने हत्या का खुलासा कर कठोर कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। उसके बाद पुलिस ने हत्या करने वाले नौकर को हिरासत में लिया है। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त चाकू व लोहे का पाइप बरामद किया है। वहीं पुलिस ने दूसरे नौकर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी है।

प्रभारी निरीक्षक कैलाश नाथ ने बताया कि जारचा कोतवाली क्षेत्र के खटाना गांव में पूर्व प्रधान जयवीर सिंह परिवार के साथ रहते हैं। उनके दो बेटे हैं। छोटा बेटा 33 वर्षीय प्रशांत उर्फ चीची गांव के बाहर मुर्गा फार्म चलाता है। मुर्गा फार्म पर बुलंदशहर के जहांगीराबाद कोतवाली क्षेत्र के टोली गांव निवासी सूखा उर्फ यशपाल और खालोर गांव निवासी हरदम सिंह नौकर रहते हैं। दोनों फार्म हाउस पर देखभाल करते हैं।

प्रशांत उर्फ चीची नौकर सूखा उर्फ यशपाल को काम को लेकर डांट लगाता था। जिससे वह नाराज था। एक सप्ताह से नाराज होने पर हत्या करने की साजिश रच ली थी। उसकी जानकारी अपने दूसरे साथी हरदम को दी थी, कि मैं इसको किसी दिन मार दूंगा। गुरुवार की रात में जब प्रशांत उर्फ चीची फार्म पर ही सो गया तो नाराज नौकर ने सोने के बाद गर्दन पर चाकू से गोंद दिया। उसके बाद सिर में लोहे का पाइप से कई बार हमला किया। उसकी निर्मम हत्या कर दी। कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी गई।

घटना की सूचना दूसरे नौकर ने परिजनों को दी कि प्रशांत को किसी ने मार दिया है। सूचना पाकर परिजन जल्दी रात्रि में फार्म पर पहुंच गए।

## भारतीय मूल की मथुरा श्रीधरन ओहायो की नई सॉलिसिटर जनरल नियुक्त, बिंदी को लेकर हुईं ट्रोल

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** भारतीय मूल की वकील मथुरा श्रीधरन को ओहायो का 12वां सॉलिसिटर जनरल नियुक्त किया गया है। जो राज्य और संघीय अदालतों में अपील के लिए राज्य की शीर्ष वकीलों में शामिल हो गई हैं। ओहायो के अटॉर्नी जनरल डेव योस्ट ने पिछले हफ्ते एक बयान में कहा कि उन्होंने श्रीधरन को इस पद के लिए चुना है। श्रीधरन की पूर्ववर्ती इलियट गेसर को राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिकी न्याय विभाग के कानूनी परामर्शदाता कार्यालय का नेतृत्व करने के लिए चुना है। जिसके चलते गेसर के स्थान पर भारतवंशी मथुरा श्रीधरन को चुना गया। अटॉर्नी जनरल का कार्यालय, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट, छठे सर्किट के लिए अमेरिकी अपीलीय न्यायालय, ओहायो सुप्रीम कोर्ट और अन्य राज्य एवं संघीय अदालतों में अपीलों पर राज्य और उसकी एजेंसियों का प्रतिनिधित्व करता है। श्रीधरन ने सॉलिसिटर जनरल पद पर नियुक्त किए जाने पर कहा, अपने साथी ओहायो वासियों के अधिकारों और स्वतंत्रता के लिए खड़ा होना मेरे लिए सम्मान और सौभाग्य की बात है। मैं अटॉर्नी जनरल योस्ट द्वारा मुझ पर हमारे संवैधानिक आदर्शों की रक्षा करने, कानून के शासन को आगे बढ़ाने और हमारी संघीय सरकार प्रणाली के लिए लड़ने के लिए किए गए विश्वास के लिए तहे दिल से आभारी हूं। मथुरा श्रीधरन की नियुक्ति के बाद कई सोशल मीडिया यूजर्स ने उनके चयन की आलोचना की, और कुछ ने उन पर नस्लवादी टिप्पणियां कीं, जिनमें उनका बिंदी पहनना भी शामिल था। एक यूजर ने कहा कि उन्हें इस पद के लिए नामित नहीं किया जाना चाहिए। एक अन्य यूजर ने कहा कि मथुरा श्रीधरन को केवल भारत के लिए एकतरफा टिकट के लिए चुना जाना चाहिए। एक अन्य ने कहा, आप किसी ऐसे व्यक्ति को क्यों चुने रहे हैं, जो इतनी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए अमेरिकी नहीं है?

## संघर्षविराम के बाद थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों की मलयेशिया में बैठक

एजेंसी



**कुआला लंपुर।** थाईलैंड और कंबोडिया के अधिकारियों ने सोमवार को मलयेशिया में पहली बार आमने-सामने बैठक की। पिछले हफ्ते दोनों देशों के बीच घातक सीमा संघर्ष के बाद संघर्षविराम लागू हुआ था। उसके बाद यह पहली औपचारिक बैठक थी। इस संघर्ष में कई दर्जन लोगों की जान गई और 2.6 लाख से ज्यादा लोग बेघर हुए।

चार दिन तक चलने वाली सामान्य सीमा समिति की यह बैठक पहले कंबोडिया में होनी थी। लेकिन बाद में दोनों देशों ने एक तटस्थ स्थान के तौर पर मलयेशिया में मिलने पर सहमति बनाई। मलयेशिया इस साल आसियान का अध्यक्ष भी और पिछले महीने दोनों देशों के बीच संघर्ष रुकवाने में मध्यस्थ की भूमिका निभा चुका है।

28 जुलाई को संघर्षविराम तब लागू हुआ, जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों को आर्थिक दबाव में लेकर चेतावनी दी कि अगर संघर्ष बंद नहीं हुआ, तो अमेरिका उनके साथ कोई व्यापार समझौता नहीं करेगा। संघर्षविराम के बाद एक अगस्त को अमेरिका ने इन देशों से आयात होने वाले सामान पर टैरिफ 36 फीसदी से घटाकर 19त्न कर दिया। आज बातचीत का मुख्य उद्देश्य यह था कि भविष्य में दोबारा कोई झड़प न हो, इसके लिए नियम तय किए जाएं। सीमा विवाद वाले इलाकों पर पुराने दावों को इस चर्चा का हिस्सा नहीं बनाया गया। थाईलैंड और कंबोडिया के बीच सदियों से शत्रुता है। एक समय दोनों शक्तिशाली साम्राज्य हुआ करते थे। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने प्रेह विहार मंदिर वाली जमीन पर कंबोडिया का हक बताया था, जिससे थाईलैंड नाराज हुआ। इसके बाद भी कई सीमा क्षेत्र ऐसे रहे, जिन्हें दोनों देश अपना बताते रहे।

2011 में प्रेह विहार में फिर से संघर्ष भड़क गया था। 2013 में आईसीजे ने पहले वाले फैसले को दोहराया, जिससे थाईलैंड और नाराज हुआ।

## यूक्रेन में आधी रात ड्रोन हमले- पांच लोगों की मौत

## क्या रूस की काट ढूंढने खाड़ी देशों के दौरे पर गए जेलेंस्की?

एजेंसी



**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। बीती रात रूस ने यूक्रेन पर 270 से अधिक ड्रोन से हमला कर भारी तबाही मचाई। इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई है। दूसरी ओर, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की अचानक यूएई पहुंचे हैं। उनका मकसद खाड़ी देशों को ईरानी ड्रोन से निपटने की तकनीक सिखाने और बदले में आधुनिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम हासिल करना है।

यूक्रेन से बड़ी खबर आई है। रूस ने बीती रात यूक्रेन के रिहायशी इलाकों को निशाना बनाते हुए एक साथ 273 ड्रोन दागे। इस हमले में 5 लोगों की मौत हुई है। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, यह रूस की ओर से किया गया इस साल का सबसे बड़ा हमला था।

हमले का सबसे ज्यादा असर ओडेसा में देखने को मिला। समाचार एजेंसी को क्षेत्रीय प्रमुख सेरही लिसाक ने बताया कि रूसी ड्रोन ने एक प्रसूति अस्पताल (मैटरनिटी हॉस्पिटल ) और निजी घरों को निशाना बनाया। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने दुख जताते हुए कहा कि इन हमलों का कोई सैन्य उद्देश्य नहीं था, यह सिर्फ आम नागरिकों के जीवन को तबाह करने की एक कायराना कोशिश थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, जेलेंस्की के गृहनगर क्रिवी रिह में भी दो लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा पोल्टावा क्षेत्र में भी भारी नुकसान की खबरें हैं। हालांकि, यूक्रेनी वायुसेना ने मुस्तैदी दिखाते हुए 273 में से 252 ड्रोन को मार गिराया।

एक तरफ जहां देश में हमले हो रहे हैं, वहीं राष्ट्रपति जेलेंस्की एक कूटनीतिक मिशन पर अचानक संयुक्त अरब अमीरात पहुंच गए हैं। यहां उनकी मुलाकात राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से हुई। इस दौरे का मकसद एक बड़ी सैन्य डील है।

दरअसल, यूक्रेन पिछले चार वर्षों से रूसी और ईरानी ड्रोन का सामना करते-करते ड्रोन डिफेंस का ग्लोबल मास्टर बन चुका है। अब जेलेंस्की अपनी इस विशेषज्ञता का इस्तेमाल यूएई, सऊदी अरब, कतर, कुवैत और जॉर्डन की मदद के लिए कर रहे हैं। ईरान और इस्राइल के बीच जारी तनाव के बीच खाड़ी देश भी ईरानी ड्रोन के निशाने पर हैं।

खाड़ी देशों के सामने यूक्रेन ने एक प्रस्ताव रखा है। यूक्रेन इन देशों को सस्ते और प्रभावी ड्रोन इंटरसेप्टर यानी ड्रोन को मार गिराने की की तकनीक देगा। इसके बदले में यूक्रेन इन समृद्ध देशों से हाई-एंड एयर डिफेंस मिसाइलें मांग रहा है। यह रूस की लंबी दूरी की मिसाइलों को रोकने के लिए यह बेहद जरूरी है। पिछले दिनों जेलेंस्की ने कहा कि होर्मुज की नाकेबंदी और ईरान के हमले केवल क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक समस्या हैं। यह तेल की कीमतों से लेकर वैश्विक सुरक्षा तक को प्रभावित कर रहे हैं।

# लौह पुरुष की जयंती पर चतुर्थ वाहिनी पीएसी में मिनी मैराथन आयोजित



*अवधनामा संवाददाता*

**प्रयागराज।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में 04वीं वाहिनी पीएसी, प्रयागराज द्वारा आज एक 5 किमी की भव्य मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सेनानायक सर्वेश कुमार मिश्र (आईपीएस) द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। सेनानायक ने स्वयं मैराथन में प्रतिभाग कर अधिकारियों एवं जवानों का उत्साहवर्धन किया। यह दौड़ वाहिनी सैल्यूटिंग बेस तिराहा से प्रारंभ होकर धूमनगंज थाना मार्ग होते हुए पुनः वाहिनी परिसर में संपन्न हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के आदर्शों–राष्ट्रीय एकता, दृढ़ संकल्प, अनुशासन एवं राष्ट्रसेवा–को आत्मसात करते हुए बल के कार्मिकों में शारीरिक सुदृढ़ता के साथ-साथ मानसिक दृढ़ता का विकास करना रहा। इस अवसर पर अपने संबोधन में सेनानायक ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल का जीवन राष्ट्र के प्रति समर्पण,एकता और अटूट इच्छाशक्ति का प्रतीक है।उन्होंने देश की रियासतों का एकीकरण कर भारत की अखंडता को सुदृढ़ आधार प्रदान किया। उनके आदर्श आज भी प्रत्येक पुलिसकर्मी के लिए मार्गदर्शक एवं प्रेरणास्रोत हैं। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक/ सहायक सेनानायक प्रेम प्रकाश यादव, शिविरपाल अमित सिंह, शिविरपाल (एसएसएफ) केशव चंद्र राय, आरटीसी प्रभारी विनय सिंह, सूबेदार सैन्य सहायक विजय सिंह सहित वाहिनी के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आरटीसी प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

## विश्व रंगमंच दिवस पर नाट्य पाठ का वाचन



**प्रयागराज।** विश्व रंगमंच दिवस पर समन्वय रंग मंडल प्रयागराज ने नाटक पाठ का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध रंगकर्मी प्रवीण शेखर रंगमंच ने आज के तकनीकी पक्ष विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि मंच की भाषा को व्यापक और असरदार बनाने के लिए तकनीक का प्रयोग जरूरी है किंतु रंगमंच के केंद्र में अभिनेता ही है रंग भाषा को समझने और प्रयोग करने के लिए तकनीक कारगर हो सकती है लेकिन वह रंग मंच की भाषा नहीं हो सकती है। केवल मनुष्य ही अभिनेता पैदा कर सकता है। तकनीक के असंतुलित प्रयोग से नाट्य प्रयोग का कथ्य और भावनात्मक प्रभाव कम हो जाता है या खत्म हो जाता है इसलिए तकनीक अपनाएं लेकिन अभिनेता को केंद्र में रखकर। समन्वय की सचिव सुषमा शर्मा ने रविंद्र नाथ टैगोर की लिखी कहानी स्त्री का पत्र आधारित नाटक पाती का वाचन किया। यह कहानी एक क्रांतिकारी नारीवादी कहानी है जो 15 वर्ष की वैवाहिक जीवन के बाद में मृणाल नामक महिला द्वारा अपने पति को लिखे गए पत्र के रूप में है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कलाकार रवीन्द्र कुशवाहा, शहर के रंगकर्मी अरुण शुक्ला, जगदीश गौड़, शिव गुप्ता, चंकी बच्चन और अरनव राय, दीपेंद्र सिंह मीना, उरांव पद्मजा राय आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ शारदा पाठक ने किया एवं संचालन सुशील कुमार राय ने किया।

# ऐतिहासिक नाटक तुग़लक़ का प्रभावपूर्ण मंचन

*अवधनामा संवाददाता*



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी के सहयोग सें उमंग फाउंडेशन की नवीनतम प्रस्तुति के अन्तर्गत आज प्रसिद्ध नाटककार गिरीश कर्नाड द्वारा रचित ऐतिहासिक नाटक तुग़लक़ का प्रभावपूर्ण मंचन गोयल इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज महाविद्याल के सभागार में किया गया। राहुल शर्मा की परिकल्पना एंव निर्देशन में नाटक के कलाकारो द्वारा मंच सें जीवंत एवं प्रभावशाली प्रस्तुति ने सत्ता, राजनीति और मानव स्वभाव की दशा को इतिहास के पन्नो सें उजागर कर दर्शकों को अतीत की गहराईयों में ले जाकर आदर्शवादी व्यक्ति की सबसे विशेष खूबी संतुलन बनाये रखने की शिक्षा को देने का असरदार प्रयास किया है। यह प्रस्तुति केवल ऐतिहासिक नाट्य प्रस्तुति नहीं बल्कि समाज के लिए एक आईना है जो जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा का सशक्त मंच बनकर उभरी जिसने दर्शकों में गहरी विचारधारा को जन्म दिया। नाटक तुग़लक़ की कहानी दिल्ली सल्तनत के शासक मूहम्मद बिन तुग़लक के जीवन और शासन पर आधारित है। नाटक में तुग़लक़ को एक बुद्धिमान, आदर्शवादी लेकिन विरोधाभासी शासक के रूप में दिखाया गया है। अंततः नाटक यह दर्शाता है कि उच्च आदर्शों और वास्तविकता के बीच संतुलन न बना पाने के कारण तुग़लक़ का पतन होता है। नाटक में तमाल बोस, अनामिका सिंह, गुरुदत्त पांडे, शशांक पांडेय, रोहित श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, ललित कुमार, आनंद यादव, विनय गुज्जर, सनुज प्रजापति, रवि सिन्हा, ओम प्रकाश केवलानी ने अभिनय किया वहीं म्यूजिक आकाश दयाल एवं प्रकाश रोज़ी मिश्रा द्वारा कर गया।

## टोल फ्री नंबर 14447 पर दे फसल नुकसान की जानकारी

**जौनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** उप कृषि निदेशक ने अवगत कराया है कि गत दिनों हुए बेमौसम बरसात, ओलावृष्टि एवं चक्रवात से बीमित किसानों की फसलों में हुए नुकसान पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना एवं पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल क्षति की सूचना देने तथा योजनाओं के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए किसानों को विभिन्न डिजिटल माध्यम उपलब्ध कराए गए हैं। अब किसान फसल नुकसान की तत्काल, 72 घण्टे के अंदर सूचना देने या जानकारी प्राप्त करने के लिए टोल फ्री नंबर 14447 का प्रयोग कर सकते हैं, इसके अतिरिक्त क्रॉप इंश्योरेंस एप और व्हाट्सएप चैट बाट नंबर 7065514447 के माध्यम से भी सूचना साझा की जा सकती है। कृषक योजनाओं से संबंधित आधिकारिक जानकारी के लिए फसल बीमा पोर्टल pmfby.gov.in पर भी लॉगिन कर सकते हैं।

## बक्शा समाधान दिवस पांच में से दो मामले निपटे



**जौनपुर। (अवधनामा संवाददाता)** बक्शा थाना परिसर में शनिवार,को संपूर्ण थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल पांच मामले सामने आए, जिनमें से दो का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष तीन राजस्व संबंधी प्रकरण लंबित रह गए।समाधान दिवस की अध्यक्षता इंस्पेक्टर प्रशांत पाण्डेय ने की। इस अवसर पर कानूनगो अशोक द्विवेदी, कानूनगो सुरेन्द्र नाथ यादव और हल्का लेखपाल अजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य राजस्वकर्मी व फरियादी उपस्थित रहे। प्रस्तुत किए गए तीन लंबित मामले जमीन विवाद से संबंधित थे। इन प्रकरणों को संबंधित गांवों के राजस्व कर्मियों को आगे की कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया। मौके पर मौजूद कानूनगो और लेखपालों ने इन मामलों को सुलझाने का प्रयास किया, लेकिन वे इन्हें निस्तारित नहीं कर पाए। इंस्पेक्टर प्रशांत पाण्डेय और उपनिरीक्षक स्वामीनाथ यादव ने एक आपसी झगड़े और एक जमीनी विवाद से संबंधित दो मामलों को सफलतापूर्वक सुलझाया। इससे फरियादियों को तत्काल राहत मिली।

## ऊमरवैश्य महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने क्रांति ऊमरवैश्य 'कपूर', मंत्री बने सुरेंद्र ऊमरवैश्य 'बच्चा'



*अवधनामा संवाददाता*

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** साहबगंज मोहल्ला स्थित मनोज ऊमरवैश्य के आवास पर राष्ट्रीय ऊमरवैश्य महासभा सत्र-2 की बैठक आयोजित हुई, जिसमें संगठन के विस्तार और मजबूती पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेशचंद्र ऊमरवैश्य ने इष्टदेव कश्यप भगवान के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर एवं माल्यार्पण कर किया। बैठक में रमेशचंद्र ऊमरवैश्य ने सर्वसम्मति से क्रांति ऊमरवैश्य 'कपूर' को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और सुरेंद्र ऊमरवैश्य 'बच्चा' को राष्ट्रीय मंत्री मनोनीत किया। इसी दौरान प्रदेश और जिला कार्यकारिणी गठन का निर्णय भी लिया गया।नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष क्रांति ऊमरवैश्य ने कहा कि संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाऊँगा। इस अवसर पर सर्ववैश्य समाज के अध्यक्ष राजकुमार ऊमरवैश्य, पूर्व चेयरमैन शिवगोविंद साहू, आलोक गुप्ता 'पिंटू', राजीव ऊमरवैश्य 'राजू', आशीष ऊमरवैश्य, केतन, मनोज ,नीशू केशरी, विवेक जायसवाल, आलोक साहू, वरुण ऊमरवैश्य, शिवराम, मनीष ऊमरवैश्य, हर्ष ऊमरवैश्य, जय ऊमरवैश्य, प्रमोद ऊमरवैश्य, विपिन ऊमरवैश्य, विवेकानंद, आशुतोष, शिव प्रसाद ऊमरवैश्य, जगदंबा जायसवाल, सौरभ जायसवाल, विशंभर, ऋषभ ऊमरवैश्य, पवन ऊमरवैश्य और नमन ऊमरवैश्य आदि ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी।

## मानव से मशीन तक- बदलती दुनिया में एआई बना नई प्रतिस्पर्धा का केंद्रः प्रो. योगेश उपाध्याय

### डिजिटल परिवर्तन के दौर में नवाचार और समन्वय की आवश्यकताः प्रो. वंदना सिंह

*अवधनामा संवाददाता*



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में ÷कॉरपोरेट प्रणाली में उभरते मुद्दे एवं चुनौतियां÷ विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत शनिवार को विश्वविद्यालय के अवैद्यनाथ संगोष्ठी भवन में हुई । इस संगोष्ठी में देशभर से आए शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं उद्योग विशेषज्ञों ने भाग लिया और समकालीन विषयों पर अपने विचार साझा किए। उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि आईटीएम विश्वविद्यालय, ग्वालियर के कुलपति प्रो. योगेश उपाध्याय ने कहा कि आज विश्व भारतीय प्रतिभा को सम्मान दे रहा है, परंतु साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते प्रभाव ने नई चुनौतियों को जन्म दिया है। भारतीय समाज में ईमानदारी और आपसी विश्वास की सुदृढ़ परंपरा रही, किंतु समय के साथ इसमें गिरावट आई है, जिस पर गंभीर आत्ममंथन आवश्यक है। उन्होंने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए बताया कि पहले श्रम की आवश्यकता के लिए लोगों को विभिन्न देशों में भेजा गया, बाद में मशीनों ने मानव श्रम का स्थान लिया और अब बुद्धिमत्ता के स्तर पर भी प्रतिस्पर्धा तीव्र हो गई है। उनके अनुसार, यह प्रतिस्पर्धा केवल मनुष्य और मशीन के बीच नहीं, बल्कि एक नई ÷प्रजाति÷ के उभरने का संकेत है, जिसका प्रभाव भविष्य में जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में दिखाई देगा। कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से व्यक्तिगत स्तर पर रचनात्मकता और नवाचार को बल मिला है, जिससे लोग कम समय में अनेक नए विचार उत्पन्न कर पा रहे हैं। हालांकि, समूह स्तर पर इसके उपयोग से कार्यों में एकरूपता बढ़ रही है, जिससे मौलिकता और विविधता प्रभावित होने की आशंका भी है। अध्यक्षीय संबोधन में विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि आज का समय डिजिटल परिवर्तन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बदलते कार्यबल की चुनौतियों से भरा है, जो नवाचार और उत्तरदायी नेतृत्व के नए अवसर भी देते हैं। उन्होंने संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए विभिन्न प्रबंधन क्षेत्रों के समन्वय पर बल दिया और कॉरपोरेट क्षेत्र को आर्थिक विकास के साथ सामाजिक परिवर्तन का भी प्रमुख माध्यम बताते हुए शिक्षा, उद्योग और नीति-निर्माताओं के बीच संवाद की आवश्यकता बताई।

विशिष्ट अतिथि निदेशक, प्रबंधन संस्थान, बीएचयू प्रो. आशीष बाजपेई ने कहा कि भारतीय कॉरपोरेट सेक्टर अच्छा काम कर रहा है, लेकिन आज विश्वसनीयता का ह्रास चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि धर्म से दूरी के कारण कॉरपोरेट और उपभोक्ता के बीच विश्वास कम हुआ है। ऐसे में कॉरपोरेट नेतृत्व की सोच सकारात्मक और नैतिक होना जरूरी है। इसी क्रम में अतिथि प्रो. एस. रामनाथन, पूर्व डीन प्रबंधन, अन्नामलाई विश्वविद्यालय, चेन्नई ने कहा कि लाभ ही व्यवसाय का एकमात्र उद्देश्य नहीं होना चाहिए। प्रत्येक संगठन चाहे वह गाँव की छोटी सहकारी समिति हो या बड़ी कंपनी को अपने वित्त का कुशल प्रबंधन करना आवश्यक है।

## तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दो घायल

**जौनपुर।** जौनपुर- केराकत हाईवे स्थित प्रसाद तिराहे के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को सामने से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

बता दे की जफराबाद थाना क्षेत्र के सम्मोपुर कला गांव के प्रदीप यादव अपनी बाइक से शुक्रवार की रात अपने भतीजे अंश यादव के साथ किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चौकियां धाम की तरफ जा रहे थे, देर शाम लगभग 7:30 बजे के करीब विपरीत दिशा से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने सामने से टक्कर मार दिया। टक्कर के बाद बाइक सवार प्रदीप यादव और अंश सड़क पर जा गिरे जिसमें बाइक चला रहे हैं प्रदीप यादव 28 का सर फट गया वहीं अंश यादव 13 भी घायल हो गया। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों ने तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं प्रदीप की ज्यादा चोट लगने की वजह से जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने रेफर कर दिया।

## खादी आज भी लाखों कत्तिनों व बुनकरों के रोजगार और आजीविका का प्रमुख आधारः विजय बहादुर पाठक

*अवधनामा संवाददाता*



**आजमगढ़।** उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग विकास एवं सतत् प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन हरिऔध कला केन्द्र, आजमगढ़ में किया गया। इस अवसर पर मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार का भी आयोजन किया गया, जिसमें खादी के प्रचार-प्रसार, शोध, डिजाइन, मानकीकरण तथा कारीगरों के उत्साहवर्धन पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान जनपद के प्रत्येक विकास खण्ड से ऐसे 02-02 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया, जिनके द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर खादी एवं ग्रामोद्योग योजनाओं के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में सर्वाधिक उद्योग इकाइयों की स्थापना कराई गई है। इन ग्राम प्रधानों को पुरस्कार स्वरूप ?2000 की धनराशि आरटीजीएस के माध्यम से, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मा. विजय बहादुर पाठक, सदस्य विधान परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा शिक्षाविद् दीपक राय, मुख्य राजस्व अधिकारी संजीव ओझा, जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, जिला सूचना अधिकारी डॉ. पंकज कुमार, जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी दीपक मिश्रा तथा जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी शांत प्रकाश श्रीवास्तव के साथ संयुक्त रूप से ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आयोजित मण्डल स्तरीय खादी सेमिनार में खादी संस्थाओं के पदाधिकारी, कत्तिन-बुनकर तथा खादी से जुड़े कारीगरों की सहभागिता रही। खादी के प्रचार-प्रसार तथा कारीगरों के उत्साहवर्धन के उद्देश्य से उन्हें प्रेरित करते हुए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि विजय बहादुर पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यक्रम मात्र औपचारिकता नहीं है, बल्कि खादी को नई पहचान देने और उसे आधुनिक समय की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि खादी भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का प्रतीक रही है। महात्मा गांधी जी ने खादी को स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक बनाया था।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी श्रृंगवेरपुर धाम, प्रयागराज।

पत्रांक : 960/क्षे0प0/लेखाकार/निविदा/2025-26/

दिनांक 28-03-2026

## निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि क्षेत्र पंचायत श्रृंगवेरपुर धाम की बैठक दिनांक 10.12.2025 में प्रस्ताव एवं समिति द्वारा लिए गये कार्य जिसकी वित्तीय एंव प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है के कम में राज्य वित्त आयोग एवं केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि टाईड ग्रान्ट/अनटाईड ग्रान्ट के सापेक्ष निम्नलिखित परियोजनाओं का कार्य कराने हेतु क्षेत्र पंचायत श्रृंगवेरपुर धाम के पंजीकृत ठेकेदारों एवं प्रयागराज के समस्त निर्माण कार्यदायी संस्था से निविदा पत्र आमंत्रित की जाती है। पंजीकृत ठेकेदार अपनी निविदा दिनांक 28.03.2026 से 18.04.2026 तक विकास खण्ड श्रृंगवेरपुर धाम कार्यालय अपरान्ह 03 बजे को तक विकास खण्ड कार्यालय में रखे गये निविदा बाक्स में डाल सकते है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 18.04.2026 अधोहस्ताक्षरी द्वारा गठित समिति के सदस्यों द्वारा खोला जायेगा अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। क्षेत्र पंचायत श्रृंगवेरपुर धाम के पंजीकृत ठेकेदारों से अपेक्षा है कि निविदा मूल्य के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा लाल गोपालगंज के खाता संख्या 15250100039938 में सीधे जमा कर जमा रशीद कार्यालय में प्रस्तुत कर निविदा फार्म प्राप्त कर सकते हैं, एंव निविदा स्वीकृत होने पर कार्यदिश के पूर्व 10 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ0डी0आर0 के रूप में जो खण्ड विकास अधिकारी के नाम बंधक होगी, जमा करना होगा। बिना धरोहर धनराशि के कार्यदिश निर्गत नहीं किया जायेगा। कार्य के पश्चात् भुगतान पी0एफ0एम0एस0 के माध्यम से उपलब्ध धनराशि के अनुसार किया जायेगा। टी0डी0एस0 जी0एस0टी0एस0 एंव लेबर सेस, रॉयल्टी की कटौती नियमानुसार होगी। किसी एक निविदा को अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में सुरक्षित रहेगा। निविदा की शर्ते एंव निविदा फार्म कार्यालय में लेखाकार से सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है। इसकी टेक्निकल बिड 15.04.2026 को की जायेगी ।

| क्र. सं. | परियोजना का नाम | लम्बाई (मी.में) | प्राक्लित धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य | प्रतिभूति/धरोहर की धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण होने की अवधि | योजना का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बेरांवा में काली मां के स्थान से किशोरी के घर तक नाली निर्माण | 200 | 5.38 | 500 | 0.538 | तीन माह | टाईड |
| 2 | ब्लाक कैम्पस में सहायक विकास अधिकारियों कार्यालय का सौन्दर्यीकरण | 2 | 3.05 | 500 | 0.305 | तीन माह | राज्य वित्त |
| 3 | कमालापुर जानबक्स का पूरा में प्यारे लाल पटेल के घर से डॉ0 रामसजीवन के घर के सामने तालाब तक नाली निर्माण | 250 | 6.33 | 500 | 0.633 | तीन माह | टाईड |
| 4 | खरगापुर में रवीन्द्र के घर से छेदी गुप्ता के घर तक नाली व इन्टर लाकिंग निर्माण | 70 | 4.60 | 500 | 0.460 | तीन माह | टाईड |
| 5 | अलादादपुर हनुमन्त सिंह के घर से राम अभिलाष के खेत तक नाली निर्माण | 200 | 5.38 | 500 | 0.538 | तीन माह | टाईड |
| 6 | बजहा में राम निगम के घर से तालाब तक नाली नाली निर्माण | 250 | 7.50 | 500 | 0.750 | तीन माह | टाईड |
| 7 | बरई हरख में राम पूजन के खेत से कालीदीन पाल के खेत तक नाली निर्माण | 250 | 7.50 | 500 | 0.750 | तीन माह | टाईड |
| 8 | सिंगरौर उपहरार मिरजहांपुर में नीरज पाण्डेय के घर से देवी शंकर के घर तक नाली निर्माण | 200 | 5.07 | 500 | 0.507 | तीन माह | टाईड |
| 9 | बरई हरख में रोशन के खेत से रामराज के खेत तक नाली निर्माण | 250 | 7.50 | 500 | 0.750 | तीन माह | टाईड |
| 10 | काशीपुर में संजय सिंह के घर से तालाब तक नाली निर्माण | 250 | 7.50 | 500 | 0.750 | तीन माह | टाईड |

**(लीलाधर शुक्ल)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**श्रृंगवेरपुर धाम-प्रयागराज।**

**(कल्पना पाण्डेय)**
**प्रमुख क्षेत्र पंचायत**
**श्रृंगवेरपुर धाम-प्रयागराज।**


# मुबारकपुर पहुंचे जिलाधिकारी बुनकरों व बुनकर विपणन केन्द्र निरीक्षण में बन्द पाया गया



*अवधनामा संवाददाता*

**मुबारकपुर/ आजमगढ़।** रेशमी नगरी थाना मुबारकपुर में समाधान दिवस पर शनिवार को जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार थाना पर पहुंचे और वहां से सीधे मोहल्ला कटरा पहुंच कर बुनाई कारखाना देखा और बुनकरों से वार्ता कर रेशमी साड़ी के बारे में जानकारी हासिल किया। वहां से बुनकर विपणन केन्द्र पहुंचे जो बुनकर विपणन केन्द्र बन्द मिला। बन्द रहने पर चिन्ता व्यक्त कर इसे खुलवाने के बारे में अधिकारियों से बात करने को कहा।इस प्रकार कुल 45 मिनट तक मुबारकपुर में रहे। जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार मुबारकपुर थाना दिवस पर पहुंचे और चन्द मिनट रूके इसके बाद मुबारकपुर के मोहल्ला कटरा में एक बुनाई कारखाना देखा। कारखाना में पावरलूम और हैण्डलूम पर बुनी जा रही रेशमी साड़ी को देखा और बुनकर मजदूर नबी अखूतर से साड़ी के बारे जानकारी ली। बुनकरों ने बताया कि रेशमी साड़ी मुबारकपुर में बुनी जाती है और इसे बनारसी साड़ी के नाम से जाना जाता है। बुनकर मजदूर कच्चा माल कतान, रेशम,जरी,तार सब कुछ सेठ कारोबारी से लाता है। रेशमी साड़ी तैयार करता है। बुनकर मजदूर को केवल मजदूरी से मिलती है। बुनकर मजदूर नबी अख्तर ने जिलाधिकारी को जानकारी देते हुए बताया कि पावरलूम पर एक साड़ी पांच घंटे में तैयार हो जाती है। काफी मेहनत के बाद वह दिन भर मं चार सौ रुपए का काम करता है। हथकरघा संचालन में एक साड़ी को तैयार करने में दो लोगों को मिलकर काम करना होता है।


पावरलूम हो या हथकरघा बुनकरों को केवल मजदूरी से काम है।अन्त में जिलाधिकारी ने बुनकर विपणन केन्द्र का हाल देख कर चिन्ता व्यक्त कर कहा कि इसे खुलवाने के बारे में देखते हैं। बुनकरों ने बताया कि यह करोड़ों रुपए खर्च कर बना है। इसमें कुल 130 दुकान है।यह सहायक निदेशक हथकरघा वस्त्रोद्योग परिक्षेत्र मऊ निगरानी में संचालित होता है। इसके बारे में जिलाधिकारी ने कहा कि इसे खुलवाने के बारे में सम्बंधित अधिकारी से बात करते हैं।

## प्राप्त शिकायतों का उसी दिन निस्तारण किया जाए- जिलाधिकारी

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद शाहा के साथ थाना समाधान दिवस के अवसर पर थाना दन्नाहार में जन-शिकायतें सुनने के दौरान कहा कि इस दिवस पर प्राप्त शिकायतों का उसी दिन निस्तारण किया जाए, थाना समाधान दिवस के समापन के उपरांत अपरान्ह 02 बजे थाने से ही प्राप्त शिकायतों पर राजस्व, पुलिस की टीम गठित कर मौके पर भेजी जाए, मौके पर भेजी जाने वाली टीम का पूर्ण विवरण थाने की जी.डी. में दर्ज किया जाए साथ ही मौके पर की गई कार्यवाही का अंकन भी टीम के वापस आने पर किया जाए। उन्होने कहा कि अनाधिकृत कब्जा करने वालों के विरूद्ध दंडात्मक कार्यवाही हो, एक बार सीमांकन, पैमाइश के बाद यदि किसी के द्वारा पुनः कब्जा किया जाये तो उसे भू-माफिया में चिन्हित कर उसके विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाये।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 700 अरब डॉलर से नीचे

## आरबीआई ने अर्थव्यवस्था में डाले 65,322 करोड़




**नई दिल्ली।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार दो महीने बाद पहली बार 700 अरब डॉलर के नीचे आ गया है। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 20 मार्च 2026 को समाप्त सप्ताह में देश का कुल भंडार घटकर 698.35 अरब डॉलर रह गया, जो एक हफ्ते पहले 709.76 अरब डॉलर था। फरवरी अंत में विदेशी मुद्रा भंडार 728.5 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इस दौरान गोल्ड रिजर्व का मूल्य 13.5 अरब डॉलर घटकर 117.2 अरब डॉलर रह गया।

पश्चिम एशिया युद्ध के चलते वैश्विक तेल आपूर्ति से करीब 1.1 करोड़ बैरल प्रतिदिन की कमी आई है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने इस संकट को 1970 के दशक के तेल संकट और रूस-यूक्रेन गैस संकट से भी बड़ा बताया है। विश्लेषकों का अनुमान है कि युद्ध गहराया तो तेल की कीमतें 200 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच सकती हैं। ईरान युद्ध को लेकर चल रही कूटनीतिक बातचीत के बीच शुक्रवार को तेल की कीमतों में हल्की गिरावट देखी गई, लेकिन वैश्विक बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड की कीमत मामूली गिरकर 107.97 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई, जबकि अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड भी घटकर 94 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। पिछले कुछ हफ्तों में कीमतों में तेज उछाल देखने को मिला है।

निवेशकों को डर है कि संघर्ष जल्द खत्म नहीं होगा, जिससे ऊर्जा बाजार पर दबाव जारी रह सकता है। उधर, डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले रोकने की समयसीमा 10 दिन बढ़ाकर 6 अप्रैल कर दी है और ईरान से होर्मुज को दोबारा खोलने की मांग की है। अमेरिका और ईरान ने अपने तेवर में नरमी के संकेत दिए हैं, लेकिन पश्चिम एशिया में तनाव अब भी बना हुआ है।

मेटा के स्वामित्व वाले वॉट्सएप ने नई सेवाओं की पेशकश की। इसके तहत एपल आईफोन उपयोगकर्ता अब एक ही फोन पर दो खाते एक साथ चला सकेंगे। इसके अलावा इमेज एडिटिंग और संदेश लिखने के लिए नए टूल भी जोड़े गए हैं। इस अपडेट के बाद उपयोगकर्ताओं को व्यक्तिगत एवं कामकाजी बातचीत के लिए दो अलग-अलग फोन रखने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

देश के रियल एस्टेट सेक्टर में जनवरी से मार्च 2026 के दौरान हाउसिंग बिक्री में तिमाही आधार पर गिरावट देखने को मिली। एनरॉक के मुताबिक, पश्चिम एशिया संकट के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही में देश के टॉप-7 शहरों में कुल 1,01,675 घरों की बिक्री हुई, जो पिछले साल के मुकाबले 9 फीसदी ज्यादा है।

भारत में 2026 में गेहूं की पैदावार पिछले साल के मुकाबले बढ़ने की उम्मीद है, लेकिन बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से पकती हुई फसल को नुकसान पहुंचने के कारण यह शुरुआती अनुमानों से कम रह सकती है।

सरकार ने इस साल गेहूं उत्पादन का अनुमान करीब 12 करोड़ टन होने का लगाया है, आटा मिल मालिकों के संगठन ने 11.5 करोड़ टन उत्पादन का अनुमान लगाया है। इस साल किसानों ने 3.3 करोड़ हेक्टेयर में गेहूं की बुवाई की है, जो पिछले साल के 3.2 करोड़ हेक्टेयर से ज्यादा है। भारत चीन के बाद दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं उत्पादक देश है। यहां गेहूं की बुवाई अक्टूबर-नवंबर में होती है और कटाई मार्च-अप्रैल में की जाती है। हाल के वर्षों में, फरवरी के आखिर में पड़ने वाली गर्मी के कारण पैदावार में कमी देखने को मिली है।

2025 में अनुकूल मौसम के चलते गेहूं उत्पादन में सुधार हुआ था, लेकिन इस साल फरवरी के आखिर में अचानक गर्मी बढ़ने से चिंताएं बढ़ गई हैं। हाल में हुई बारिश से गेहूं उत्पादक किसानों को कुछ राहत मिली है, पर देश के कुछ हिस्सों में हुई ओलावृष्टि ने फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। इससे पैदावार में कमी आने और फसल की गुणवत्ता प्रभावित होने की चिंताएं बढ़ गई हैं।

# युवा के मानसिक स्वास्थ्य को समझना बहुत जरूरी

### दी रिचमंड फेलोशिप सोसाइटी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, संबंधों में द्वंद एवं युवा विषयक कार्यशाला का हुआ आयोजन




**लखनऊ।** दी रिचमंड फैलोशिप सोसाइटी( इंडिया) की लखनऊ शाखा द्वारा अपने 21वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य ,संबंधों में द्वंद एवं युवा विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन इंडियन मेडिकल एसोसिएशन भवन में आज किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सरोजिनी नगर विधायक डॉ राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे .डॉ.दिनेश दुआ मनोचिकित्सक लखीमपुर खीरी विशिष्ट अतिथि थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विवेक अग्रवाल ,विभागाध्यक्ष मानसिक रोग विभाग, केजीएमयू ,लखनऊ एवं डॉ. नेहाश्री श्रीवास्तव एसोसिएट प्रोफेसर ,नेशनल पीजी कॉलेज ,लखनऊ ने अपने विचार प्रकट व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि जीवन में अनेक प्रकार के संबंधों से हमारा परिचय होता है। कुछ अस्थाई और कुछ दीर्घकालिक होते हैं वैज्ञानिक रूप से यह स्पष्ट है कि संबंधों का हमारे मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ता है बच्चों की परवरिश जिस प्रकार से होती है उसका प्रभाव युवा पर होता है जिन बच्चों और युवा के माता-पिता कड़ाई से परवरिश करते हैं, जहां बच्चों के नजरिए और भविष्य को नजर अंदाज कर दिया जाता है वहां उन बच्चों में अक्सर मानसिक रोग के लक्षण दिखते हैं। युवा को मानसिक स्वास्थ्य और संबंधों के परिप्रेक्ष्य में समझना आज बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डॉ. प्रभात सिथोले ने सबका स्वागत किया .सचिव डॉ.शशि राय ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की. उन्होंने बताया कि रिचमंड फैलोशिप समिति इंडिया लखनऊ शाखा की स्थापना मार्च 2005 में 12 संस्थापक सदस्यों द्वारा डॉ. ए.के. अग्रवाल के नेतृत्व में हुई थी। वर्तमान में हमारे सदस्य संख्या बढ़कर 172 हो गई है। डॉ शशि राय ने जानकारी दी कि हमारी संस्था का उद्देश्य मानसिक रोग से पीड़ित व्यक्तियों एवं उनके परिवारों की पीड़ा को कम करना तथा उनके पुनर्वास एवं परिवार व समाज में उनके पुनर्वास तथा समाज में समावेशन में उनकी सहायता करना है. वर्तमान में हमारा केंद्र नवोदय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान विराज खंड 5 ,गोमती नगर में चल रहा है। जो की नो प्रॉफिट नो लॉस के आधार पर चलता है और मध्य भारत में अपने प्रकार का एक अनूठा संस्थान है।

## रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों की वार्षिक ऑडिट के लिए कॉस्ट अकाउंटेंट्स को भी अनुमति

**नई दिल्ली।** बाजार नियामक सेबी ने बड़ा फैसला लेते हुए रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों के वार्षिक ऑडिट के लिए अब कॉस्ट अकाउंटेंट्स को भी मंजूरी दे दी है। इस नए नियम और ऑडिट डेडलाइन की पूरी जानकारी के लिए यह खबर अभी पढ़ें। बाजार नियामक सेबी ने रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों के वार्षिक ऑडिट की अनुमति कॉस्ट अकाउंटेंट्स (लागत लेखाकारों) को भी दे दी है। यह कदम योग्य पेशेवरों के दायरे को बढ़ाएगा। पहले केवल इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के सदस्य ही यह ऑडिट कर सकते थे। सेबी ने इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के सदस्यों को भी अब इसमें शामिल किया है। सेबी ने बुधवार को जारी सर्कुलर में यह जानकारी दी। इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के प्रतिनिधित्व पर विचार करते हुए यह निर्णय लिया गया है। लागत लेखाकारों को रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों के वार्षिक ऑडिट के लिए मान्यता दी गई है। सेबी ने अपने मास्टर सर्कुलर में संशोधन किया है। यह मास्टर सर्कुलर 6 फरवरी, 2026 को जारी किया गया था। संशोधित नियमों के तहत, रिसर्च एनालिस्ट और निवेश सलाहकारों को प्रत्येक वित्तीय वर्ष के अंत से छह महीने के भीतर सेबी नियमों के अनुपालन का वार्षिक ऑडिट कराना होगा। ऑडिट रिपोर्ट को पूरा होने के एक महीने के भीतर जमा करना अनिवार्य है। इसे पिछले वित्तीय वर्ष के लिए 31 अक्टूबर से पहले जमा करना होगा। यह रिपोर्ट सेबी या संबंधित पर्यवेक्षी निकायों को प्रस्तुत की जाएगी। ऑडिट रिपोर्ट सेबी या रिसर्च एनालिस्ट एडमिनिस्ट्रेशन एंड सुपरवाइजरी बॉडी (आरएएएसबी) को जमा करनी होगी। निवेश सलाहकारों के लिए यह रिपोर्ट निवेश एडवाइजर्स एडमिनिस्ट्रेशन एंड सुपरवाइजरी बॉडी (आईएएएसबी) को भी जमा की जा सकती है।

## निप्पॉन पेंट इंडिया ने उद्योग के परिदृश्य को नए सिरे से परिभाषित करने वाली गतिशील महिलाओं के लिए HERizons लांच किया

**नई दिल्ली।** निप्सी ग्रुप का हिस्सा और एशिया प्रशांत की नंबर 1 पेंट एवं कोटिंग विनिर्माता कंपनी निप्पॉन पेंट इंडिया ने महिलाओं के नेतृत्व को गति देने, गतिशील महिलाओं के विभिन्न उद्योगों के एक समुदाय का निर्माण करने और परिवर्तन लाने वालों की अगली पीढ़ी को सशक्त करने के उद्देश्य के एक रणनीतिक प्लेटफॉर्म HERizons का अनावरण किया है। HERizons के दिल्ली संस्करण में एक शाम इस पहल को औपचारिक रूप से लांच किया गया जहां नई संभावनाओं को रंग देना थीम के तहत सभी क्षेत्रों से नीति निर्माता, उद्योग परिवर्तनकर्ता और महिला नेता एक साथ आईं। यह महिलाओं के सशक्तिकरण, पहुंच और विकास को लेकर इस कंपनी की प्रतिबद्धता में एक निर्णायक कदम है।

इस पहल के लिए माहौल तैयार करते हुए निप्पॉन पेंट इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री शरद मल्होत्रा ने HERizons के पीछे का विजन




रेखांकित करते हुए उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने ऐसे प्लेटफॉर्मों की जरूरत रेखांकित की जो पहचान से परे जाकर सभी क्षेत्रों में महिला नेताओं के लिए गठबंधन, दृश्यता और दीर्घकालीन प्रभाव को सक्रिय रूप से समर्थ बनाएं। उन्होंने कहा, एक ऐसे प्लेटफॉर्म के निर्माण को लेकर HERizons हमारी प्रतिबद्धता है जहां महिलाओं की संभावना को पहचान मिले, वह बढ़े और उसका उत्सव मनाया जाए। यह केवल एक बार नहीं, बल्कि निरंतर हो। हमारा मानना है कि जब महिलाएं नेतृत्व करने के लिए सशक्त होती हैं तो पूरे उद्योगों में परिवर्तन आता है।

मुख्य भाषण पूर्व विदेश राज्यमंत्री सुश्री मीनाक्षी लेखी द्वारा दिया गया जिन्होंने भारत में महिलाओं के सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के लिए नीति, प्रतिनिधित्व और नवप्रवर्तन के महत्व को रेखांकित किया। श्रीमती लेखी ने व्यापक स्तर पर महिलाओं की संभावना को मूर्त प्रगति में तब्दील करने में ॥श्चद्ग5श्ठ्ठ जैसे प्लेटफॉर्मों की महत्वपूर्ण भूमिका पर बोलते हुए इस बातचीत में राष्ट्रीय दृष्टिकोण पेश किया। इस शाम का मुख्य आकर्षण मिशन शक्तिसैट शुभांकर का अनावरण रहा जोकि मिशन शक्तिसैट की ग्लोबल चेयर की क्षमता में सुश्री लेखी की अगुवाई में अंतरिक्ष और विज्ञान में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक अग्रणी वैश्विक पहल है। इस दौरान लोक सेवा और महिला सशक्तिकरण में उनके नेतृत्व और योगदान के लिए उन्हें सम्मानित भी किया गया।

## निजी क्षेत्र का कैपेक्स वित्त वर्ष 2027 में 16.5 फीसदी घटकर 9.55 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** एक सरकारी सर्वेक्षण के अनुसार, निजी क्षेत्र द्वारा नई संपत्तियों के अधिग्रहण पर पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 2026-27 में 16.5 फीसदी घटकर 9.55 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए नई संपत्तियों के अधिग्रहण पर कुल पूंजीगत व्यय 11.43 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है। सर्वेक्षण में शामिल 5,366 परिचालन उद्यमों में से 4,203 (लगभग 78.3 फीसदी) ने अगले वित्त वर्ष (2026-27) के लिए अपनी पूंजीगत व्यय निवेश योजनाओं की जानकारी दी। उद्यम आमतौर पर भविष्य के लिए ऐसे अनुमानों की रिपोर्टिंग में सतर्क दृष्टिकोण अपनाते हैं। वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान वास्तविक पूंजीगत व्यय प्रति उद्यम 173.5 करोड़ रुपये था, जबकि लक्षित 180.2 करोड़ रुपये था। यह 96.3 फीसदी की समग्र प्राप्ति दर को दर्शाता है, जिससे पता चलता है कि वास्तविक व्यय निवेश इरादों के अनुरूप था। सर्वेक्षण के अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान लगभग 48.63 फीसदी उद्यमों की निवेश रणनीति मुख्य संपत्तियों पर केंद्रित थी। वहीं, 38.36 फीसदी ने मौजूदा संपत्तियों में मूल्य वृद्धि के लिए निवेश की योजना बनाई। लगभग 14.54 फीसदी ने अवसरवादी संपत्तियों में निवेश किया, जबकि चार फीसदी से कम ने ऋण-संबंधी रणनीतियों का पालन किया। लगभग एक फीसदी ने संकटग्रस्त संपत्तियों या गैर-निष्पादित ऋणों से संबंधित रणनीतियों का अनुसरण किया। सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान, निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र में लगभग 60.13 फीसदी उद्यमों ने मुख्य रूप से आय सृजन के उद्देश्य से पूंजीगत व्यय किया। जबकि 42.12 फीसदी ने मौजूदा क्षमता के उन्नयन के लिए पूंजीगत व्यय की सूचना दी। लगभग 7.2 फीसदी उद्यमों ने विविधीकरण के उद्देश्य से पूंजीगत व्यय किया।

## समाजवादी मजदूर सभा का बड़ा ऐलान, नए श्रम कानूनों के खिलाफ पूरे प्रदेश में निकलेगी पदयात्रा

**लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज स्थित दारुलशफा के ए-ब्लॉक कॉमन हॉल में समाजवादी मजदूर सभा की एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए प्रदेश अध्यक्षों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। बैठक में केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर मजदूर विरोधी होने का आरोप लगाते हुए आर-पार की लड़ाई का आह्वान किया गया। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष (पूर्व राज्यमंत्री) राहुल निगम वासी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि देश और प्रदेश का असली PDA (पिछड़, दलित और असहाय) वर्ग मजदूरों के बीच ही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो PDA है, वास्तव में वही मजदूर सभा है। वासी ने आरोप लगाया कि जब से उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार आई है, मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी तक का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बैठक में केंद्र सरकार द्वारा लाए गए चार नए श्रम कानूनों पर तीखा प्रहार किया गया। राहुल निगम वासी ने कहा भाजपा सरकार ने मजदूरों के हितों की रक्षा करने वाले पुराने कानूनों को खत्म कर उद्योगपतियों के फायदे के लिए चार नए श्रम कानून बनाए हैं ये कानून ट्रेड यूनियनों और श्रमिकों के संवैधानिक अधिकारों की हत्या के समान हैं उत्तर प्रदेश में पिछले कई महीनों से श्रम पोर्टल बंद पड़ा है, जिससे करोड़ों मजदूर उन सरकारी योजनाओं से वंचित हैं जिनके वे असल हकदार हैं।

भाजपा केवल उद्योगपतियों की पार्टी है। आज प्रदेश का गरीब और पिछड़ा वर्ग उम्मीद भरी नजरों से श्री अखिलेश यादव की ओर देख रहा है। मजदूरों ने तय कर लिया है कि आगामी समय में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाकर अखिलेश यादव जी को पुनः मुख्यमंत्री बनाना है।

**आगामी रणनीतिः महामहिम राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा ज्ञापन**

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि भाजपा सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ समाजवादी मजदूर सभा पूरे प्रदेश में पदयात्रा निकालेगी। इस पदयात्रा के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाएगा और महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन सौंपकर इन चारों %काले% श्रम कानूनों को तत्काल वापस लेने की मांग की जाएगी।

**बैठक में ये दिग्गज रहे मौजूद**

बैठक में देश भर के प्रमुख नेताओं ने शिरकत की, जिनमें मुख्य रूप से रामचरण यादव प्रदेश अध्यक्ष, महाराष्ट्र राजेश कुमार (प्रदेश अध्यक्ष, झारखण्ड फरजान रईस हैदर (प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव जगतपाल सिंह यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी जाटव समाज नेता अमित यादव, सुरेन्द्र सिंह पंवार, आसिफ इकबाल जैदी, राकेश पासी, राकेश अग्रवाल, यदुवेन्द्र सिंह यादव, प्रमोद पटेल, महिमा शर्मा, सुरेश यादव, नरेन्द्र सिंह, पिंटू ठाकुर, मयंक श्रीवास्तव, राहुल रावत, राम मिलन सिंह यादव, अनिल कुमार भारती, प्रदीप सहाय, योगेन्द्र चौधरी और आजाद राय समेत कई राष्ट्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## वन प्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो की सेल हुई शुरू



**बेंगलुरु।** ग्लोबल टेक्नोलॉजी ब्रांड, वन प्लस ने आज अपने लेटेस्ट वन प्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो की सेल शुरू की, जो किफायती मूल्य में बेहतरीन नॉईज़ कैंसेलेशन के साथ शानदार बेस प्रदान करते हैं। इन ईयरबड्स का मूल्य 3,999 रुपये है, पर स्पेशल लॉन्च मूल्य के अंतर्गत ये 3,799 रुपये में मिल रहे हैं। यह लॉन्च ऑफर सीमित समय के लिए लागू होगा। इन्हें वनप्लस.इन, वनप्लस स्टोर ऐप, वनप्लस एक्सपीरियंस स्टोर, अमेज़ॉन, फ्लिपकार्ट और मिंत्रा से खरीदा जा सकता है। वनप्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो वनप्लस नॉर्ड बड्स सीरीज़ में लेटेस्ट ईयरबड हैं। ये 55 डेसिबल तक के नॉईज़ कैंसेलेशन के साथ किसी भी बैकग्राउंड साउंड को ब्लॉक कर देते हैं। इनमें नए ड्राईवर हैं, जो वनप्लस नॉर्ड बड्स 3 प्रो के मुकाबले 100 प्रतिशत अधिक पॉवर प्रदान करते हैं। साथ ही रिच, डीप बेस और स्पष्ट वोकल्स के लिए इनमें टाईटेनियम कोटिंग भी है। वनप्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो ब्लूटूथ 6.0, एलएचडीसी 5.0, गूगल फास्ट पेयर एवं माईक्रोसॉफ्ट स्विफ्ट पेयर को भी सपोर्ट करते हैं।

फ्लैगशिप ग्रेड की साउंड क्वालिटी के साथ वनप्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो बेहतरीन यूज़ेबिलिटी पेश करते हैं। इनमें 25 किलोमीटर प्रति घंटा तक की तेज हवा सहित किसी भी तरह के वातावरण में क्रिस्टल क्लियर साउंड के लिए छः माईक्रोफोन दिए गए हैं। वन प्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो के हर ईयरबड का वजन केवल 4.4 ग्राम है, तथा इसका चार्जिंग केस पिछली जनरेशन के मुकाबले 10 प्रतिशत अधिक छोटा है। इसके बाद भी यह बेहतरीन बैटरी लाईफ और सुरक्षा प्रदान करता है। वन प्लस नॉर्ड बड्स 4 प्रो में स्लाईड वॉल्यूम कंट्रोल का फीचर दिया गया है, जो वनप्लस यूज़र्स का बहुत पसंदीदा फीचर है।

# गुजरात साइंस सिटी में भव्य साइंस कार्निवल 2026 का शुभारंभ

**नई दिल्ली।** गांधीनगर स्थित गुजरात साइंस सिटी में साइंस कार्निवल 2026 का भव्य शुभारंभ गुजरात के मुख्य सचिव श्री एम. के. दास के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की सचिव श्रीमती पी. भारती तथा गुजरात कार्उंसिल ऑफ साइंस सिटी के कार्यकारी निदेशक श्री वी. के. पटेल भी उपस्थित रहे। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया।




साइंस कार्निवल में विभिन्न आधुनिक गैलरियों और आकर्षक प्रदर्शनों का आयोजन किया गया है, जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी के नवीन प्रयोगों, खोजों और नवाचारों को रोचक ढंग से प्रस्तुत किया गया है। गणमान्य अतिथियों ने विभिन्न गैलरियों का अवलोकन किया तथा छात्रों के साथ संवाद किया।

इस कार्यक्रम में राज्य भर की विभिन्न स्कूलों से हजारों की संख्या में छात्र उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। इस कार्निवल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना, नवाचार के प्रति रुचि उत्पन्न करना और सीखने के लिए प्रेरित करना है। साइंस कार्निवल 2026 के अंतर्गत विभिन्न कार्यशालाएं, लाइव डेमो, इंटरएक्टिव प्रदर्शनी तथा विशेष आकर्षण के रूप में भव्य ड्रोन शो का आयोजन किया गया है, जो दर्शकों को एक अनोखा और यादगार अनुभव प्रदान करेगा।

गुजरात साइंस सिटी द्वारा आयोजित यह कार्निवल ज्ञान और मनोरंजन का अनूठा संगम बनकर सभी आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रेरणास्रोत साबित हो रहा है।

## टेक्नो स्पार्क 50 5जी, 6500एमएएच की ज़बरदस्त बैटरी और मिलिट्री ग्रेड ड्यूरेबिलिटी के साथ लॉन्च हुआ



**लखनऊ।** भारत के पास कोई पॉज़ बटन नहीं है और न ही इसे आगे बढ़ाने वाले लोगों के पास। टेक्नो में, हमारा मानना है कि टेक्नोलॉजी को भी इसी रफ़्तार से कदम से कदम मिलाकर चलना चाहिए। टेक्नो स्पार्क 50 5जी को भारतीय जीवन के अनिश्चित प्रवाह के लिए बनाया गया है जहाँ लंबे दिन, लगातार भाग-दौड़ और वास्तविक दुनिया की चुनौतियाँ सामान्य बात हैं। लंबे सफ़र से लेकर धूल, गिरने और अचानक होने वाली मॉनसून की बारिश तक - यह डिवाइस हर स्थिति में आपका साथ देने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह स्टाइल, मज़बूती और रोज़मर्रा की मुश्किलों को झेलने की क्षमता का बेहतरीन मेल है, ताकि आपकी डिजिटल ज़िंदगी भी आपकी तरह ही बिना किसी रुकावट के चलती रहे। इस लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के सीईओ, श्री अरिजीत तलापात्रा ने कहा भारत जैसे तेज़ी से बदलते बाज़ार में, लोग सिर्फ़ स्पेसिफिकेशन्स की लिस्ट नहीं देख रहे हैं; वे एक ऐसे साथी की तलाश में हैं जो वास्तव में उनके दिन भर के काम में उनका साथ दे सके। टेक्नो स्पार्क 50 5जी के साथ, हम तकनीकी शब्दों से आगे बढ़कर उन चीज़ों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जो असल दुनिया में वास्तव में मायने रखती हैं विश्वसनीयता, टिकाऊपन और ऐसा परफ़ॉर्मेंस जो लंबे, चुनौतीपूर्ण दिनों और अनिश्चित परिस्थितियों में भी आपका साथ निभाए। डिज़ाइन केवल शेल्फ पर अच्छा दिखने के लिए नहीं होना चाहिए, बल्कि उसे पकड़ने वाले व्यक्ति की ऊर्जा को दर्शाना चाहिए। प्रकृति के प्रीमियम शेड्स से प्रेरित टेक्नो स्पार्क 50 5जी फ़ैंटेसी पर्पल, मिंट ग्रीन, शैम्पेन गोल्ड और इंक ब्लैक रंगों में उपलब्ध है, जो स्टाइल और रोज़मर्रा के उपयोग के लिए तैयार मज़बूत बनावट के बीच संतुलन बनाता है।

## बिरला कॉर्पोरेशन की सहायक कंपनी ने कुंदनगंज यूनिट में तीसरी लाइन शुरू की, उत्पादन क्षमता बढ़कर 21.4 मीलियन टन हुई

**कोलकाता।** आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी, ने सोमवार को अपनी कुंदनगंज यूनिट में उत्पादन की तीसरी लाइन शुरू की, जिससे उत्पादन क्षमता 1.4 मिलियन टन (एमटी) बढ़ गई। इस विस्तार के बाद, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की कुल उत्पादन क्षमता 21.4 एमटी हो गई है, और जैसा कि कंपनी ने पहले घोषणा की थी, इसे 2028-29 तक बढ़ाकर 27.6 एमटी किया जाना है। कुंदनगंज विस्तार की अनुमानित लागत लगभग 300 करोड़ रुपये है।




ग्राइंडिंग क्षमता में 1.4 एमटी की इस वृद्धि से लगभग 100,000 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने की उम्मीद है, साथ ही मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश के अपने मुख्य बाजारों में बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड की प्रतिस्पर्धा क्षमता भी मजबूत होगी। अतिरिक्त क्लिंकर कंपनी की सतना, चंदेरिया और मुकुटबन स्थित इंटीग्रेटेड यूनिट्स से प्राप्त किया जाएगा। संतुलित आर्थिक विकास को बढ़ावा देने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की नीतियों के अनुरूप, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड राज्य में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका मुख्य उद्देश्य रोजगार और व्यावसायिक अवसर पैदा करना है।

बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) और इसी तरह की अन्य योजनाओं के माध्यम से आवास को बढ़ावा देने के केंद्र सरकार के अभियान में भी महत्वपूर्ण योगदान देने की दिशा में काम कर रही है। कुंदनगंज में, कंपनी ने पोर्टलैंड पोजोलाना सीमेंट (पीपीसी) के उत्पादन में फ्लाई ऐश के उपयोग को अधिकतम करने के लिए अत्याधुनिक तकनीक में निवेश किया है। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने लगातार मिक्स सीमेंट या पीपीसी की बिक्री में वृद्धि को बढ़ावा दिया है।

क्षमता विस्तार परियोजना के तहत, विस्तार को समर्थन देने के लिए फैक्ट्री की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता और सड़क व रेल कनेक्टिविटी जैसे सहायक बुनियादी ढांचे को भी बढ़ाया जा रहा है।

कंपनी फैक्ट्री में 5-मेगावॉट का सोलर ऊर्जा प्लांट स्थापित कर रही है, जिसके अगले वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही में चालू होने की उम्मीद है। जब यह यूनिट पूरी तरह काम करने लगेगी, तो कुंदनगंज यूनिट की कुल बिजली खपत में रिन्यूएबल एनर्जी का हिस्सा 30 प्रतिशत से थोड़ा बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत हो जाएगा। कुंदनगंज में अपने कैपिटल खर्च के लिए, कंपनी को 12 साल तक गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) से जुड़े निवेश-प्रोत्साहन इंसेंटिव मिलेंगे। इससे पहले, बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने घोषणा की थी कि अपनी सब्सिडियरी आरसीसीपीएल के साथ मिलकर, वह कुंदनगंज के साथ-साथ मैहर यूनिट की प्रोडक्शन क्षमता को बढ़ाएगी, और साथ ही तीन नई ग्राइंडिंग यूनिट भी स्थापित करेगी, ताकि सप्लाई की दूरी कम हो सके और तेजी से बढ़ते बाजारों में अपनी लीडरशिप को और मजबूत किया जा सके।

## निहार शांति आंवला 'सशक्त महिलाओं' और उनके 'मज़बूत फ़ैसलों'का मना रहा है जश्न



**लखनऊ।** भारत की जानी-मानी स्त्रस्न्रत्न कंपनी मैरिको लिमिटेड ने निहार नेचुरल्स शांति बादाम आँवला के 'मज़बूत फ़ैसला कैंपेन को लखनऊ के फ़न मॉल में आज और कल होने वाले एक खास ऑन-ग्राउंड इवेंट के ज़रिए लोगों के सामने पेश किया है। निहार शांति आँवला, जो मज़बूत बालों के लिए जाना जाता है, उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए इस कैंपेन के ज़रिए महिलाओं के फ़ैसलों की ताक़त को सामने ला रहा है। यह एक्टिवेशन ब्रांड को अपने उपभोक्ताओं से सीधे और सच्चे तरीके से जोड़ता है और महिलाओं को अपने फ़ैसले गर्व और भरोसे के साथ साझा करने के लिए प्रेरित करता है। ब्रांड के मुख्य विचार ताक़त, आत्मविश्वास और भरोसा को ध्यान में रखते हुए यह पहल महिलाओं को आगे आकर अपने फ़ैसले खुलकर बताने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे यह जगह महिलाओं की पहचान, उनकी सोच और उनकी पसंद को दिखाने का एक शानदार मंच बन गई है। 'मज़बूत फ़ैसला वॉल' उन महिलाओं के सपनों, हिम्मत और मेहनत को दिखाती है, जो अपने भरोसे और हौसले के दम पर अपना भविष्य खुद तय कर रही हैं। चाहे पढ़ाई और करियर में आगे बढ़ने का फ़ैसला हो, परिवार और समाज को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हो, या फिर अपने दम पर आगे बढ़ते हुए खुद को बेहतर बनाने का रास्ता चुनना हो—यह वॉल अब असली कहानियों से भरती जा रही है। यह उन महिलाओं की आवाज़ है, जिन्होंने अपने रास्ते खुद बनाने का फ़ैसला किया है और अपने आस-पास के लोगों के जीवन में बदलाव ला रही हैं।

# समर शेड्यूल में भी खाली रहा कुशीनगर एयरपोर्ट, उड़ान की उम्मीदों को झटका

- नागरिक उड्डयन महानिदेशालय की नई समय सारणी में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा को नहीं मिली कोई उड़ान
- एयर इंडिया एक्सप्रेस का बैंकाक-वाराणसी-कुशीनगर-दिल्ली रूट प्रस्ताव भी नहीं हुआ शामिल



शकील अहमद

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) ने देशभर की घरेलू उड़ानों के लिए समर शेड्यूल 2026 जारी कर दिया है। यह नई समय सारणी 29 मार्च से 24 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगी। हालांकि जारी सूची में कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को किसी भी रूट या उड़ान में स्थान नहीं मिला है, जिससे क्षेत्र के लोगों और पर्यटन क्षेत्र से जुड़े लोगों को निराशा हाथ लगी है।

जानकारी के अनुसार विमान सेवा प्रदाता कंपनी एयर इंडिया एक्सप्रेस ने समर शेड्यूल में बैंकाक-वाराणसी-कुशीनगर-दिल्ली रूट पर उड़ान शुरू करने का प्रस्ताव दिया था। कंपनी की चार सदस्यीय टीम ने सेफ्टी और ऑपरेशनल फिजिबिलिटी स्टडी के लिए दो बार एयरपोर्ट का दौरा किया था। तकनीकी और मार्केटिंग टीमों सहित अन्य टीमों ने एयरपोर्ट का अलग-अलग निरीक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रबंधन को सौंपी थी। सहमति बनने के बाद टर्मिनल बिल्डिंग में कंपनी को टिकट विंडो, कार्यालय और अन्य संचालन सुविधाएं भी आवंटित कर दी गई थीं। हालांकि लैंडिंग टाइम को लेकर तकनीकी पेंच फंसने के कारण शेड्यूल में संशोधन को लेकर कंपनी और एयरपोर्ट अथॉरिटी के बीच बैठक भी हुई थी। उड़ान शुरू होने की संभावना को लेकर स्थानीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि भी उत्साहित थे। एक ही विमान से घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों सेवाएं शुरू करने के प्रस्ताव से पर्यटन क्षेत्र में भी उम्मीद जगी थी।

विशेष रूप से कुशीनगर स्थित थाई मठ के बौद्ध भिक्षु इस उड़ान को थाईलैंड से पर्यटन, व्यापार और राजनयिक आवागमन के लिए बेहद महत्वपूर्ण मान रहे थे। 23 मार्च को डीजीसीए द्वारा जारी घरेलू उड़ानों के समर शेड्यूल में कुशीनगर एयरपोर्ट का नाम न होने से लोगों में मायूसी छा गई।

### एयरपोर्ट 24 घंटे तैयार, उड़ान पर जारी है वार्ता

कुशीनगर एयरपोर्ट के निदेशक प्राणेश राय ने बताया कि अभी शेड्यूल का पूरा अध्ययन नहीं हो पाया है। कई बार शेड्यूल जारी होने के बाद भी फ्लाइट की घोषणा हो जाती है। एयर इंडिया एक्सप्रेस को सभी ऑपरेशनल सुविधाएं उपलब्ध करा दी गई हैं और एयरपोर्ट 24 घंटे लैंडिंग व टेकऑफ के लिए तैयार है। उड़ान शुरू करने को लेकर विमानन कंपनी और उच्च अधिकारियों से वार्ता जारी है।

## काली माता मंदिर की पिण्डी तोड़ने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**कसया, कुशीनगर।** कसया क्षेत्र के ग्राम खेसारी गिदहा स्थित काली माता मंदिर में स्थापित पिण्डी को क्षतिग्रस्त करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को ग्राम खेसारी गिदहा निवासी रमाशंकर कुशवाहा ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के काली माता मंदिर में स्थापित सात पिण्डियों में से एक पिण्डी को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा तोड़ दिया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले की तत्काल जांच शुरू कर दी। इस संबंध में थाना कसया में मुकदमा दर्ज कर पुलिस आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए जांच के दौरान घटना में शामिल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विनोद चौहान (35) पुत्र लक्ष्मण निवासी मथौली थाना कसया, सन्नी गुप्ता (23) पुत्र मुन्ना गुप्ता, सूरज गौड़ (21) पुत्र दिनेश प्रसाद गौड़ तथा रोहित गौड़ (22) पुत्र संजय गौड़ निवासी खेसारी गिदहा थाना कसया जनपद कुशीनगर शामिल हैं।

# आउट ऑफ स्कूल प्रशिक्षण सम्पन्न, बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर जोर

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** हर्रैया बीआरसी सभागार में नोडल अध्यापकों का तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण खण्ड शिक्षा अधिकारी विजय आनंद की देखरेख में शनिवार को संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य आउट ऑफ स्कूल बच्चों को विद्यालयी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना था। इसमें परिषदीय विद्यालयों के कुल 159 नोडल अध्यापकों ने भाग लिया।

बीईओ ने कहा कि शारदा कार्यक्रम के तहत आउट ऑफ स्कूल बच्चों का चिन्हांकन कर उन्हें आयु-संगत कक्षा में नामांकित करना और विशेष प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना विभागीय जिम्मेदारी है। कोई भी बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे, इसके लिए शिक्षकों को संवेदनशीलता के साथ धरातल पर कार्य करना होगा।प्रशिक्षण के दौरान नोडल अध्यापकों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान करने, उनके सर्वेक्षण की प्रक्रिया समझने और उन्हें विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय में नामांकित कर शिक्षा से जोड़ने की रणनीतियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।




एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) मनोज मिश्र, संतोष कुमार शुक्ल, राजीव शुक्ल, काशीराम वर्मा, रवीश कुमार मिश्र और शिक्षक डॉ श्री नारायन मिश्र ने शिक्षकों को यह प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने सर्वेक्षण प्रक्रिया, बच्चों की शैक्षिक स्थिति का आकलन करने और उन्हें विद्यालयी शिक्षा में प्रभावी ढंग से शामिल करने के तरीकों पर विशेष जोर दिया। बताया कि बच्चों के लर्निंग गैप को भरने के लिए विशेष ब्रिज कोर्स और गतिविधि आधारित शिक्षण अनिवार्य है। शारदा पोर्टल पर डेटा फीडिंग और बच्चों के बेसलाइन मूल्यांकन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी। बच्चों को स्कूल के वातावरण में ढालने के लिए उनके मनोवैज्ञानिक संवेदीकरण पर विशेष सत्र आयोजित किया गया।

# फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर अवैध वसूली करने वाले गैंग के दो शातिर गिरफ्तार

- एनएच-28 पर ट्रकों को रोककर करते थे वसूली, एक बाइक व कार बरामद



अवधनामा संवाददाता

**सेवरही, कुशीनगर।** पटहेरवा थाना क्षेत्र में फर्जी जीएसटी अधिकारी बनकर ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने वाले गैंग के दो शातिर अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल और एक चार पहिया वाहन भी बरामद किया गया है।

हरियाणा के सिरसा जिले के कुसुम्बी निवासी ट्रक चालक राम ऋषि अपने ट्रक से चारा काटने वाली मशीन लेकर नेपाल जा रहे थे। 26 मार्च 2026 को शाम करीब 4 बजे कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें फोन कर खुद को जीएसटी अधिकारी बताते हुए कहा कि ट्रक पर लदा माल फर्जी है और उसके कागजात दिखाने होंगे। आरोपियों ने चालक को डरा-धमकाकर एनएच-28 पर फाजिलनगर के आगे एसआर पेट्रोल पंप के पास गाड़ी रुकवा ली और उससे 1 लाख 80 हजार रुपये की मांग की। इस मामले में थाना पटहेरवा में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर पुलिस टीम गठित की गई। जांच के दौरान पुलिस ने शनिवार को दो आरोपियों गोविंद शर्मा निवासी गाजीपुर थाना तमकुहीराज तथा संदीप यादव निवासी लवकुश पश्चिम पट्टी थाना तुर्कपट्टी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि वे गिरोह बनाकर एनएच-28 से गुजरने वाले बाहरी राज्यों के ट्रक, डीसीएम और ट्रेलरों को निशाना बनाते थे। गाड़ियों की फोटो खींचकर उन पर लिखे मोबाइल नंबर पर फोन करते और खुद को जीएसटी अधिकारी बताकर कागजात जांच के नाम पर वसूली करते थे। विरोध करने पर चालक को जान से मारने की धमकी देते थे। पुलिस के अनुसार गिरोह के अन्य सदस्य गोविंद मद्धेशिया और बृजेश भारती उर्फ प्रिंस की गिरफ्तारी के लिए टीमें लगी हुई हैं।

## स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर में विज्ञान एवं गृह विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित



अवधनामा संवाददाता

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** स्वामी विवेकानंद सरस्वती शिशु मंदिर में शनिवार को विज्ञान एवं गृह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक मॉडल और रचनात्मक कार्यों का प्रदर्शन किया, जिसकी अतिथियों और अभिभावकों ने सराहना की।

विज्ञान प्रदर्शनी में छात्र ऋषि केश शर्मा द्वारा बनाया गया बायोगैस मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा। इस मॉडल के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और वैकल्पिक ऊर्जा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। वहीं गृह विज्ञान प्रदर्शनी में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन तैयार कर अपनी पाक कला का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों के प्रयास की प्रशंसा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा मंडल अध्यक्ष हरेराम गुप्त उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनियां बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं और आज के बच्चे ही देश के भावी कर्णधार हैं।

# बैरक से मेस तक जांच, देवरिया जिला कारागार में अधिकारियों का औचक निरीक्षण

- जिला जज, डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार देवरिया का निरीक्षण, कैदियों से की बातचीत

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जनपद कुशीनगर के जिला जज, जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने शनिवार को जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने जेल की बैरकों, मेस तथा पूरे परिसर की व्यवस्थाओं और साफ-सफाई का गहनता से जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में निरुद्ध बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। साथ ही जेल में तैनात कर्मियों को कर्तव्यों के प्रति सजग रहने और सभी कार्यों का निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं पारदर्शिता के साथ करने की सख्त हिदायत दी गई।



अधिकारियों ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि जेल परिसर में किसी भी प्रकार की अवांछनीय गतिविधि या संदिग्ध तत्वों की मौजूदगी बिल्कुल भी न होने पाए। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत रखने तथा बंदियों को निर्धारित सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन में हड़कंप की स्थिति रही और अधिकारी व्यवस्थाओं को दुरुस्त कराने में जुटे रहे।

# वित्तीय वर्ष की समाप्ति को लेकर ई-पेमेंट से भुगतान हेतु डीएम ने जारी किए निर्देश

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने जनपद के समस्त आहरण एवं वितरण अधिकारियों तथा कार्यालयाध्यक्षों को प्रदेश के कोषागारों में लागू ई-पेमेंट प्रणाली के अंतर्गत आवश्यक निर्देश जारी किए हैं।

जारी निर्देशों में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2013-14 से समस्त शासकीय भुगतान ई-पेमेंट के माध्यम से किया जा रहा है तथा शासन द्वारा समय-समय पर इसके संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए जाते रहे हैं। शासनादेश दिनांक 12 मार्च 2026 के अनुपालन में वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्राप्त बजट के सापेक्ष समयबद्ध भुगतान एवं देयकों के निस्तारण के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया है कि सभी आहरण एवं वितरण अधिकारी अपने समस्त बिल अनिवार्य रूप से 25 मार्च 2026 तक कोषागार में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। कोषागार द्वारा उक्त तिथि तक प्राप्त बिलों की जांच के उपरांत मासिंग की कार्यवाही करते हुए ई-पेमेंट के माध्यम से 31 मार्च 2026 तक भुगतान के लिए अथराइजेशन की प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी। 31 मार्च 2026 को पारित बिलों का ई-पेमेंट ट्रांजेक्शन अप्रूवल शाम 5 बजे तक ही किया जा सकेगा। निर्देशों में यह भी कहा गया है कि वित्तीय वर्ष के अंतिम माह में प्रस्तुत किए जाने वाले देयकों को संबंधित कार्यालय अथवा आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा नियमानुसार तैयार कर आवश्यक स्वीकृति आदेश एवं वांछित प्रपत्रों सहित प्रस्तुत किया जाए, ताकि भुगतान प्रक्रिया में किसी प्रकार का विलंब या व्यवधान न हो।साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि किसी कारणवश 25 मार्च 2026 तक बिल कोषागार में प्रस्तुत नहीं किए जा सके हैं, तो ऐसे बिल 31 मार्च को अपराह्न 3 बजे तक ही कोषागार में प्रस्तुत किए जा सकेंगे।

## बिनु हरि कृपा मिलहिं नहि संता

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के सरायखेमा गांव स्थित प्राचीन सिद्धपीठ महावीर धाम पर शनिवार से पांच दिवसीय विराट श्री राम कथा का शुभारंभ हुआ। महावीर जन कल्याण समिति के तत्वावधान में आयोजित कथा के प्रथम दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कथा व्यास आचार्य राजेश निर्मोही जी महाराज ने कहा कि भगवान की कृपा होने पर ही जीव जगत के सभी प्राणी मनुष्य पशु-पक्षी को कथा श्रवण का सौभाग्य प्राप्त होता है।

उन्होंने कहा कि राम कथा सुनने मात्र से जीव सांसारिक बंधनों से मुक्त होकर भगवान की शरण में पहुंचता है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है। आचार्य ने श्रीरामचरितमानस की चौपाइ के माध्यम से समझाया कि बिना ईश्वर की कृपा के संतों के दर्शन भी दुर्लभ हैं। अब मोहि भा भरोस हनुमंता बिनु हरि कृपा मिलहिं नहि संता। उन्होंने कहा कि श्रीरामचरितमानस मानव जीवन को सही दिशा देने के साथ जीने की कला सिखाती है।

# बच्चे शिक्षा और संस्कार पर दें ध्यान, तभी उज्ज्वल भविष्य संभव : नवरंग

- वार्षिकोत्सव में बच्चों ने बिखेरा प्रतिभा का रंग, सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मोहा मन



अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 3 स्थित पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय लोहेपार में शनिवार को आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बच्चों के नृत्य, गीत और विभिन्न प्रस्तुतियों पर अभिभावकों व अतिथियों ने जमकर तालियां बजाकर उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पंचायत मथौली के चेयरमैन नवरंग सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियां भी बेहद आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी छिपी प्रतिभा को मंच मिलता है। बच्चे शिक्षा और संस्कार पर विशेष ध्यान दें, तभी उज्ज्वल भविष्य संभव हो सकेगा। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षाधिकारी मोतीचक मुकेश नारायण मिश्र ने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने शिक्षकों से बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। सभासद प्रतिनिधि दिनेश राव ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन मार्कण्डेय नाथ त्रिपाठी ने किया। अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य गोपाल जी शर्मा ने सभी अतिथियों, अभिभावकों और उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के रसोइयों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया, वहीं विद्यालय में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को मेडल प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष अदालत प्रसाद, प्रिंस जायसवाल, व्यासमुनि सिंह, प्रेम सिंह, रमेश यादव, मुन्ना प्रसाद, तेज प्रताप सिंह, संजय जायसवाल, राधेश्याम वर्मा, सतीश राव, पंकज, सुरेंद्रनाथ त्रिपाठी सहित कई लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को मिली आधुनिक सुविधा

**मुंशीगंज (अमेठी)।** क्षेत्र के सरूवांवा गांव स्थित विद्या शिक्षण संस्थान इंटर कॉलेज में शनिवार को अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नवनिर्मित वॉशरूम का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के लिपिक राजेंद्र यादव एवं शिक्षिका रीना द्विवेदी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिवार ने इस पहल को छात्र-छात्राओं की सुविधा और स्वच्छता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। खास बात यह है कि बालकों और बालिकाओं के लिए अलग-अलग वॉशरूम की व्यवस्था की गई है जिससे उन्हें सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके। विद्यालय प्रबंधन ने इसे छात्र हित में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। विद्यालय के प्रबंधक सुधीर द्विवेदी ने कहा कि आधुनिक वॉशरूम के निर्माण से छात्रों को स्वच्छ और बेहतर वातावरण मिलेगा जिससे उनकी पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## कुशीनगर में डीजल-पेट्रोल तस्करी का भंडाफोड़, टेम्पू समेत 13 गैलन ईंधन बरामद

**कुशीनगर।** पुलिस और पूर्ति विभाग की संयुक्त टीम ने डीजल-पेट्रोल की तस्करी का भंडाफोड़ करते हुए एक टेम्पू को जब्त किया है। टेम्पू में 13 गैलन में भरा डीजल और पेट्रोल बरामद किया गया। जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बांसी चौकी अंतर्गत त्रिलोकपुर के पास की गई। पुलिस ने संदिग्ध टेम्पू को रोककर जांच की तो उसमें गैलनों में भरा डीजल और पेट्रोल मिला। पूछताछ में टेम्पू चालक ने बताया कि ईंधन को बिहार ले जाया जा रहा था। बताया जा रहा है कि पकड़ा गया डीजल और पेट्रोल आर्मी फ्यूल एचपी पेट्रोल पंप गंभीरिया से भरकर ले जाया जा रहा था। पूर्ति निरीक्षक ने बरामद ईंधन को पुलिस के सुपुर्द कर दिया है।

**कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ.प्र.**
नवीन मण्डी स्थल, बस्ती

पत्रांकः निर्माण/निविदा/बस्ती/2025- 1432 दिनांक 25.03.2026

**शुद्धि पत्र**

कार्यालय पत्रांक निर्माण/निविदा/बस्ती/2026-1397 दिनांक 11.03.2026 द्वारा ई-टेंडरिंग के माध्यम से दिनांक- 07.04.2026 को आमंत्रित ई-निविदा में से स0मार्ग घोसियारी से कोटिया पाला होतें हुए भूपतिजोत तक मरम्मत कार्य, निविदा संख्या 105 पर उल्लिखित कार्य की निविदा आई0डी0 2026_RKUMP_1123657_1 आमंत्रित की गयी थी जिसे अपरिहार्य कारणो से निरस्त किया जाता है।

उप निदेशक (निर्माण)

# शासन की योजनाओं से पात्रों को लाभान्वित करें : सांसद

- जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की हुई बैठक



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण समिति दिशा की बैठक शनिवार को विकास भवन के प्रेरणा सभागार में सांसद अमेठी किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह विधायक जगदीशपुर सुरेश पासी पूर्व एमएलसी दीपक सिंह जिलाधिकारी संजय चौहान पुलिस अधीक्षक सरवणन टी मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी न्यायिक अनिल चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

बैठक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ग्रामीण कौशल योजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी/ग्रामीण) स्वच्छ भारत मिशन योजना (शहरी/ग्रामीण) ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण योजना सांसद आदर्श ग्राम योजना राष्ट्रीय कृषि विकास योजना परंपरागत कृषि विकास योजना मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना जल जीवन मिशन राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रक नियंत्रण कार्यक्रम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ बाल संरक्षण एवं सुरक्षा योजना प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना महिलाओं की सुरक्षा और संरक्षण योजना प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना डिजिटल इंडिया प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान सहित अन्य योजनाओं की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव ने पूर्व दिशा की बैठक में जनप्रतिनिधियों के उठाए गए मुद्दे/सुझावों पर की गई कार्यवाहियों के महत्वपूर्ण बिंदुओं को समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जिस पर समिति के सदस्यों द्वारा सहमति दी गई। बैठक में सांसद ने कहा कि सभी योजनाएं सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाएं हैं सभी अधिकारीगण योजनाओं का क्रियान्वयन बेहतर तरीके से करें।

सभी अधिकारी जनप्रतिनिधियों से सतत् संवाद बनाए रखें तथा जनप्रतिनिधि और अधिकारी मिलकर शासन की योजनाओं को बेहतर दिशा दें तथा उन्हें धरातल पर उतारे और पात्र लोगों को लाभान्वित करें। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपके द्वारा जो भी निर्देश दिए गए हैं उनका संबंधित अधिकारियों से अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जो लाभार्थीपरक योजनाएं हैं उन्हें अपना कर्तव्य समझकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने की दिशा में कार्य करें। बैठक में उक्त के अतिरिक्त जिला विकास अधिकारी वीरभानु सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ब्लॉक प्रमुख भेटुआ आकर्ष शुक्ला शाहगढ़ सदाशिव यादव सहित अन्य जन प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

## उपनिदेशक पंचायत ने कचरा प्रबंधन केंद्रों का लिया जायजा, गुणवत्ता पर दिया जोर



अवधनामा संवाददाता

**मथौली, कुशीनगर।** गोरखपुर परिक्षेत्र के उपनिदेशक पंचायत विभाग हिमांशु शेखर ठाकुर ने शनिवार को मोतीचक विकास खंड के विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने तथा सभी कार्य गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में उपनिदेशक सबसे पहले ग्राम पंचायत सोनिया पहुंचे, जहां उन्होंने आरआर सेंटर (कचरा प्रबंधन केंद्र) का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र पर विद्युत कनेक्शन की स्थिति के बारे में ग्राम प्रधान शैलेन्द्र प्रताप सिंह से जानकारी ली। इस पर प्रधान ने बताया कि विद्युत कनेक्शन के लिए विद्युत विभाग द्वारा सर्वे किया जा चुका है और जल्द ही कनेक्शन उपलब्ध करा दिया जाएगा। इस पर उपनिदेशक ने कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने विकास खंड की ग्राम पंचायत बड़हरा लक्ष्मीपुर पहुंचकर संचालित कचरा प्रबंधन केंद्र का जायजा लिया। यहां गोबर और केंचुओं की सहायता से वर्मी कम्पोस्ट तैयार किया जा रहा था, जिसे उपनिदेशक ने संतोषजनक पाया। उन्होंने केंद्र के संचालन की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्वच्छता के साथ-साथ किसानों को जैविक खाद भी उपलब्ध हो सकेगी।

**उ0प्र0 पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड, अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, बस्ती।**

**शुद्धि पत्र**

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित जेम बिड सं0 GEM/2026/B/7388352 जिसकी निविदा सूचना दिनांक 25.03.2026 को समाचार पत्र अमर उजाल, गोरखपुर एवं अवधनामा, लखनऊ में प्रकाशित की गयी थी, में अंकित धरोहर धनराशि में संशोधन किया जाता है। उक्त समाचार पत्र में प्रकाशित धरोहर धनराशि रू0 270500.00 मात्र थी जिसे अब संशोधित कर रू0 425500.00 मात्र किया जाता है। निविदादाताओं से अनुरोध है कि वे संशोधित धरोहर धनराशि के अनुसार ही अपनी बोली जेम पोर्टल पर प्रस्तुत करें। अन्य सभी शर्तें एवं नियम पूर्ववत यथावत रहेंगे।

पत्रांक: 319 /वि.पा.मं. (ब.)/ जेम बिड सं.- GEM/ 2026/B/ 7388352, / वि.पा.मं. (ब.)/2025-26 दिनांक : 28-03-2026

अधीक्षण अभियन्ता

# अफवाहों पर नियंत्रण के लिए प्रशासन सख्त

**दो दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों पर छापेमारी, जनता से सीधा संवाद**



अवधनामा संवाददाता

**सुलतानपुर।** जनपद में गैस पेट्रोल एवं डीजल की कमी को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर रोक लगाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया हैं जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर आपूर्ति विभाग ने जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया और आपूर्ति व्यवस्था का जायजा लिया जिला पूर्ति विभाग के सभी सप्लाई इंस्पेक्टर ने सुबह 7 बजे से ही कादीपुर अखंडनगर, लंभुआ, नारायणपुर, पयागीपुर आहट, तथा बस अड्डा क्षेत्र सहित जनपद के दो दर्जन से अधिक पेट्रोल पंपों पर एक साथ निरीक्षण एवं छापेमारी की कार्रवाई की इस दौरान सप्लाई इंस्पेक्टर वैभव श्रीवास्तव एवं मुबीन सिद्दीकी लगातार पेट्रोल पंपों पर मौजूद रहे और आम जनता से सीधा संवाद कर स्थिति स्पष्ट की निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पेट्रोल पंपों पर उपलब्ध ईंधन स्टॉक की जांच की तथा आपूर्ति व्यवस्था को परखा।

जिला पूर्ति अधिकारी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि जनपद में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस की पर्याप्त उपलब्धता हैं इसलिए किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें उन्होंने पेट्रोल पंप संचालकों को निर्देशित किया कि उपभोक्ताओं के साथ किसी प्रकार का भेदभाव या दुर्व्यवहार न किया जाए तथा सभी को सामान्य रूप से ईंधन उपलब्ध कराया जाए यदि किसी व्यक्ति को पेट्रोल डीजल या गैस प्राप्त करने में समस्या आती हैं तो वह जिला पूर्ति कार्यालय सुलतानपुर के कंट्रोल रूम के मोबाइल नंबर 9120098526, 7800900041 एवं 9696282871 पर संपर्क कर सकता हैं। जनता से अपील प्रशासन ने लोगों से घबराकर ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करने और अफवाहों से दूर रहने की अपील की हैं प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों एवं गैस एजेंसियों की निगरानी की जा रही हैं ताकि कालाबाजारी या कृत्रिम संकट की स्थिति उत्पन्न न हो डीजल-पेट्रोल की सुचारु आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश जारी अब बोतल, डिब्बे व ड्रम में ईंधन देने पर सख्ती जनपद में डीजल एवं पेट्रोल की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा नए निर्देश जारी किए गए हैं आदेश के अनुसार अब पेट्रोल पंपों से ईंधन बोतल, डिब्बे, ड्रम या अन्य पात्रों में देने पर सख्ती बरती जाएगी।

## युवक ने कोई कारोबार नही किया फिर भी तीन जिलों में खुल गयी फर्म

**सुल्तानपुर।** जी हाँ! खबर बेहद चौंकाने वाली है। सुल्तानपुर के युवक ने कभी कोई कारोबार नही किया फिर भी तीन जिलों में खुल गयी फर्म, बकाया जीएसटी सुनकर उड़े होश। कभी देवरिया तो कभी मिर्जापुर दौड़ लगाई। जब 1,11,51,537 का जीएसटी बिल मिला तो उड़े होश। आपको बता दें कि नगर के शास्त्री नगर मोहल्ले के शुभम श्रीवास्तव हैं। पीड़ित शुभम के कहे को सच मानें तो वह दो माह से एक फार्मा कम्पनी में कार्य करते हैं। प्रार्थी का नगर के बांधमंडी भारतीय स्टेट बैंक में बचत खाता है। बीते साथ दिसंबर को सब्जी खरीदने के बाद जब वह अपने पएकांउट से ऑनलाइन पेमेंट करना चाहा तो उसमे से पेमेंट नहीं हुआ तो उन्हें आश्चर्य हुआ। वह भागे भागे बैंक गए तो बैंक वालो ने बताया कि आपका जीएसटी बकाया है। इस कारण आपके खाते में प्रॉब्लम चल रही है। प्रार्थी शुभम कई बार एसबीआई बैंक गए लेकिन उसे बैंक वाले गोलमोल जवाब देते रहे।

# ग्राम प्रधान और शिक्षकों के प्रयास से बदलेगी परिषदीय स्कूलों की तस्वीर : अनुराग

**प्रधानों और प्रधान शिक्षकों की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला हुई आयोजित**



अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जनपद के ब्लाक संसाधन केंद्र चित्तौरा डीहा में शनिवार को ग्राम प्रधानों व प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय ब्लाक स्तरीय संगोष्ठी एवं उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्र ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर,व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यशाला में शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने और ग्राम पंचायत व विद्यालय के बीच समन्वय मजबूत करने पर जोर दिया गया।मुख्य अतिथि अनुराग कुमार मिश्र ने कहा कि इस संगोष्ठी का उद्देश्य ग्राम प्रधान और विद्यालय प्रबंधन के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना है। विद्यालयों का कायाकल्प, सामुदायिक सहभागिता और स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के तहत हर बच्चे को विद्यालय तक पहुंचाने में शिक्षकों के साथ-साथ ग्राम प्रधानों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पहले परिषदीय विद्यालयों की स्थिति काफी खराब थी, लेकिन वर्तमान सरकार के प्रयासों से अब सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल रही है। उन्होंने बताया कि परिषदीय विद्यालयों में कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, डेस्क और बेंच जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे गरीब परिवारों के बच्चे भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि यदि ग्राम प्रधान और प्रधानाध्यापक आपसी समन्वय के साथ काम करें तो विद्यालयों का सुंदरीकरण ही नहीं, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी बेहतर हो सकती है।कार्यक्रम को जूनियर शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष विद्या विलास पाठक,भूपेंद्र श्रीवास्तव, राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मंत्री उमेश चन्द्र त्रिपाठी,विनोद त्रिपाठी,व डीहा के प्रधानाध्यापक विशेश्वर सिंह ने संबोधित किया।उपरोक्त कार्यक्रम में चित्तौरा ब्लाक के नव चयनित एआरपी कुमार अभय,श्रवण कुमार मिश्र,जितेंद्र राय, हरि ओम मिश्र,सुरेश कुमार यादव,ग्राम प्रधानों में शिव शंकर मौर्य,ननकन,प्रधानाध्यापको में रामकेश सिंह,रजनीश कुमार पाठक,मो0कलीम,नूर आलम,नीति मिश्रा,अपर्णा सोनी,रितिका गुप्ता, मधुलिका मौर्या,रंजना पीटर,,योगेश सिंह,कविता सिंह, श्रंखला मौर्या,अनुपमा त्रिपाठी,दीप्ति, मनीषा शुक्ला,प्रेरणा शर्मा,ऋचा मिश्रा,वर्षा सिंह, सीमा जायसवाल,रुपाली श्रीवास्तव,रंजना वर्मा,कार्यालय लिपिक दिलीप कुमार पांडेय प्रखर शुक्ला अंकुर श्रीवास्तव अजय अरुण अजय पाण्डेय पवन सहित प्रियंका चौवे, आमरीन,गोविन्द प्रसाद सहित दर्जनों प्रधानाध्यापक,ग्राम प्रधान, शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहें।

# स्थाई एवं अस्थाई गौआश्रय स्थलों का अधिकारियों ने किया औचक निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी रमेश रंजन के कुशल निर्देशन में विभिन्न विकास खण्डों में संचालित स्थाई एवं अस्थाई गौआश्रय स्थलों का मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य सहित सभी खण्ड विकास अधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया।

इस निरीक्षण का मुख्य उददेश्य निराश्रित गौवंश के संरक्षण, उनके भरण-पोषण ग्रीष्म कालीन व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत का आंकलन करना था, निरीक्षण के दौरान विकास खण्ड टूण्डला और मदनपुर के अंतर्गत आने वाली कई गौशालाओं का सघन निरीक्षण किया गया, जिनमें मुख्य रूप से निम्नलिखित शामिल रहें, वृहद गौशाला मदावली, अस्थाई गौशाला जटई, गौशा आश्रय स्थल फटुमाई व मुज्जफरपुर इन सभी गौशालाओं में गौवंशों की संख्या, चारें की उपलब्धता पानी और छाया की व्यवस्था का अवलोकन किया गया, निरीक्षण के समय मुज्जफरपुर और जटई जैसी गौशालाओं में गौवंश की संख्या का मिलान गौआश्रय पोर्टल से किया गया जो सही पाया गया, केन्द्रों पर भूसा, हरा चारा और चोखर की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित मिली, सभी गौआश्रय स्थल पर गौवंश के पीने के लिए स्वच्छ पानी की व्यवस्था मिली और साफ-सफाई का स्तर संतोषजनक पाया गया, बढ़ती गर्मी के लिए छाया के टीन शैड और अन्य आवश्यक इंतजामों का भौतिक सत्यापन भी किया गया, मुख्य विकास अधिकारी ने सभी ग्राम पंचायत सचिवों और गौशाला संचालकों को कडे निर्देश देते हुए कहा कि गौवंशों के लिए पानी और हरे चारे की पर्याप्त व्यवस्था रहें, निराश्रित गौवंश को किसी भी स्थिति में बाहर न छोड़ा जाए, बीमार गौवंश का तत्काल पशु चिकित्सक से उपचार कराया जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त् नही की जाएगी।

## शाहजहाँपुर पुलिस टीम का उत्कृष्ट प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** जनपद की पुलिस ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अनेक पदक जीतकर जनपद का गौरव बढ़ाने का काम किया है इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने विजेता खिलाड़ियों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय बुलाकर सम्मानित किया और उनका उत्साह वर्धन किया

जनपद बिजनौर में आयोजित बास्केटबॉल/हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 25 फरवरी से 28 फरवरी तक किया गया था जिसमें हैंडबॉल प्रतियोगिता (महिला वर्ग) में प्रथम स्थान उ0नि0 असमा बेगम, मुख्य आरक्षी ऊषा, मुख्य आरक्षी नूतन, आरक्षी प्रतिज्ञा, आरक्षी सुधा, आरक्षी सोनम, मुख्य आरक्षी सरिता ने प्राप्त किया वहीं द्वितीय स्थान मुख्य आरक्षी कपिल चौहान, मुख्य आरक्षी दिव्यप्रताप सिंह, मुख्य आरक्षी लाखन सिंह, आरक्षी पीटीआई दिनेश कुमार को मिला। जनपद बदायूँ में आयोजित पुलिस खेल प्रतियोगिताएँ (दिनांक 09.03.2026 से 11.03.2026 तक) बॉडी बिल्डिंग (पुरुष वर्ग) - प्रथम स्थान।

# आपदा प्रबन्धन के लिए प्रशिक्षित किये गये महिला स्वयं सहायता समूह

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण तथा जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन व जिला आपदा प्रबन्ध प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान 28 से 30 मार्च 2026 तक आयोजित होने वाले 03 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम दिन कलेक्ट्रेट स्थित जनसुनवाई कक्ष में स्वयं सहायता समूहों की 150 महिलाओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण में स्वयं सहायता समूहों की भूमिका विषयक पर विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन 29 मार्च को जनपद स्तरीय अधिकारी/कर्मचारी तथा अन्तिम दिन 30 मार्च 2026 को 100 आपदा मित्रों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।



डिप्टी कलेक्टर लालधर सिंह यादव द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं का आहवान किया कि यहां उन्हें जो भी जानकारी प्राप्त हो उसे समूह की दूसरी महिलाओं तथा अपने कार्य क्षेत्र की अन्य महिलाओं के साथ साझा करें। उन्होंने कहा कि आपदा को रोका नहीं जा सकता बल्कि पूर्व की तैयारियों एवं सर्तकता के माध्यम से न्यून किया जा सकता है। श्री यादव ने बहराइच जैसे बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए ऐसे प्रशिक्षण अत्यन्त उपयोगी हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का आहवान किया पूर्ण मनोयोग के साथ प्रतिशण प्राप्त कर आमजन को जागरूक करें।

कार्यक्रम में जिला आपदा विशेषज्ञ सुनील कुमार कनौजिया द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण विषय पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा कार्यक्रम में सम्मिलित मास्टर ट्रेनर अनिल कुमार वर्मा व सुनील कुमार चौधरी तथा शिवम सिंह द्वारा विभिन्न आपदाओं पर क्या करें-क्या न करें के सम्बन्ध में जानकारी प्रदान की गयी है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आपदा कार्यालय के समस्त स्टॉफ द्वारा सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया।

## लिटिल फ्लावर्स सेकेंडरी स्कूल में धूमधाम से संपन्न हुआ वार्षिक उत्सव




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** लिटिल फ्लावर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, ओमनगर सुल्तानपुर में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. पी. सिंह रहे। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। छात्र-छात्राओं ने शिक्षा पर आधारित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिन्होंने सभी का मन मोह लिया और दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवशंकर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ÷शिक्षा को बोझ न समझें, शिक्षा ही मनुष्य का तीसरा नेत्र है।÷ उनके इस संदेश ने विद्यार्थियों को प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पुरस्कार भी वितरित किए गए। बेस्ट मदर अवार्ड सरिता जायसवाल एवं प्रांशु माथुर को प्रदान किया गया, जबकि बेस्ट फादर अवार्ड अनलेश विक्रम राव एवं मोहम्मद तबीब आलम को मिला। बेस्ट टीचर का सम्मान महिमा अग्रहरि को दिया गया। शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# बढ़ते तापमान को नहीं झेल पा रहे मरौली-4 के संचालक 'झा साहब'

**नदी का सीना चीरने वाले खुद पड़े बीमार, उधर इबाद-आमिर की जोड़ी तय कर रही 'पत्रकारों के दाम'**

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** बुंदेलखंड की तपती धरती और बढ़ते तापमान ने जहाँ आम जनजीवन को बेहाल कर रखा है, वहीं अब मौरंग खनन के बड़े खेल में शामिल बताए जा रहे मरौली-4 खदान के संचालक 'झा साहब' भी इस गर्मी को झेल नहीं पा रहे हैं। चर्चा है कि नदी का सीना चीरकर मौरंग निकालने वाले खुद इन दिनों बीमारी की चपेट में हैं, लेकिन उनके कथित नेटवर्क का 'खनन खेल' रुकने का नाम नहीं ले रहा।

सूत्रों की मानें तो मरौली-4 खदान पर इन दिनों झा साहब, इबाद सिद्दीकी और आमिर की कथित तिकड़ी का दबदबा बना हुआ है। आरोप है कि यह तिकड़ी न सिर्फ खनन क्षेत्र में अपना प्रभाव जमाए हुए है, बल्कि पत्रकारों तक के 'दाम' तय करने जैसी चर्चाओं से भी इलाके में माहौल गर्म है। स्थानीय लोगों के बीच यह चर्चा जोरों पर है कि जो सवाल उठाए, उसे साधने की कोशिश होती है, और जो चुप रहे, उसके लिए रास्ते अलग हैं।



**कांटे से ही निकल रही ओवरलोड मौरंग :** सबसे बड़ा सवाल यह है कि मरौली-4 खदान से कथित तौर पर ओवरलोड मौरंग की निकासी खुलेआम कांटे से ही कराई जा रही है। यह तब है जब उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बार-बार स्पष्ट निर्देश दे चुके हैं कि ओवरलोडिंग किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके बावजूद यदि खदान से भारी वाहनों में मानक से अधिक मौरंग भरकर परिवहन हो रहा है, तो यह सीधे-सीधे शासन के आदेशों की अवहेलना मानी जाएगी।

स्थानीय जानकारों का कहना है कि यदि कांटे से निकलने वाले वाहनों का वजन रजिस्टर, रॉयल्टी पर्ची, ट्रांजिट पास और सीसीटीवी फुटेज की निष्पक्ष जांच हो जाए, तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं। सवाल यह भी उठ रहा है कि आखिर ओवरलोड गाड़ियों की निकासी बिना स्थानीय संरक्षण के कैसे संभव है?

**प्रशासन को 'चूना' लगाने का खेल :** इलाके में चर्चा है कि खदान संचालन के नाम पर नियमों की धज्जियाँ उड़ाने का खेल लंबे समय से चल रहा है। आरोप यह भी हैं कि खनन पट्टा शर्तों, परिवहन मानकों और पर्यावरणीय निर्देशों को ताक पर रखकर काम कराया जा रहा है। यदि यह सच है तो यह सिर्फ राजस्व की हानि का मामला नहीं, बल्कि नदी, पर्यावरण और आम सड़कों की सेहत पर सीधा हमला है। ग्रामीणों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों की आवाजाही से सड़कें टूट रही हैं, धूल और शोर से लोगों का जीना मुश्किल है, लेकिन जिम्मेदार विभाग या तो मौन है या फिर सब कुछ जानते हुए भी अनजान बना हुआ है।

**बड़ा सवालः कार्रवाई कब?**

अब सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या मरौली-4 खदान में हो रही कथित अनियमितताओं की मजिस्ट्रेटी जांच होगी?

क्या ओवरलोड वाहनों की वास्तविक स्थिति सामने लाई जाएगी?

क्या खनन विभाग, परिवहन विभाग और स्थानीय प्रशासन संयुक्त अभियान चलाकर सच्चाई जनता के सामने रखेंगे?

और क्या शासन के आदेशों को ठेंगा दिखाने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी?

## भारत और नेपाल के बीच रिश्तों को मजबूत करेगा खेल महोत्सव




**बहराइच।** शहर के किसान डिग्री कॉलेज स्थित खेल मैदान में रविवार से आयोजित खेल महोत्सव में भारत और नेपाल के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में दोनों देश के खिलाड़ी शामिल होंगे। दोनों देश के बीच क्रीड़ा भारती और सीमा जागरण मंच की ओर से शुरू होने वाली खेल प्रतियोगिता से रिश्ते मजबूत होंगे। यह बात पूर्व संध्या पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में मुख्य अतिथि सुरेश प्रताप सिंह ने कही। उन्होंने कहा कि खेल महोत्सव से भारत और नेपाल के मध्य रिश्तों में मजबूती तो आएगी ही। साथ ही युवाओं को प्रतिभा निखारने में एक उचित स्थान मिल रहा है। किसान डिग्री कॉलेज के सचिव मेजर डॉक्टर एसपी सिंह ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी का रिश्ता है। जो काफी समय से चला आ रहा है, लेकिन ऐसे आयोजनों से और मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि दोनों देश के बीच हुए तनाव को कम करने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है। साथ ही सीमा वर्ती गांवों के लोगों को भी इन आयोजन में प्रतिभाग करने के लिए सफलता मिलेगी। इसका शुरुआत रविवार को क्रास कंट्री दौड़ से होगी। यह रन फार नाम से शुरू होगी। नेपाल के लोगों को जोड़ने के लिए इसका आयोजन किया गया है। जिसमें प्रांत प्रचारक, एमएलसी, संगठन मंत्री अमर नाथ, समेत अन्य शामिल होंगे। इस दौरान अमरनाथ प्रान्त संगठन मंत्री सीमा जागरण मंच,जिला संयोजक किसान मोर्चा सत्य प्रकाश सिंह सत्या, सभासद आशीष सिंह,देवेंद्र सिंह, डिम्पल जैन,आदित्य चंद मिश्र,डिंकु सिंह रैकवार क्रीड़ा भारती अध्यक्ष अटल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## हत्या आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**फिरोजाबाद।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा पत्नी की हत्या कारित करने वाले अभियुक्त गोविंद को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद द्वारा वांछित अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के कुशल नेतृत्व में थाना नगला सिंघी पर अपनी पत्नी सीमा देवी की धारदार हथियार से हत्या करने के संबन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 37/2026 धारा 103(1) बीएनएस बनाम गोविन्द कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी रामपुर थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद पंजीकृत किया गया था। अभियुक्त गोविन्द कुमार उपरोक्त को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये मुखबिर की सूचना पर टीकरी पुलिया से नगला सदा को जाने वाले कच्चे रास्ते थाना क्षेत्र नगला सिंघी से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की निशादेही पर हत्या की घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल 01 तलवार को बरामद किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पारुल मिश्रा, उ0नि0 वीरेन्द्र सिंह, उ0नि0 प्रबल प्रताप सिंह, उ0नि0 जसवन्त सिंह, का0 895 चतुर्भुज बघेल, का0 846 अनुज कुमार, महिला का0 679 शालू थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

# निजी मान्यता प्राप्त स्कूलों को शासन के आदेशों का पालन करना होगा : बीएसए

अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** शासन द्वारा 25 मार्च 2026 को निगोशिएबिल इन्ट्रूमेन्ट एक्ट के अन्तर्गत 26 मार्च 2026 के साथ-साथ 27 मार्च 2026 को भी रामनवमी के दिन सार्वजनिक अव काश घोषित किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबन्धकों के द्वारा अधोहस्ताक्षरी करे दूरभाष पर 27 मार्च 2026 को सार्वजनिक अवकाश के दिन विद्यालय खोल कर शिक्षण कार्य कराये जाने एवं विभागीय निर्देशों का उल्लंघन कराये जाने की स्थिति से अवगत कराया गया। निरीक्षण कराये जाने पर निम्न स्कूल खुले पाये जाने की स्थिति संज्ञानित हुई।



ज्ञान सरोवर जू0हा0 स्कूल, रसूलपुर, ज्ञान लोक जू0हा0 स्कूल, सुहाग नगर, सेना देवी जू0हा0 स्कूल अरॉव, जे0पी0 पब्लिक स्कूल ब्राहमण चौराहा, मुहम्मदिया जू0हा0 स्कूल रामगढ़, सन फ्लावर जू0हा0 स्कूल रामगढ़ पुराने थाने के पास, एम0वाई0 पब्लिक स्कूल, रामगढ़ बम्बा रोड़ फिरोजाबाद, अमीर खुसरो पब्लिक स्कूल आकाशवाणी रोड़ अजमेरी गेट, ए0बी0सी0 प्लेवे स्कूल गालिब नगर फिरोजाबाद, हाली पब्लिक स्कूल गालिब नगर फिरोजाबाद, चिल्ड्रन चॉईस पब्लिक स्कूल गालिब नगर फिरोजाबाद, रहमानिया जू0हा0 स्कूल हबीबगंज, रामगढ़ फिरोजाबाद, पं0 जे0पी0यू0 रहना रोड़, फिरोजाबाद। उपरोक्त विद्यालयों को अपने लिखित अभिकथन तथा समुचित साक्ष्यों के साथ 30 मार्च 2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु सूचित किया गया है। उपस्थित न होने अथवा अपना पक्ष संतोषजनक न पाये जाने पर निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 18(1) के अन्तर्गत अर्थदण्ड पारित करने एवं मान्यता प्रत्याहरण की कार्यवाही की जायेगी।

जनपद में संचालित समस्त प्रबन्धतंत्र निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों (राज्य सरकार-सी0बी0एस0ई0 बोर्ड, आई0सी0एस0ई0 बोर्ड) को निर्देशित किया जाता है कि आप नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 में निम्न विभागीय निर्देशों का अनुपालन प्रत्येक दशा में करते हुये विद्यालय संचालित करने की कार्यवाही सम्पादित करें।

विद्यालय के बोर्ड पर मान्यता का प्रकार, मान्यता स्तर की कक्षायें, मान्यता का माध्यम एवं यू-डायस कोड अनिवार्य रूप से पेन्ट-पठनीय हो। विद्यालय का पाठ्यक्रम-यूनिफार्म बिना समक्ष अधिकारी की अनुमति के परिवर्तित नहीं किया जायेगा। बिना अनुमति के पाठ्यक्रम परिवर्तित होने की स्थिति संज्ञानित होने पर नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही सम्पादित की जायेगी।

विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं से शिक्षण शुल्क एवं अन्य प्रकार के शुल्क शासनादेश के अनुसार ही लिए जायेगें। शिक्षण शुल्क बढ़ाये जाने की स्थिति में समक्ष समिति के स्तर से अनुमति प्राप्त की जायेगी। आदेश का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। विद्यालय परिसर से यूनिफार्म-पाठ्य-पुस्तक का विक्रय नहीं किया जायेगा। बच्चों का शिक्षण कार्य इस प्रकार निर्धारित किया जायेगा कि उसके स्कूल बैग का वजन शासनादेश के अनुसार हो। विद्यालय के द्वारा शासनादेश के अनुसार-एन0सी0ई0आर0टी0 पाठ्यक्रम का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जायेगा। विद्यालय में वाहन उपलब्ध होने पर वाहन की फिटनेस-ड्राईवर का सत्यापन अनिवार्य रूप से कारकर अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखना अनिवार्य होगा।

## पिता की शर्मनाक करतूत, 15 वर्षीय सौतेली बेटी से दुष्कर्म का प्रयास

**पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज हुआ मुकदमा**

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** थाना रोजा क्षेत्र के एक मोहल्ले में रिश्तों को तार-तार करने वाला मामला सामने आया है। एक कलयुगी पिता पर अपनी 15 वर्षीय सौतेली बेटी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म के प्रयास का आरोप लगा है। पीड़िता की माँ की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ बीएनएस और पॉक्सो एक्ट की गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार पीड़ित की मां ने अपने पहले पति की मृत्यु के बाद वर्ष 2021 में कासगंज निवासी युवक के साथ पुनर्विवाह किया था। जो वर्तमान में कलान क्षेत्र के एक स्कूल में अध्यापक है। आरोप है कि 12 मार्च को जब महिला अपनी माँ के साथ जिला अस्पताल दवाई लेने गई थी, तभी पिता ने अपनी 15 वर्षीय सौतेली बेटी को अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म का प्रयास किया। पीड़िता ने किसी तरह खुद को बाथरूम में बंद कर अपनी आबरू बचाई।

घटना के बाद से ही किशोरी डरी-सहमी हुई थी। 24 मार्च की शाम को आरोपी ने शराब के नशे में धुत होकर माँ-बेटी के साथ मारपीट की और उन्हें घर से निकालने की धमकी दी। तब हिम्मत जुटाकर पीड़िता बेटी ने अपनी माँ को आपबीती सुनाई। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे पहले भी कई बार दबोच चुका है और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी देता था। विवाद बढ़ने पर आरोपी ने दोनों को घर से निकाल दिया, जिसके बाद पीड़िता अपनी माँ के साथ मायके पहुँची और पुलिस की शरण ली। थाना रोजा पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी के विरुद्धः धारा 65(1): दुष्कर्म का प्रयास, धारा 115(2), 352, 351(3): मारपीट व धमकी, पॉक्सो एक्ट (धारा 6/51): लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

# डीजल-पेट्रोल की जमाखोरी करने पर होगी सख्त कार्रवाई

अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने अवगत कराया है कि वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्पन्न परिस्थितियों के कारण पेट्रोलियम पदार्थों की जमाखोरी की शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, साथ ही, कुछ तेल कंपनियों द्वारा क्रेडिट सुविधा समाप्त किए जाने के कारण कुछ पेट्रोल पम्प संचालकों द्वारा भुगतान न करने के चलते तेल की आपूर्ति न मिलने से कुछ पेट्रोल पम्पों के ड्राई होने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि उपरोक्त परिस्थितियों में कुछ डीजल/पेट्रोल रिटेल आउटलेट द्वारा कृत्रिम अभाव उत्पन्न कर जनपद में प्रतिकूल स्थिति उत्पन्न की जा सकती है, जिससे इंकार नहीं किया जा सकता।

उक्त स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के समस्त डीजल/पेट्रोल

**डीजल पेट्रोल के सम्बन्ध में अफवाह न फैलाए**



रिटेल आउटलेट संचालकों एवं जनसामान्य से अपील की है की जाती है कि किसी भी दशा में डीजल व पेट्रोल की अनावश्यक जमाखोरी न करें तथा किसी प्रकार की जमाखोरी में संलिप्त न रहें। साथ ही किसी भी प्रकार का भ्रम, अफवाह अथवा दुष्प्रचार न करें। यदि कोई व्यक्ति या संस्था इस प्रकार की गतिविधियों में संलिप्त पाई जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

दिनांक 27.03.2026 को हीरालाल पुत्र इनरदेव, निवासी ग्राम चौनपुरा, थाना अधौरा, जनपद कैमूर भभुआ (बिहार) द्वारा डीजल का अवैध परिवहन कर बिहार राज्य में ले जाते समय जांच में मामला पकड़ा गया।

प्रकरण में जिला पूर्ति अधिकारी के प्रस्ताव के आधार पर संबंधित के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत कार्रवाई संपादित कराई गई है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनपद में कानून व्यवस्था एवं जनहित को प्रभावित करने वाली किसी भी गतिविधि को किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# शिक्षकों की मेहनत से ही छात्र बेहतर प्रदर्शन कर रहे : वीरेन्द्र



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विकास खंड बढ़पुरा के संकुल सगावली में शिक्षा चौपाल का सफल आयोजन किया गया,जिसमें क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बढ़पुरा, वीरेंद्र सिंह ने किया।

उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनकी मेहनत के कारण ही विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।स्टेट रिसोर्स ग्रुप के सदस्य राम जनम सिंह ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न शैक्षिक योजनाओं की जानकारी दी तथा स्मार्ट क्लास और आईसीटी आधारित शिक्षा के लाभों पर प्रकाश डाला।संजीव चतुर्वेदी ने प्रतियोगी परीक्षाओं में बढ़पुरा और इटावा के विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन का विवरण प्रस्तुत किया।वहीं मीनाक्षी पाण्डेय ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें।इस अवसर पर ग्राम प्रधान अनिल प्रकाश ने कहा कि विद्यालय गांव की धरोहर है और इसके विकास की जिम्मेदारी ग्रामवासियों की है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं,जिसने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया।

# गणित को जीवन की गतिविधियों में शामिल करना चाहिए : डा. धर्मेन्द्र

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के विशाल टैगोर ऑडिटोरियम में जिला विज्ञान क्लाब द्वारा गणित को रूचिकर बनाने के लिए कार्यक्रम का आयोजन हआ।कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विद्यालयों के गणित एवं भौतिक विषय के प्रवक्ताओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक प्रस्तुतियों के माध्यम से भाग लिया।कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि इं0हरि किशोर तिवारी,अध्यक्ष उ0प्र0 राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद एवं चेयरमैन नारायन ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस,सम्मानित अतिथि डा0 एन0के0शर्मा,प्रवक्ता भौतिक विज्ञान, चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं तकनीकी विश्वविद्यालय,कानपुर,डा0मुकेश यादव, ए.डी.आई.ओ.एस.,जिला समन्वयक विज्ञान क्लब इटावा,डा0 धर्मेन्द्र शर्मा, नारायन कॉलेज,आशीष राजपूत प्रवक्ता इंजीनियरिंग कॉलेज, गुफरान अहमद, प्रधानाचार्य इस्लामियां



**नारायन कॉलेज में जिला विज्ञान क्लब द्वारा गणित को रूचिकर बनाने के लिया हुआ कार्यक्रम**

इण्टर कॉलेज, डा0शिवशंकर प्रधानाचार्य जिला पंचायत महाविद्यालय हैंवरा,डा0 उमेश यादव प्रधानाचार्य,चित्रगुप्त गुप्त इण्टर कालेज, ब्रजेश कुमार प्रधानाचार्य श्रीमती इंदिरा गांधी इण्टर कॉलेज,सरैय्या एवं समस्त रिसोर्स पर्सन ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन करके किया।तत्पश्चात कार्यक्रम समन्वायक डा0मुकेश यादव तथाडा.धर्मेन्द्र शर्मा ने समस्त अतिथिगणों को माला पहनाकर तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथिगणों के सम्मान में विद्यालय के संगीत शिक्षक श्री कृष्णकांत एवं छात्रों के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। डा. धर्मेन्द्र शर्मा ने स्वागत संदेश में सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा अपने संबोधन में उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि गणित विषय को जीवन की गतिविधियों में शामिल करना चाहिए, क्योंकि गणित विषय की महत्ता हर भौतिक वस्तु में है जिसे हम दिन-प्रतिदिन प्रयोग में लाते हैं तथा खगोल विषय में भी गणित का ही योगदान है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजी0हरि किशोर तिवारी जी ने अपने वक्तव्य में कहा कि नारायन कॉलेज प्रतिबद्ध है।

# फर्जी जीएसटी कंपनियों के जरिए करोड़ों की टैक्स चोरी का भंडाफोड़

अवधनामा ब्यूरो

**हमीरपुर।** थाना कोतवाली नगर पुलिस, एसओजी टीम एवं सर्विलांस सेल की संयुक्त कार्रवाई में अंतर्राज्यीय स्तर पर फर्जी जीएसटी कंपनियों के जरिए टैक्स चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा हुआ है। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 4 लैपटॉप, 5 मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई इस कार्रवाई में गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान अविनाश दुबे (22 वर्ष) पुत्र सत्यधर दुबे निवासी ग्राम जगदीशपुर सिंधवारी, थाना फरेंदा जनपद महाराजगंज (हाल पता तिमारपुर, उत्तरी दिल्ली) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी और उसके साथी फर्जी दस्तावेजों के

**एक गिरफ्तार**



आधार पर जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराते थे और बिना वास्तविक माल के क्रय-विक्रय दिखाकर इनपुट टैक्स क्रेडिट का पास ऑन करते हुए बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी करते थे। जांच में सामने आया कि गिरोह नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से आधार कार्ड, पैन कार्ड, फोटो और अन्य दस्तावेज हासिल कर फर्जी कंपनियां बनाता था। इस नेटवर्क के जरिए करीब 2000 फर्जी जीएसटी फर्मों का रजिस्ट्रेशन किया गया और लगभग 7 करोड़ रुपये से अधिक की जीएसटी पास ऑन कर सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया गया।

# राशन वितरण की तिथि बढ़ी, 31 तक मिलेगा खाद्यान्न

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनपद में चल रहे खाद्यान्न वितरण की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब लाभार्थी 31 मार्च तक अपने हिस्से का निःशुल्क राशन प्राप्त कर सकेंगे। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, खाद्यायुक्त लखनऊ के निर्देश पर मार्च माह के सापेक्ष 12 मार्च से 28 मार्च तक निर्धारित मात्रा में निःशुल्क खाद्यान्न का वितरण किया जा रहा था। इसके अलावा अन्त्योदय कार्डधारकों को इस माह निःशुल्क खाद्यान्न के साथ 3 किलोग्राम चीनी भी 18 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से उपलब्ध कराई जा रही है। वितरण ई-पॉस मशीन से कनेक्ट ई-वेइंग मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के जरिए किया जा रहा है। अब खाद्यायुक्त द्वारा 27 मार्च को जारी निर्देशों के क्रम में वितरण की अंतिम तिथि को 28 मार्च से बढ़ाकर 31 मार्च कर दिया गया है।

# हिण्डालको रेणुकूट में मनाया गया रामनवमी व संस्थापक दिवस



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र/ रेणुकूट।** प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी भगवान श्रीराम का जन्मदिवस- रामनवमी तथा हिण्डाल्को के संस्थापक स्व. बाबू घनश्यामदास जी बिड़ला का जन्मदिन पूरे हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव से मनाया गया। हिण्डालको मनोरंजनालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि हिण्डाल्को के सी.ओ.ओ समीर नायक, विशिष्ट अतिथि स्मेल्टर हेड जयेश पवार व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं तथा मान्यता प्राप्त यूनियन के पदाधिकारियों के साथ दीप प्रज्जवलित कर एवं प्रभु श्री राम तथा स्व घनश्यामदास जी बिड़ला के चित्रों पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में गीतकार सुचेता भट्टाचार्या एवं उनकी टीम ने भजन को अपने सुमधुर स्वर में गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया। कार्यक्रम के अन्त में समस्त वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों एवं यूनियन के पदाधिकारियों ने भगवान श्री राम तथा स्व. घनश्यामदास जी बिड़ला के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिकारी राजेश कपूर, डॉक्टर अजय गुगलानी, कर्नल (से.नि.) रोहित शर्मा, तापस चौधरी, सुनील कांत पांडेय, यशवंत कुमार, राजेश तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समाधान दिवस में नहीं पहुंचे फरियादी, अधिकारियों ने दिए निर्देश

**मौदहा (अवधनामा ब्यूरो)।** थाना बिवांर परिसर में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में एक भी फरियादी नहीं पहुंचा, जिससे पूरे कार्यक्रम के दौरान सन्नाटा पसरा रहा। समाधान दिवस का आयोजन सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया गया था।

कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह एवं क्षेत्राधिकारी राजकुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। दोनों अधिकारी करीब एक घंटे तक फरियादियों के आने की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन कोई भी शिकायतकर्ता मौके पर नहीं पहुंचा।

फरियादियों की अनुपस्थिति के बाद अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लेखपालों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। इसके बाद दोनों अधिकारी वापस लौट गए।

## संक्षिप्त समाचार

### नीलांबर पीतांबर शहादत दिवस मनाया गया



**सोनभद्र (अवधनामा ब्यूरो)।** भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल व सदर विधायक भूपेश चौबे द्वारा राबर्ट्सगंज नगर के चाचा नेहरु पार्क में शहीद स्थल पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गयी। आज ही के दिन सन 1859 में अंग्रेजों ने बिना कोई कानूनी कार्रवाई किए उन्हें फांसी दे दी थी इसी आधार पर पूरे देश में 28 मार्च को नीलांबर पीतांबर दोनों भाईयों का बलिदान दिवस मनाया जाता है। भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल जी ने वीर शहीद नीलांबर पीतांबर को नमन किया उन्होंने कहा कि अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ विद्रोह करने वाले देश की माटी के वीर सपूत अमर शहीद नीलांबर पीतांबर जी के शहादत दिवस पर शत शत नमन। इस मौके पर भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष दयाशंकर पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष शंम्भू नारायण सिंह, बृजेश श्रीवास्तव, महेश्वर चन्द्रवंशी, जिला महामंत्री अशोक कुमार मौर्या, जिला मंत्री प्रसन्न पटेल, मनोज सोनकर, अनूप तिवारी, जिला मिडिया प्रभारी रजनीश रघुवंशी, सह मिडिया प्रभारी अमन मौर्या, बलराम सोनी, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा सिंह, ओमप्रकाश यादव सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नाला सफाई न होने से बीमारी का खतरा बढ़ा

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा ब्यूरो)।** कस्बे के वार्ड संख्या 18 में लंबे समय से नाले की सफाई न होने के कारण गंदगी का अंबार लग गया है। नाला पूरी तरह बजबजा रहा है, जिससे क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ गया है और संक्रामक बीमारियों का खतरा पैदा हो गया है। स्थानीय निवासी सागर प्रजापति, अनूप राज और राजेश कुमार ने बताया कि वार्ड के बीच से गुजरने वाले बड़े नाले की काफी समय से सफाई नहीं हुई है। इससे दुर्गंध और गंदगी के कारण लोगों का रहना दूभर हो गया है। वार्ड के सभासद पवन साहू ने बताया कि पिछले वर्ष जून माह में नाले की सफाई कराई गई थी। नगर पंचायत को पुनः सफाई के लिए अवगत कराया गया है और जल्द ही सफाई कार्य शुरू कराया जाएगा।

### सरस्वती शिशु विद्यामंदिर में प्रवेश परीक्षा सम्पन्न

**मौदहा (अवधनामा ब्यूरो)।** नगर स्थित सरस्वती शिशु विद्यामंदिर इंटर कॉलेज में नवीन सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए 30 तथा कक्षा 9 के लिए 108 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। परीक्षा का संचालन विद्यालय के परीक्षा प्रभारी अमित सिंह चौहान के निर्देशन में संपन्न हुआ। विद्यालय के प्रधानाचार्य भारत सिंह ने बताया कि 31 मार्च को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रवेश परीक्षा में सफल छात्रों का प्रवेश 1 अप्रैल से प्रारंभ होगा। 1 अप्रैल को हवन-पूजन के बाद 2 अप्रैल से नियमित कक्षाएं शुरू कर दी जाएंगी।

### हाईटेंशन लाइन की चिंगारी से आठ बीघा फसल जली

**भरुआ सुमेरपुर (अवधनामा ब्यूरो)।** क्षेत्र के ग्राम विदोखर पुरई में हाईटेंशन लाइन से निकली चिंगारी के कारण गेहूं और अरहर की करीब आठ बीघा फसल जलकर राख हो गई। घटना से किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जानकारी के अनुसार, किसान कृष्ण कुमार शर्मा के खेत में हार्वेस्टर से गेहूं की कटाई की जा रही थी। खेत के पास से गुजर रही हाईटेंशन लाइन के खंभे से हार्वेस्टर टकरा गया, जिससे स्पार्किंग हुई और आग की चिंगारी फसल में गिर गई। इस आग में कृष्ण कुमार शर्मा की तीन बीघा गेहूं तथा हनुमान प्रजापति की पांच बीघा अरहर की फसल जलकर नष्ट हो गई। खेतों में मौजूद किसानों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना के बाद हार्वेस्टर चालक मौके से फरार हो गया। किसानों ने प्रशासन से नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

# केन्द्रीय मंत्री ने किया 100 कार्यों शिलान्यास

## चार करोड़ है इसकी लागत, मिलेगी विकास को नई गति

अवधनामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** हरदीप सिंह पुरी, सांसद राज्यसभा/केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री, भारत सरकार द्वारा जनपद सोनभद्र में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना की निधि से संस्तुत/स्वीकृत 100 विकास कार्यों का 3 करोड़ 94 लाख 40 हजार का वर्चुअल माध्यम से शिलान्यास कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुआ। मंत्री ने अपने संदेश में कहा कि जनपद सोनभद्र से उनका गहरा रिश्ता है तथा यह जनपद उन्हें अपने घर जैसा प्रतीत होता है, उन्होंने कहा कि आज का दिन उनके लिए अत्यन्त प्रसन्नता का है तथा जनपद सोनभद्र के विकास की दृष्टि से अत्यन्त महत्वपूर्ण दिन है। मंत्री ने बताया कि आज शिलान्यास किये गये 64 कार्यों से जनपद के विकास को नई गति मिलेगी तथा जनपदवासियों के जीवन को अधिक सुखद एवं सुविधाजनक बनाने में योगदान प्राप्त होगा। मंत्री ने कहा कि जनपद सोनभद्र आकांक्षी जनपद होने के बावजूद भी प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के संकल्प को साकार करने में निरंतर योगदान दे रहा है। उन्होंने अधिकारियों एवं जनता के सहयोग से नीति आयोग की रैंकिंग में जनपद के प्रदर्शन की सराहना भी की। इस अवसर पर श्री बद्रीनाथ सिंह, जिलाधिकारी सोनभद्र द्वारा अवगत कराया गया कि मंत्री द्वारा सांसद निधि के अंतर्गत कुल 100 विकास परियोजनाएं स्वीकृत करायी गई हैं, जिनमें प्रमुख रूप से 31 सार्वजनिक सोलर पेयजल संयंत्र, 34 सोलर हाईमास्ट लाइट, 20 विद्युत हाईमास्ट लाइट, 06 विद्युतीकरण कार्य, 02 इंटरलॉकिंग कार्य, 02 सड़क/पुलिया, 04 विद्यालयों में भवन निर्माण तथा 01 ओपन जिम शामिल हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि इन सभी कार्यों के पूर्ण होने से जनपद के विकास को नई दिशा मिलेगी तथा आमजन को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी जनपद को उनके मार्गदर्शन एवं सहयोग से निरंतर लाभ मिलता रहेगा। कार्यक्रम में नन्दलाल गुप्ता जिलाध्यक्ष भाजपा ने कहा कि मंत्री ने जनपद सोनभद्र को गोद लेकर जनपद के विकास हेतु एक नई रूप रेखा तय की है जिसके माध्यम से गांवों को सार्वजनिक पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी।

# स्वच्छता पखवाड़ा चला स्वच्छता अभियान

**सोनभद्र/चोपन।** स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 28 मार्च को वन विभाग एवं पंचायती राज विभाग के संयुक्त सहयोग से ग्राम पंचायत गोठनी स्थित सोमनाथ मंदिर घाट, सोन नदी तट पर स्वच्छता शपथ एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला परियोजना अधिकारी महेन्द्र गौतम द्वारा उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं आमजन को नदियों को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नदी किनारे घाट क्षेत्र में व्यापक स्वच्छता ड्राइव चलाकर साफ-सफाई की गई तथा वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय चोपन में विद्यार्थियों के बीच चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

# सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** विद्यालयी शिक्षकों को नई शिक्षा नीति एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों का ज्ञान कराने को लेकर सेवन हिल्स इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय टीचर ट्रेनिंग वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। कार्यशाला के प्रथम दिवस गाजियाबाद से आई सीबीएसई सर्टिफाइड ट्रेनर रिचा सूद ने विद्यालय के समस्त शिक्षक स्टाफ को नेशनल एजूकेशन पॉलिसी नेशनल कैरीकुलम फ्रेमवर्क के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में समाज तेजी से बदल रहा है, इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में भी पठन-पाठन के तरीकों में बदलाव आना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने रटने की परंपरागत शिक्षा पद्धति को छोड़कर लर्निंग बाय डूइंग को अपनाने पर विशेष बल दिया। कार्यशाला के द्वितीय एवं तृतीय दिवस, 27 व 28 मार्च को रिसर्च एंड कंटेंट डेवलपमेंट की हेड एग्नेस जोसेफ और कैरी कुलम डेवलपर जैस्मीन कौर ने शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के प्रति रुचि उत्पन्न करने के लिए प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों का उपयोग करना चाहिए, जिससे छात्र विषयवस्तु को बेहतर ढंग से समझ सकें और उनके कॉन्सेप्ट स्पष्ट हो सकें।

# हिन्दी एक सहज, सरल एवं सुग्राह्य भाषा है : संजय

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ बीजपुर।** हिन्दी एक सहज, सरल और सुग्राह्य भाषा है, हमें इसे अपने दैनिक कार्यालयीन कार्यों में प्रयोग करना चाहिए। उक्त उद्गार एनटीपीसी रिहंद राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में समिति अध्यक्ष संजय असाटी ने व्यक्त किए। भारत सरकार, गृह, मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार राजभाषा कार्यान्वयन समिति की प्रत्येक तिमाही में बैठक अपेक्षित है। उसी अनुक्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए एनटीपीसी रिहंद विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की चौथी बैठक समिति अध्यक्ष संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख (रिहंद) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

इसके पूर्व मानव संसाधन प्रमुख राजेश बोयपाई ने संजय असाटी, मुख्य महाप्रबंधक को पुस्तक देकर उनका



स्वागत किया। बैठक के लिए निर्धारित कार्यसूची के मदों पर क्रमवार गहन विचार-विमर्श किया गया तथा हिन्दी प्रचार-प्रसार की दिशा में आवश्यक कदम उठाने पर ज़ोर दिया गया। बैठक में हिन्दी पत्राचार, समिति सदस्यों द्वारा हिन्दी में कार्य करना, विभागों में राजभाषा समन्वयकों को नामित करना तथा अन्य मदों पर चर्चा हुई। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में समिति अध्यक्ष संजय असाटी ने कहा कि विभागीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष के रूप में यह मेरी पहली बैठक है। जैसा कि हम सभी जानते हैं कि देश के स्वतंत्र होने के बाद हिन्दी को राजभाषा का दर्जा दिया गया था।

# पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर ने किया जनपद का भ्रमण व निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र,कानपुर हरीश चन्दर का शुक्रवार को जनपद में वार्षिक निरीक्षण एवं अपराध एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा के लिए आगमन हुआ।रिजर्व पुलिस लाइन स्थित अतिथि गृह पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव एवं अन्य अधिकारियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर महोदय का स्वागत किया गया, तत्पश्चात गार्द द्वारा सलामी दी गयी।

इस अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा मुख्यालय लखनऊ(यूपी-112) द्वारा संचालित द्वितीय चरण के अंतर्गत प्राप्त 09 चार पहिया पीआरवी वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर कर्तव्य पथ हेतु रवाना किया गया। उन्होंने पुलिस लाइन स्थित जीर्णोद्धारित बाल वाटिका का उद्घाटन एवं महिला थाना/मिशन शक्ति केन्द्र



का निरीक्षण किया गया।इसके उपरांत महोदय द्वारा पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं आंकिक शाखा, प्रधान लिपिक शाखा,आईजीआरएस कार्यालय,डब्ल्यूसीएसओ कार्यालय,बड़ी पेशी,जनशिकायत प्रकोष्ठ आदि का निरीक्षण किया गया। इसके उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन पहुंचकर पुलिस लाइन/पुलिस मॉडर्न स्कूल का निरीक्षण किया गया तथा जनपद में संचालित रिक्रूट प्रशिक्षण,मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर थानों के कार्यों की समीक्षा की। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में समस्त अधिकारी/कर्मचारीगणों के साथ गोष्ठी आयोजित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।गोष्ठी के दौरान उन्होंने मिशन शक्ति अभियान फेज-5(द्वितीय चरण) के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित किये जाने पर विशेष बल देते हुए महिला सम्बन्धी अपराधों में त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्यवाही, पीड़िताओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार तथा शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया।

# मेधावी छात्रों ने कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि बांदा का किया भ्रमण

**हमीरपुर।** जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के 100 मेधावी छात्रों को कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय बांदा का शैक्षिक भ्रमण कराया गया। कलेक्ट्रेट गेट से 50 छात्रों को लेकर जा रही बस को मुख्य विकास अधिकारी अरुण कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार गुप्ता एवं वरिष्ठ शिक्षक बाबूराम कनौजिया मौजूद रहे। वहीं दूसरी बस 50 छात्रों को लेकर राठ के रामलीला मैदान से रवाना हुई। विश्वविद्यालय में छात्रों को वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र में वैज्ञानिक डा. चंचल सिंह ने वर्मी कंपोस्ट और फसल सुरक्षा की जानकारी दी। मृदा वैज्ञानिक डा. देव कुमार ने मृदा परीक्षण की प्रक्रिया समझाई, जबकि फूड साइंस विशेषज्ञ डा. विजेंद्र सिंह ने खाद्य प्रसंस्करण से जुड़ी तकनीकी जानकारी दी।

# एसएमजीआई की फार्मेसी परीक्षा में तनुज बने टॉपर



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सर मदनलाल ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशन्स में अध्ययनरत् बी.फार्म प्रथम सेमेस्टर के छात्रों ने एक पुनः शानदार परिणाम से अपनी श्रेष्ठता साबित की है।संस्था के डायरेक्टर डा. उमा शंकर शर्मा ने बताया कि एकेटीयू लखनऊ द्वारा घोषित बी फार्म प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है।

बी फार्म प्रथम सेमेस्टर में तनुज तिवारी ने 84.14 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम,नव्या गुप्ता ने 80.41 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय, सौम्या ने 78.48 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय, रिया सक्सेना ने 77.93 प्रतिशत अंकों के साथ चतुर्थ,अनमोल तिवारी एवं विशाल बाबू ने 77.60 प्रतिशत अंकों के साथ स्थान पंचम्,रुद्र प्रताप सिंह ने 77.38 प्रतिशत अंकों के साथ षष्ठम् एवं यशिका यादव ने 76.97 प्रतिशत अंकों के साथ सप्तम् स्थान प्राप्त किया।सर मदनलाल ग्रुप के चेयरमैन डा.विवेक यादव ने संस्था के इस शानदार परिणाम के लिए डायरेक्टर डा उमाशंकर शर्मा व समस्त स्टाफ को बधाई देकर सभी छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

अवधनामा संवाददाता



■ जलशक्ति मंत्री ने लखनऊ के भागीदारी भवन में 'युवा संसद' का किया शुभारंभ

लखनऊ। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज यहां गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में आयोजित 'युवा संसद-2026' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। यूसीसी (समान नागरिक संहिता) एवं विकसित भारत' विषय पर केंद्रित इस आयोजन में उन्होंने प्रदेश भर से आए युवाओं को संबोधित करते हुए राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी और नीतिगत समझ के महत्व पर बल दिया।

जलशक्ति मंत्री ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'विकसित भारत - 2047' के विजन को साकार करने में युवा पीढ़ी की शक्ति और सोच सबसे बड़ा आधार है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं है, बल्कि ये समान अवसर, न्यायपूर्ण व्यवस्था और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सामाजिक समरसता और कानूनी एकरूपता एक सशक्त राष्ट्र की नींव होती है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझें और नेतृत्व कौशल विकसित कर राष्ट्रीय नीतियों में अपना योगदान दें।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को देश के ज्वलंत नीतिगत मुद्दों से जोड़ना और 2047 तक भारत को विकसित बनाने के लक्ष्य के प्रति जागरूक करना। यह 'युवा संसद' युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान करती है जहाँ वे विधायी कामकाज, सार्वजनिक बहस और नेतृत्व की बारीकियों को सीख सकें। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक अपने विचार रखे और राष्ट्र के भविष्य से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की।

# अगले तीन दिन में कई बार करवट लेगा यूपी का मौसम

अवधनामा संवाददाता

■ एक अप्रैल तक बारिश जारी रहने की संभावना

लखनऊ। मौसम का मिजाज हर दिन करवट बदल रहा है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव की वजह से एक बार फिर से 29 मार्च से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना बढ़ गई है। मौसम विभाग के अनुसार, बारिश का यह दौर एक अप्रैल तक जारी रहने की संभावना जताई जा रही है जो 30 और 31 मार्च को प्रदेश के अन्य हिस्सों में भी अपना प्रभाव डालेगा।

मौसम विभाग के अनुसार, 29 मार्च को 3 से 5 डिग्री तक तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है और देर शाम या रात को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में बारिश हो सकती है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश का यह क्रम 30 व 31 मार्च को तीव्र हो सकता है और लखनऊ समेत बाकी हिस्सों में भी प्रभाव डाल सकता है। इस वजह से कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हो सकती है। बारिश की वजह से 31 मार्च तक तापमान में 3 से 5 डिग्री की ही गिरावट के बाद फिर से अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की क्रमिक बढ़ोतरी हो सकती है। रविवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, 30 मार्च को हवा के झोंकों की रफ्तार बढ़कर 60 किलोमीटर प्रति घंटा तक होने के भी आसार जताए जा रहे हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश में 29 मार्च को कोई खास परिवर्तन नहीं होगा लेकिन 30 मार्च को संभाग में कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ झोंकेदार हवा 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने के आसार हैं। शनिवार को झांसी में अधिकतम तापमान सबसे अधिक 38.6 डिग्री दर्ज किया गया।

# खेलकूद प्रतियोगिता छात्रों ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

अवधनामा संवाददाता




■ विजेताओं को किया गया सम्मानित

लखनऊ। यूनिटी पी.जी. कॉलेज, जस्टिस मुर्तजा हुसैन रोड, सेक्टर बी, बसंत कुंज में 28 मार्च को वार्षिक खेलकूद समारोह का आयोजन बड़े उत्साह और जोश के साथ किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और पूरे परिसर में ऊर्जा एवं प्रतिस्पर्धा का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न इनडोर एवं आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनका उद्देश्य छात्रों में खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का विकास करना था।

**प्रतियोगिताओं के परिणाम इस प्रकार रहे-**

बैडमिंटनः लड़कों में नबी हैदर (लॉ) विजेता तथा वाशिद (बी.कॉम) उपविजेता रहे।

लड़कियों में अंशिका (लॉ) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मशियत रिजवी (एम.कॉम) उपविजेता रहीं।

कैरमः लड़कों में आसिफ खान (बीए एलएलबी इंटीग्रेटेड - 5 वर्ष) विजेता और नबी उपविजेता रहे।

लड़कियों में ततहीर (बी.बी.ए) विजेता तथा आरोही (बीए एलएलबी इंटीग्रेटेड - 5 वर्ष) उपविजेता रहीं।

टेबल टेनिसः लड़कों में वाशिद अब्बास (बी.कॉम) विजेता और आसिफ (एलएलबी) उपविजेता रहे।

लड़कियों में आरोही शंकर विजेता एवं अस्निता त्रिपाठी (बीए एलएलबी इंटीग्रेटेड - 5 वर्ष) उपविजेता रहीं।

शतरंजः लड़कों में आबिद अली और लड़कियों में तंजील ने प्रथम स्थान हासिल किया।

रस्साकशीः लड़कों में मैनेजमेंट विभाग की टीम विजेता रही, जबकि लड़कियों में लॉ विभाग ने बाजी मारी।

इस कार्यक्रम का सफल संचालन स्पोर्ट्स क्लब इंचार्ज श्री मोहम्मद ताहा एवं कार्यक्रम संयोजक सुश्री रोली सिन्हा के मार्गदर्शन में किया गया। समारोह के अंत में विजेताओं को सम्मानित किया गया। पूरे आयोजन ने छात्रों के बीच एकता, सहयोग, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और समग्र विकास की भावना को सुदृढ़ किया।

# 'बेटी के लिए रिश्ता तलाशने के लिए नहीं दे सकते पैरोल'

अवधनामा संवाददाता

■ जेल में बंद पूर्व मंत्री की याचिका खारिज

लखनऊ। हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने एक अहम फैसले में स्पष्ट किया कि किसी दोषी कैदी को केवल अपने बच्चों की शादी तय करने या उसके लिए प्रयास करने के आधार पर पैरोल नहीं दी जा सकती। अदालत ने यह भी कहा कि जिन कैदियों के खिलाफ अन्य आपराधिक मामले लंबित हैं, वे कानूनन पैरोल के हकदार नहीं हैं। इस टिप्पणी के साथ कोर्ट ने हत्या मामले में उम्रकैद की सजा भुगत रहे पूर्व विधायक अंगद यादव की पैरोल की मांग वाली याचिका खारिज कर दी।

न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की खंडपीठ ने यह फैसला पूर्व विधायक अंगद यादव की याचिका पर दिया। याची ने राज्य सरकार के उन आदेशों को चुनौती दी थी, जिनमें उसे पैरोल पर रिहा करने से इन्कार किया गया था।अंगद यादव, 1995 के एक हत्या मामले में लखनऊ के अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से सुनाई गई उम्रकैद की सजा काट रहे हैं। सजा के फैसले के खिलाफ उनकी अपीलें पहले ही हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज की जा चुकी हैं।

याचिकाकर्ता ने राज्य सरकार के समक्ष दो बार पैरोल की मांग की थी। पहली बार उन्होंने स्वास्थ्य और मानवीय आधार पर रिहाई की मांग की, जिसे यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि नियमों में कैदी के व्यक्तिगत इलाज के लिए पैरोल का प्रावधान नहीं है। दूसरी बार, उन्होंने 60 दिन की पैरोल मांगी, ताकि वे अपने बेटे और बेटी की शादी तय कर सकें और खेती-बाड़ी का काम देख सकें। सरकार ने यह कहते हुए यह मांग भी ठुकरा दी कि शादी की कोई तारीख तय नहीं है।

# पीएनजी सेवाओं के विस्तार में उप्र की सक्रिय भागीदारी

## पीएनजी सेवाओं के विस्तार एवं शहरी आवश्यक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर केंद्र राज्य समन्वय बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता



■ एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को सरल एवं तेज बनाया जाए

लखनऊ। भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विज्ञान भवन, नई दिल्ली में आयोजित 'पीएनजी सेवाओं के विस्तार एवं आवश्यक सेवाओं के सुदृढ़ीकरण' विषयक उच्च स्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सहभागिता की।

यह महत्वपूर्ण बैठक समूह मंत्रियों के 25 मार्च 2026 के निर्णय के क्रम में आयोजित की गई, जिसमें केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी (आवास एवं शहरी कार्य एवं पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस), मनोहर लाल खट्टर (आवास एवं शहरी विकास) तथा प्रह्लाद जोशी (उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण) सहित विभिन्न राज्यों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी एवं नगर निकायों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) नेटवर्क के विस्तार, पीएनजी कनेक्शन वितरण में तेजी तथा शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ एवं सुरक्षित ऊर्जा उपलब्ध कराने पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर मंत्री ए.के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश में चल रही प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश के विभिन्न नगरीय निकायों में एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) से संबंधित कुछ प्रकरण लंबित हैं, जिनमें बहराइच, वाराणसी, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, सिद्धार्थनगर एवं महाराजगंज प्रमुख हैं। श्री शर्मा ने कहा कि इन लंबित मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु वे स्वयं विशेष ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थानीय निकायों के निदेशक को निर्देशित किया जाएगा कि एनओसी जारी करने की प्रक्रिया को सरल एवं तेज बनाया जाए, जिससे किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो और कार्य समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शहरी क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा सीजीडी परियोजनाओं को गति देने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री ए.के. शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को आश्वस्त किया कि इस पूरे विषय पर वे व्यक्तिगत रूप से निगरानी रखेंगे और शीघ्र एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करेंगे, जिससे आमजन को सुलभ, सुरक्षित एवं स्वच्छ ऊर्जा सेवाएं उपलब्ध हो सके। बैठक में केंद्र एवं राज्य सरकारों के बीच समन्वय को और मजबूत करते हुए शहरी विकास को नई गति देने पर भी विशेष बल दिया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश सहित हरियाणा, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उड़ीसा, राजस्थान, तेलंगाना एवं दिल्ली की सक्रिय भागीदारी रही जबकि अन्य राज्यों ने वर्चुअल माध्यम से सहभागिता की।

# चिनहट में चोरी की बिजली से चल रहा था वाटर प्लांट

अवधनामा संवाददाता

■ 25 लाख का होगा जुर्माना



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के चिनहट में शनिवार शाम को एक वाटर प्लांट को चोरी की बिजली से चलाते हुए पकड़ा गया। प्लांट के संचालक ने स्मार्ट मीटर से पहले तार को काटकर मीटर को बाईपास कर लिया था। मामले में करीब 25 लाख रुपये जुर्माना निर्धारित होने का अनुमान है। जानकारी में आने पर प्लांट की बिजली काटकर थाने में एफआईआर दर्ज करवाई गई है।

गोमतीनगर के जोनल मुख्य अभियंता सुशील गर्ग ने बताया कि चिनहट स्थित आनंदी वाटर पार्क के पीछे मौजूद गुरु का पुरवा में अजय ब्रवेरेज नाम से 49 केवीए के वाटर प्लांट के लिए एलटी पर कनेक्शन लिया गया था। अधिशासी अभियंता पवन वर्मा व एपी सिंह की टीम ने जांच के दौरान पाया कि स्मार्ट मीटर से पहले लगने वाले करंट टर्मिनल के तारों को काट कर सीधे बिजली चोरी की जा रही थी। यह वाटर प्लांट गुरु का पुरवा निवासी अजय सिंह का है जिसको कार्तिक कुमार ने किराए पर लिया था। हालांकि, जांच में स्मार्ट मीटर तो बंद मिला,जिसके कारण विद्युत लोड की खपत का अनुमान नहीं हो सका। इस संबंध में कनेक्शन मालिक को नोटिस जारी किया गया है। सबसे बड़ा सवाल है कि एमआरआई बेस बिलिंग के बाद भी कैसे बिजली चोरी की जा रही थी। इस प्रकरण की भी जांच कराई जाएगी।

# नवाचार से युवाओं को स्वरोजगार के लिए मिलेगा प्रोत्साहन : कुलपति

अवधनामा संवाददाता



■ 'प्रभाव के लिए विचार : इनोवेशन हैकाथॉन' इनोवेशन हैकाथॉन सफलतापूर्वक सम्पन्न

लखनऊ। अवध इन्क्यूबेशन फाउंडेशन एवं मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में 'प्रभाव के लिए विचार 2026: इनोवेशन हैकाथॉन' का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर स्थित अटल हॉल में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम में लगभग 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो 5 शहरों के 14 शैक्षणिक संस्थानों से संबंधित थे। प्रतिभागियों द्वारा अपने अभिनव विचारों, स्टार्ट-अप मॉडल्स एवं तकनीकी प्रोटोटाइप्स का प्रभावशाली प्रदर्शन किया गया। हैकाथॉन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं उभरती प्रौद्योगिकियों के माध्यम से सशक्त बनाना तथा स्टार्ट-अप एवं नवाचार संस्कृति को प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम के दौरान इंडस्ट्री 4.0, फिनटेक, ग्रीन एंटरप्राइजेज एवं स्किल डेवलपमेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने समाधान प्रस्तुत किए, जिनका विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया गया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं तथा उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान देने हेतु प्रेरित करते हैं। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि इस प्रकार के नवाचार-आधारित कार्यक्रम सरकार की युवाओं को स्वरोजगार हेतु प्रोत्साहित करने की अवधारणा को सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होंगे। कार्यक्रम में प्रोफेसर सैयद हैदर अली (उपाध्यक्ष, एआईएफ) एवं डॉ. दुआ नक़वी (मुख्य संचालन अधिकारी, एआईएफ) सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ पदाधिकारी, शिक्षाविद एवं उद्योग विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# विद्युत उपभोक्ताओं को लगेगा झटका, लगेगा अधिभार शुल्क

अवधनामा संवाददाता

■ 142 करोड़ उपभोक्ताओं पर आएगा भार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष एवं राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने जानकारी दी कि मार्च 2026 माह मे ईंधन अधिभार शुल्क के मामले में प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली थी। मार्च में ईंधन अधिभार में 2.42% की कमी की गई थे, जिससे उपभोक्ताओं को लगभग 141 करोड़ रुपये का लाभ मिले रहा।

उपभोक्ता परिषद ने कहा लेकिन अब एक बार फिर चिंता की बात है की , अप्रैल 2026 में बिजली दरों में फिर से बढ़ोतरी होगी। इसका कारण है जनवरी 2026 के लिए लागू ईंधन अधिभार शुल्क का जो आदेश पावर कॉरपोरेशन द्वारा जारी किया गया है उसके अनुसार अप्रैल 2026 के बिल में ईंधन अधिभार शुल्क की दर 2.14% है, जिसका अर्थ है कि अप्रैल में उपभोक्ताओं पर लगभग 142 करोड़ रुपये का अतिरिक्त भार पड़ेगा। अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि फरवरी माह में उपभोक्ताओं से की गई अधिक वसूली और पुराने औसत बिलिंग दर से हुई वसूली के मामले में परिषद की लड़ाई जारी रहेगी। परिषद का उद्देश्य प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा करना और किसी भी प्रकार की अनुचित वसूली को रोकना है। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली कंपनियों पर 51000 करोड़ से ज्यादा का सरप्लस है ऐसे में जो ईंधन अधिभार शुल्क हर महीने वसूला जा रहा है वह पूरी तरह गलत है विद्युत नियामक आयोग से यह भी मांग उठाई जा रही है कि पावर कारपोरेशन का जो फार्मूला है उसे चेंज किया जाए उसके आधार पर वह केवल हर महीने इस मद में बढ़ाने की बात करते हैं कभी कभार जब ज्यादा हल्ला मचता है तो उपभोक्ताओं का भी फायदा थोड़ा बहुत कर देते हैं।

# श्रुति हासन और मुरली शर्मा बने अधिरा एंड अप्पा के नए ब्रांड एंबेसडर

अवधनामा संवाददाता



लखनऊ। अधिरा एंड अप्पा कॉफ़ी, संधारणीयता और विश्वसनीयता के बुनियाद पर खड़ी तथा ईबीजी ग्रुप का हिस्सा, ने प्रशंसित अभिनेताओं श्रुति हासन और मुरली शर्मा को अपना ब्रांड एंबेसडर घोषित किया है। यह ग्रुप अब क्यूएसआर (फ़ास्ट फूड भोजनालय) और पेय पदार्थ उद्योग की बदलती आवश्यकताओं के अनुरूप राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार करने की योजना बना रहा है, लेकिन संधारणीयता और परंपरा के साथ जुड़े रह कर। यह भारत के शहरों में दक्षिण भारत के असली फिल्टर कॉफ़ी का ज़ायका पहुँचाने का लक्ष्य रखता है।

एक मजबूत शुरुआत के साथ, ब्रांड 2027 तक भारत के प्रमुख महानगरों और टियर-2 शहरों में 400 आउटलेट्स खोलने की योजना बना रहा है। आज कोच्चि, नागपुर, हैदराबाद, पुणे, देहरादून, इंदौर, चंडीगढ़, नासिक और बेंगलुरु में ये कैफे चल रहा है, और जल्द ही मुंबई, लखनऊ, प्रयागराज, रायपुर, बेंगलुरु, पुणे, लुधियाना और भारत के अन्य स्थानों में भी इसका शुभारम्भ होने वाला है। श्रुति हासन और मुरली शर्मा के सहयोग से अधिरा एंड अप्पा एक ऐसा कैफे ब्रांड बन सकेगा जहाँ परंपरा और आधुनिकता साथ चलते हों। श्रुति हासन शहरों के युवा ग्राहकों के साथ सहजता से जुड़ पाती हैं और आज के दौर में ब्रांड की लोकप्रियता को बढ़ाती हैं, जबकि मुरली शर्मा विश्वसनीयता और जुड़ाव का भाव लाते हैं जो परंपरा प्रेमियों को पसंद आता है। दोनों का साथ ब्रांड के विज़न का प्रतिबिंब है, जिससे विरासत को उपभोक्ता की बदलती प्राथमिकताओं के साथ जोड़कर इसे पूरे देश में बढ़ाने और व्यापक दर्शकों तक पहुँचाने में मदद मिलती है। इस साझेदारी के बारे में बात करते हुए, बहुमुखी दक्षिण भारतीय अभिनेता मुरली शर्मा ने कहा, 'मैं अधिरा एंड अप्पा ब्रांड के साथ जुड़कर बेहद खुश हूँ, यहाँ हमारी कॉफ़ी की विरासत का सम्मान और संधारणीयता के साथ तालमेल देखने को मिलता है। हर कप में परंपरा और नवाचार के संगम का स्वाद है। इसमें कोई संदेह नहीं कि दक्षिण भारत की असली फिल्टर कॉफ़ी का स्वाद चखने के इच्छुक लोग देश भर में इस कैफे का स्वागत करेंगे।'

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर

अवधनामा संवाददाता

■ ट्रक चालक मौके से फरार

काकोरी लखनऊ। राजधानी लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र में शनिवार को एक सड़क हादसे ने लोगों को झकझोर कर रख दिया। चकौली से अमौसी आउटर रिंग रोड पर हुए इस हादसे में बाइक सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना डायल 112 के माध्यम से पुलिस को मिली, जिसके बाद तत्काल पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि बाइक सवार अरुण लोधी (27 वर्ष), रोहन लोधी (25 वर्ष) और विशाल लोधी (26 वर्ष) सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े थे। तीनों युवक काकोरी थाना क्षेत्र के ग्राम चकौली के निवासी बताए जा रहे हैं और रोज की तरह शनिवार को अपने कार्यस्थल सिटी मॉल खटोला, लखनऊ ड्यूटी के लिए जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तीनों युवक अपनी बाइक से जा रहे थे तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे एक ट्रक ने अचानक उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से भागने की कोशिश करता दिखा, हालांकि इस संबंध में पुलिस जांच कर रही है।

घटना के तुरंत बाद आसपास मौजूद स्थानीय लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए बिना समय गंवाए एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को संभालने में मदद की। कुछ ही देर में एंबुलेंस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को इलाज के लिए के. एस. मिश्रा अस्पताल भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। डॉक्टरों के अनुसार, घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है, हालांकि सभी को आवश्यक चिकित्सा सुविधा दी जा रही है।

# डिवाइन एजूकेशन से बच्चे बनते हैं संस्कारवानः प्रो. शैलेन्द्र

## सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजूकेशन कान्फ्रेन्स' का आयोजन

अवधनामा संवाददाता






■ शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है : डा. भारती

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेंस' का भव्य आयोजन आज सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे प्रो. (डा.) शैलेन्द्र कुमार सक्सेना, वाइस-डीन एवं प्रोफेसर, किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रो. सक्सेना ने कहा कि डिवाइन एजूकेशन से बच्चे संस्कारवान बनते हैं। जीवन के महत्वपूर्ण सबक किताबों में नहीं अपितु किताबों के बाहर मिलते हैं। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आगे चलकर आप चाहे किसी भी प्रोफेशन में है परन्तु यह जरूर सोचें कि अपने समाज व देश के लिए क्या कुछ कर सकते हैं। इस अवसर पर सक्सेना ने माताओं का आह्वान किया कि पूर्णतया स्कूल पर निर्भर रहने से बेहतर है कि आप स्वयं अपनी ताकत पहचानें और अपने बच्चों को भी उनकी खूबियों व उनकी ताकत से रूबरू करायें। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिक डा. भारती गाँधी ने कहा कि शिक्षा ही मनुष्य में मानवता का संचार करती है।

सी.एम.एस. अपने छात्रों को व्यापक तथा समाजोपयोगी ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करता है, जिससे ये छात्र आगे चलकर समाजोपयोगी कार्यों में अपनी भूमिका निभा सकें। उन्होंने छात्रों की प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को उत्कृष्टता के लिए प्रेरित करता है, जिससे बच्चे शैक्षिक क्षेत्र में सफलता अर्जित करने के साथ ही नैतिक व चारित्रिक रूप से महान बनें। इससे पहले, 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' का शुभारम्भ स्कूल प्रार्थना, सर्व-धर्म प्रार्थना व विश्व एकता प्रार्थना से हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने ईश्वरीय भक्ति से परिपूर्ण अपने गीत-संगीत से ऐसा समां बाँधा कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये।छात्रों ने अभिभावकों के समक्ष न सिर्फ अपने ज्ञान-विज्ञान का अपितु गीत, संगीत व नृत्य द्वारा अपनी बहुमुखी प्रतिभा का अभूतपूर्व प्रदर्शन किया, साथ ही विद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही नैतिक, चारित्रिक व आध्यात्मिक शिक्षा का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में विद्यालय के उन मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष भर में विभिन्न राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, साँस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद प्रतियोगिताओं एवं वार्षिक परीक्षा में टॉप कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। सी.एम.एस. स्टेशन रोड कैम्पस की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपाली गौतम ने इस अवसर पर कहा कि सी.एम.एस. एक अलग तरह का स्कूल है जो बच्चों को अन्दर से मजबूत और बाहर से आकर्षक बनाता है जिससे वे भविष्य की चुनौतियों का सामना बहादुरी से कर सकें।

# रविवार को भी खुला रहेगा आरटीओ कार्यालय

लखनऊ। रविवार को सार्वजनिक अवकाश के बावजूद एआरटीओ कार्यालय खुला रहेगा। एआरटीओ (प्रशासन) प्रदीप कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए विभाग में लंबित कार्यों के निस्तारण और राजस्व वसूली को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके तहत रविवार को भी कार्यालय में कार्य किया जाएगा।

काउंटर संख्या 04 और 05 खुले रहेंगे

उन्होंने बताया कि बकाया कर जमा कराने के लिए काउंटर संख्या 04 और 05 खुले रहेंगे, जहां वाहन स्वामी अपने लंबित कर का भुगतान कर सकेंगे। इसके साथ ही विभाग में लंबित विभिन्न कार्यों का निस्तारण भी किया जाएगा। एआरटीओ प्रशासन ने वाहन स्वामियों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाते हुए अपने बकाया कर जमा कर दें और लंबित कार्यों का निस्तारण करा लें।